RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 106
लखनऊ, शनिवार, 4 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देने से दुखी
स्पोर्ट्स-12

# अडाणी मुद्दे पर दूसरे दिन भी नहीं चली संसद

## दोनों सदनों में कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित, विपक्षी सदस्यों ने जमकर किया हंगामा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** के दोनों सदनों में शुक्रवार को भी अडाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट का मुद्दा छाया रहा। हंगामे के बीच विपक्ष संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा जांच कराए जाने की मांग पर अड़ा रहा। अंततः दोनों सदनों को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। सरकार अपने रुख पर कायम रही।

संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि विपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में बाधा नहीं डालना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार हर उस मुद्दे पर विपक्ष द्वारा चर्चा

### ● संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग

कराने की मांग में बाधा डालती है जो उसे शर्मिंदा कर सकती है। वहीं भाजपा सांसद महेश जेठमलानी ने विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि एलआईसी द्वारा अडाणी ग्रुप में किया गया निवेश सरकार की ओर से किया गया था। जेठमलानी ने कहा कि सेबी और आरबीआई इस मसले को देखेंगे और उनकी रिपोर्ट आने दी जाए। संसद में नारेबाजी, हंगामे और दूसरे दिन दोनों सदनों के स्थगन से पहले कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे द्वारा बुलाई गई बैठक में विपक्षी दल शामिल हुए और इस मुद्दे पर संसद में जेपीसी जांच अथवा सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच समिति गठित करने के मसले को एक स्वर में उठाने के लिए रणनीति तय की गई। टीएमसी जो केवल सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराना चाहती है वह इस बैठक में शामिल नहीं थी।

बैठक में भाग लेने वाले विपक्षी नेताओं में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा द्रमुक राज्यसभा सदस्य तिरुची सिवा, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी, बीआरएस सांसद केशव राव, शिवसेना सांसद (उद्धव ठाकरे गुट) प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस राज्यसभा सांसद डॉ. सैयद नासिर हुसैन तथा माकपा सांसद एलामाराम करीम ने स्थगन प्रस्ताव देते हुए अडाणी ग्रुप के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों पर दोनों सदनों में चर्चा कराए जाने की मांग की। निचले सदन की दिन की कार्यवाही की शुरुआत के साथ ही विपक्ष नारेबाजी करते हुए मामले की जांच कराने की मांग करने लगा।

## प्रभावित हो सकती है अडाणी ग्रुप की वित्त जुटाने की क्षमताः मूडीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मूडीज** इन्वेस्टर्स सर्विस ने शुक्रवार को आगाह किया कि अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट की वजह से पूंजी जुटाने की समूह की क्षमता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, एक अन्य रेटिंग एजेंसी फिच ने कहा कि समूह की कंपनियों को लेकर अभी उसकी रेटिंग प्रभावित नहीं होगी। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह पर खुले तौर पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। कंपनी के इस आरोप के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है। हालांकि, अडाणी समूह ने ऐसे सभी आरोपों से इनकार किया है। लेकिन लगभग एक सप्ताह में अडाणी समूह

### ● लेकिन रेटिंग एजेंसी फिच ने कहा, अभी उसकी रेटिंग नहीं प्रभावित होगी

की सूचीबद्ध कंपनियों का मूल्य 100 अरब डॉलर से भी ज्यादा घट गया है। मूडीज ने बयान में कहा, शॉर्ट सेलर कंपनी की रिपोर्ट जारी होने के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर मूल्य में आई बड़ी और तेज गिरावट के मद्देनजर, तात्कालिक रूप से हमारा ध्यान रेटिंग में शामिल समूह की कंपनियों के पास नकदी की स्थिति समेत उनकी कुल वित्तीय मजबूती या जुझारू क्षमता का आकलन करने पर है। इसके अलावा हम यह भी देख रहे हैं कि अगले एक-दो साल में परिपक्व हो रहे ऋण के पुनर्वित्त तथा वृद्धि को समर्थन के लिए उनकी कर्ज जुटाने की क्षमता कितनी है।

# निवेशकों का भरोसा नहीं टूटेगाः सीतारमण

**पीएनएस।** मुंबई



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार कहा कि देश के बाज़ार 'अच्छी तरह विनियमित' हैं और उन्हें उद्योगपति गौतम अडाणी के व्यापारिक साम्राज्य के विवाद से निवेशकों के विश्वास को प्रभावित होने की उम्मीद नहीं है। अडाणी समूह का बाज़ार मूल्यांकन 120 अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा गिर चुका है, जो समूह के कुल मूल्य का लगभग आधा है। समूह के शेयरों में गिरावट उस वक्त शुरू हुई थी, जब अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में समूह पर कई आरोप लगाए थे।

इसमें अडाणी समूह पर अकाउंट में धोखाधड़ी और कृत्रिम रूप से शेयरों की कीमतों को बढ़ाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में इसे स्टॉक में हेरफेर, अकाउंट में धोखाधड़ी और कॉर्पोरेट इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, भारत 'अच्छीं तरह शासित' देश और 'बेहद अच्छी तरह विनियमित बाजार' बना रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों ने विस्तृत बयान जारी करके दर्शाया है कि उनका अडाणी ग्रुप में सीमित जोखिम था और शेयरों में गिरावट से वे ज्यादा प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि निवेशकों का जो विश्वास पहले था, वह अभी बना रहेगा।

## चिंता की बात नहींः वित्त सचिव

**नई दिल्ली।** वित्त सचिव टी वी सोमनाथन ने शुक्रवार को कहा कि अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट से शेयर बाजार में मची आपाधापी वृहद-आर्थिक नजरिए से चाय के प्याले में उठा तूफान भर है। चाय के प्याले में उठा तूफान एक मुहावरा है, जिसका मतलब है कि ऐसे मामले को लेकर गुस्सा और चिंता दिखाना, जो महत्वपूर्ण नहीं है।

वित्त मंत्रालय के सबसे वरिष्ठ अधिकारी सोमनाथन ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारत की सार्वजनिक वित्तीय प्रणाली काफी मजबूत है और शेयर बाजार की उठापटक सरकार की चिंता का विषय नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में जरूरी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र नियामक मौजूद हैं।

अडाणी समूह की कंपनियों पर लगे धोखाधड़ी के आरोपों का बैंकों एवं बीमा कंपनियों पर संभावित असर के बारे में पूछे जाने पर वित्त सचिव ने कहा कि जमाकर्ताओं या पॉलिसीधारकों या इन कंपनियों के किसी भी शेयरधारक के लिए वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। किसी भी एक कंपनी का शेयर ऐसा नहीं है कि वह वृहद-आर्थिक स्तर पर कोई असर डाल सक। लिहाजा उस नजरिए से चिंता की कोई बात नहीं है।

# सबको सस्ता व सुलभ न्याय मिले इसके लिए करना होगा एकजुट प्रयासः योगी

### ● इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज की धरती पर पूरा प्रदेश मां गंगा-यमुना व सरस्वती के संगम पर पवित्र स्नान कर माघ मेले में सहभागी बनकर सफलता के मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लेता है। यूपी का प्रत्येक नागरिक न्याय की अभिलाषा में प्रयागराज आता है। बार व बेंच के बेहतर समन्वय का यह कार्यक्रम अधिवक्ता कुंभ ही है।

प्रयागराज की धरती प्राचीन काल से ही प्रेरणा की रही है। यह धर्म की धरती है, यहां से अध्यात्म की प्रेरणा प्राप्त होती है। देश में शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में प्रयागराज का महत्व रहा है। 12 हजार वर्ष पहले भारत का पहला गुरुकुल भारद्वाज का गुरुकुल यहीं रहा। प्रयागराज न्याय का पवित्र मंदिर भी है।

जब कोई अपनों से पीड़ित-प्रताड़ित होता है, आस व विश्वास खो देता है तो आशा भरी निगाहों से न्याय के इस मंदिर की ओर देखता है। यहां से मिली राह जीवन की नई राह होती है। बार.बेंच का यह समन्वय इसे प्रस्तुत करने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं की फोटो का अनावरण भी किया।

सीएम ने कहा कि जब बार 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है तो यह संयोग ही है कि देश ने आजादी का अमृत महोत्सव भी पूर्ण किया है। लंबे समय तक आजादी की लड़ाई लड़ी गई। यह भारत को दासता से मुक्त करने का वृहद अभियान था। आजादी की लड़ाई में अधिवक्ता समुदाय ने न केवल भाग लिया, बल्कि देश को नेतृत्व भी दिया।

# पांच जजों की नियुक्ति को कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी जल्दः केंद्र

### ● सुप्रीम कोर्ट के नाखुशी जाहिर करने के बाद सरकार ने दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि सर्वोच्च अदालत में पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा पिछले साल दिसंबर में की गई सिफारिश को जल्दी ही मंजूरी दी जाएगी। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति ए.एस. ओका की पीठ से कहा कि इन पांच नामों की नियुक्ति का आदेश (वारंट) जल्दी ही जारी होने की संभावना है।

पीठ ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिशों को मंजूरी देने में केंद्र द्वारा देरी किए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा, यह काफी गंभीर मुद्दा है। पीठ ने कहा, हमें ऐसा कदम उठाने के लिए बाध्य नहीं करें जो बहुत असहज होगा। कॉलेजियम ने पिछले साल 13 दिसंबर को सर्वोच्च अदालत में पदोन्नति के लिए पांच न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की थी। इनमें राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल, पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल, मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी. वी. संजय कुमार, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज मिश्रा शामिल हैं।

बाद में 31 जनवरी को प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नत करने के लिए केंद्र को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार के नामों की सिफारिश की। शीर्ष अदालत में प्रधान न्यायाधीश (सीजीआई) समेत 34 न्यायाधीशों के स्वीकृत पद हैं।

# एमएलसी चुनाव में चार सीटों पर भाजपा का कब्जा, एक निर्दलीय ने जीती

### ● विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा हासिल करने की सपा की उम्मीदों को लगा झटका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक खंड क्षेत्र के चुनाव में भाजपा ने पांच में से चार सीटों पर जीत का परचम फहराया है। एक सीट पर निर्दलीय ने कब्जा बरकरार रखा है। मतगणना के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को परिणाम घोषित किया।

गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक खंड से भाजपा के देवेंद्र प्रताप सिंह, कानपुर स्नातक खंड से भाजपा के अरुण पाठक और बरेली-मुरादाबाद स्नातक खंड से भाजपा के जयपाल सिंह व्यस्त विजयी घोषित हुए है। इलाहाबाद-झांसी शिक्षक खंड से भाजपा के बाबूलाल तिवारी ने निर्दलीय समूह के सुरेश कुमार त्रिपाठी को चुनाव हराया। वहीं कानपुर-उन्नाव शिक्षक खंड से निर्दलीय राज बहादुर सिंह चंदेल ने भाजपा के वेणुरंजन भदौरिया को चुनाव हराकर सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है।

इसी के साथ विधानमंडल के उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा हासिल करने की विपक्षी समाजवादी पार्टी की उम्मीदें चकनाचूर हो गई है।

उल्लेखनीय है कि विधान परिषद के तीन स्नातक और दो शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 30 जनवरी को हुआ था और मतगणना बृहस्पतिवार शाम शुरू हुई और शुक्रवार को संपन्न हुई। बरेली, झांसी, गोरखपुर और कानपुर जिले में मतगणना हुई। मुरादाबाद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना भी बरेली में हुई।

## सीएम ने विजेताओं को दी जीत की बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजेताओं को बधाई दी और कहा, कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के प्रति अथाह जन विश्वास की प्रतीक है। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रखने वाले कर्मठ सदस्यों की उपस्थिति उ.प्र. विधान परिषद की गरिमा को बढ़ाएगी। नए सदस्यों के सार्वजनिक जीवन का सुदीर्घ अनुभव नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में सहयोगी सिद्ध होगा। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य के प्रति मेरी शुभकामनाएं।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,841 | ↑ 909 | |
| निफ्टी | 17,854 | ↑ 243 | |
| सोना | 57,929 | ↓ 681 | /10g |
| चांदी | 70,335 | ↓ 2045 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसे में पांच की मौत, तीन अन्य घायल

**उन्नाव।** उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को दो कारों की टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। बांगरमऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पंकज सिंह ने बताया कि औरास थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा-लखनऊएक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या-266 पर आगरा से लखनऊकी ओर आ रही एककार अनियंत्रित होकर पलटती हुई दूसरी लेन पर पहुंच गई और लखनऊकी ओर से आ रही एक अन्य एसयूवी कार से जाकर सामने से टकरा गई।

# एससी-एसटी एक्ट के प्रत्येक मामले में आरोप पत्र दाखिल करना अनिवार्य नहीं

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अनुसूचित** जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्राविधानों को स्पष्ट करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि इसके तहत दर्ज प्रत्येक मामलों में आरोप पत्र दाखिल करना अनिवार्य नहीं है। पीठ ने कहा है कि जहां साक्ष्यों के आधार पर इस अधिनियम के तहत मामला बन रहा हो, उन्हीं मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया जा सकता है। जस्टिस राजन रॉय एवम् जस्टिस संजय कुमार पचौरी की पीठ ने यह आदेश ज्ञानेन्द्र मौर्या उर्फ गुल्लू की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिनियम की धारा 4(2)ई व अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण के नियम 7(2) को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई थी। तर्क था कि अधिनियम की धारा 4(2)ई व नियम 7(2) विवेचनाधिकारी को विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने का दायित्व देता है। इन दोनों प्राविधानों में 'आरोप पत्र' शब्द का इस्तेमाल किया गया है जिसका आशय है कि विवेचनाधिकारी मुल्जिम के विरुद्ध 'आरोप पत्र' ही दाखिल कर सकता है। विवेचना के दौरान उसके खिलाफ साक्ष्य नहीं पाए जाने पर भी वह 'अंतिम रिपोर्ट' दाखिल करने के लिए स्वतंत्र नहीं है। पीठ ने इस बहस को खारिज करते हुए कहा कि उक्त प्राविधानों में 'पुलिस रिपोर्ट' के बजाय 'आरोप पत्र' शब्द के प्रयोग के कारण याचिकाकर्ता के मन में शंका है। जबकि उक्त प्राविधानों को तर्कसंगत तरीके से पढ़ने की आवश्यकता है। कानूनी प्राविधानों को अतार्किक तरीके से नहीं पढ़ा जा सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि उक्त अधिनियम के तहत दर्ज प्रत्येक एफआईआर में विवेचनाधिकारी के लिए आरोप पत्र दाखिल करना अनिवार्य नहीं है।

# बीबीसी वृत्तचित्र बैन पर केंद्र को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को 2002 के गुजरात दंगों पर आधारित बीबीसी के वृत्तचित्र को प्रतिबंधित करने के उसके आदेश से जुड़े मूल रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने वरिष्ठ पत्रकार एन राम, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा, कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता प्रशांत भूषण और अधिवक्ता एम एल शर्मा की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया। शर्मा ने एक अलग याचिका दाखिल की थी, जिसे अब वृत्तचित्र पर प्रतिबंध से संबंधित सरकारी आदेश के खिलाफ दायर अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध कर दिया गया है। मामले में अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। पीठ ने कहा कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं। जवाबी हलफनामा तीन हफ्ते के भीतर दाखिल किया जाना चाहिए। प्रत्युत्तर उसके दो हफ्ते के बाद दिया जाना चाहिए।

# अयोध्या में राम मंदिर की हाईटेक होगी सुरक्षा

### ● मानव रहित होगा एंट्री गेट, गाड़ी में है विस्फोटक तो नहीं खुलेंगे बैरियर

### ● तोड़कर आगे निकले तो टायर किलर दीवार आगे नहीं बढ़ने देगी

### ● गाजियाबाद की कंपनी बना रही सुरक्षा उपकरण

**रिंकू यादव।** गाजियाबाद



**अयोध्या** में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर की सुरक्षा भी चाक-चौबंद होगी। अति आधुनिक सिक्योरिटी से लैस एंट्री गेट बनाने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के उपक्रम सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद को मिली है। सिक्योरिटी उपकरण तैयार होने का काम आखिरी चरण में है। इसी महीने में ये उपकरण अयोध्या मंदिर में लगा दिए जाएंगे। सूत्रों ने बताया, मंदिर का मुख्य गेट मानव रहित होगा। यहां बूम बैरियर लगेगा। इस बैरियर से पहले फुल बॉडी स्कैनर और फुल व्हीकलर स्कैनर लगाए जाएंगे।

ये स्कैनर मनुष्य और गाड़ी को ऑटोमेटिक स्कैन कर लेंगे। यदि गाड़ी में कोई हथियार व अन्य विस्फोटक सामग्री है तो बूम बैरियर नहीं उठेंगे। अगर गाड़ी से टक्कर मारकर बैरियर तोड़ भी दिए गए तो चंद कदम आगे ही जमीन से तीन फीट ऊंची दीवार बाहर निकल आएगी। ये दीवार टायर किलर जैसी होगी। इससे गाड़ी आगे नहीं बढ़ पाएगी। सूत्रों ने बताया कि फरवरी में ही मंदिर के गेट पर सुरक्षा संबंधी उपकरण लगा दिए जाएंगे।

इसके बाद कंपनी के इंजीनियर वहां 16 दिन तक इन उपकरणों की टेस्टिंग करेंगे। सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है। ये भारत सरकार का एक उपक्रम है। इसी कंपनी ने देश का सबसे पहला सोलर पैनल बनाया था। यहां पर रक्षा उपकरण बनते हैं। लड़ाकू विमानों में लगने वाला पीसीएम रडार एंटीना भी इसी कंपनी में बनता है। इस रडार से दुश्मन के ठिकाने को माइक्रो सेकेंड में डिटेक्ट किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम भी 1980 के दशक में निदेशक मंडल मेंबर रहे थे। बीते दिनों भारत सरकार ने इस महत्वपूर्ण कंपनी को 210 करोड़ रुपए में बेचने की योजना बनाई थी। कर्मचारियों के आंदोलन के बाद ये बिड कैंसिल करनी पड़ी थी।

# जनता धार्मिक ग्रन्थों का अपमान करने वालों के साथ नहीं: भूपेंद्र

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विजयी भाजपा प्रत्याशियों को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शिक्षक स्नातक विधान परिषद चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर विजयी भाजपा प्रत्याशियों को बधाई देते हुए सम्मानित मतदाताओं, पार्टी पदाधिकारियों और समर्पित ऊर्जावान भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए बधाई दी है।

चौधरी ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सबका-साथ, सबका विकास व सबका विश्वास की नीति तथा भाजपा की विचारधारा की जीत है। चौधरी ने कहा कि विधान परिषद चुनाव के परिणाम से यह स्पष्ट संदेश है कि प्रदेश की महान जनता दंगाइयोंए भ्रष्टाचारियों और धार्मिक ग्रन्थों का अपमान करने वालों के साथ नहीं है बल्कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार के साथ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता का लगातार भाजपा को आशीर्वाद मिल रहा हैए जिससे चुनाव दर चुनाव भाजपा और अधिक मजबूत हो रही है। विपक्ष के विभाजनकारी षड्यंत्रों को नकार कर भाजपा की अंत्योदय नीति पर एक बार फिर विजय की मुहर लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति सेवा का माध्यम हैए सरकार व संगठन जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करने तथा उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन.रात जुटे हुए हैं। यही कारण है कि जनता का भाजपा पर लगातार विश्वास बढ़ता जा रहा है। चौधरी ने कहा कि विपक्ष के द्वारा अनर्गल बयानबाजी और हताशा यह बता रहे हैं कि उनकी राजनैतिक जमीन दरक चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता ने वैलेट से हुए चुनावों में भी विपक्ष को नकार कर विपक्ष से हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने का अवसर भी छीन लिया है।

## जीत की खुशी में भाजपा मुख्यालय में मनाया गया जश्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर शुक्रवार को शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव में भाजपा की विजय पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ढोल.नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ जीत का जश्न मनाया। भारत माता की जय व भाजपा जिन्दाबाद के नारों के साथ एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय पर बधाई दी। पार्टी के पदाधिकारियों ने भाजपा की जीत पर कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास की जनकल्याणकारी नीतिए भाजपा की विचारधारा व पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम की विजय है।



पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अमर पाल मौर्य, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुब, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ एमएलसी चुनाव में भाजपा की विजय का उत्सव मनाया।

# यूपी में भी अप्रैल से पहले कबाड़ होंगे 15 साल पुराने सभी सरकारी वाहन

### ● केंद्र सरकार की स्क्रैप पॉलिसी को प्रदेश में लागू कर रही योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार स्क्रैप पॉलिसी पर केंद्र सरकार के नए नोटिफिकेशन के तहत पहली अप्रैल 2023 से पहले प्रदेश में 15 साल से पुराने सभी सरकारी वाहनों को स्क्रैप में भेजने के प्रति गंभीरता से प्रयास कर रही है। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है जिसमे केंद्र और राज्य सरकारों के सभी 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप करना होगा। नया नियम निगमों और परिवहन विभाग की बस और अन्य गाड़ियों के लिए भी अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय की मंशा के अनुरूप प्रदेश सरकार 15 वर्ष से ऊपर के निजी वाहनों के साथ-साथ विभागों में लगे पुराने वाहनों को स्क्रैप में बदलने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए माइलस्टोन तय किए गए हैं। माइलस्टोन-1 के अंतर्गत वाहनों की जानकारी के लिए गूगल शीट के साथ 23 जनवरी 2023 को जारी आरवीएसएफ में 15 वर्ष या उससे अधिक के शासकीय व अर्धशासकीय वाहनों को कबाड़ करने के संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है।

28 नवंबर 2022 को निजी वाहनों के लिए रोड टैक्स में 15 प्रतिशत और कमर्शियल वाहनों के लिए 8 वर्ष पर कुल टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट के लिए अधिसूचना जारी की गई है। पुराने वाहनों पर लंबित देयता की एकमुश्त छूट की प्रक्रिया चल रही है। सभी पदाधिकारियों से कहा गया है कि अपने विभाग के 15 वर्ष पुराने वाहनों की जानकारी 5 फरवरी तक अवश्य दे दें ताकि आगे की कार्रवाई पूरी की जा सके।

इस हिस्से के प्रोत्साहन के लिए 2000 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। राज्यों को यह राशि 31 मार्च तक पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगी। राज्य को इस योजना के तहत प्रोत्साहन अनुदान के लिए पात्र बनने के लिए माइलस्टोन-1 और माइलस्टोन-2 हासिल करना है। प्रत्येक माइलस्टोन को प्राप्त करने के बाद मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे, राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपए का भुगतान करेगा।

माइलस्टोन-1 के अंतर्गत आरवीएसएफ में 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी सरकारी स्वामित्व वाले वाहनों को स्क्रैप करने के लिए सरकारी आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। यह आदेश राज्य सरकार के सक्षम विभाग द्वारा जारी किया जाना चाहिए जिसमें स्पष्ट रूप से सभी विभागों, स्थानीय निकाय, उपक्रमों आदि में वाहनों की अपेक्षित संख्या का उल्लेख किया गया हो, जिसे कबाड़ किया जाएगा और कब तक आरवीएसएफ के माध्यम से उनका निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा वाहनों पर मोटर वाहन कर रियायत प्रदान करना और कम से कम एक वर्ष के लिए आरवीएसएफ में रद किए गए पुराने वाहनों पर लंबित देनदारियों की एकमुश्त छूट का अनुदान देना भी सुनिश्चित करना होगा।

माइलस्टोन-2 के अंदर चुनिंदा मानदंडों के अनुसार 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग होगी। इसके अंतर्गत रद किए गए वाहनों की कुल संख्या कम से कम राज्य सरकार द्वारा जारी सरकारी आदेश में निर्दिष्ट वाहनों की संख्या के बराबर होनी चाहिए। सभी वाहनों को आरवीएसएफमें ही स्क्रैप किया जाना चाहिए। इन वाहनों की स्क्रैपिंग को सरकारी आदेश में उल्लिखित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) के रूप में स्क्रैपिंग का प्रमाण एमओआरटीएच के साथ साझा किया जाना चाहिए।

# रामचरितमानस के बहाने मायावती ने दिलाई अखिलेश को गेस्ट हाउस कांड की याद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रामचरितमानस** की एक चौपाई को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बीच शुक्रवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसकी आड़ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। मायावती ने कहा है कि देश में कमजोरों का ग्रंथ संविधान है न कि राम चरितमानस। उन्होंने अखिलेश को कुख्यात गेस्ट हाउस कांड की याद दिलाई है।

अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि देश में कमजोर व उपेक्षित वर्गों का रामचरितमानस व मनुस्मृति आदि ग्रंथ नहीं बल्कि भारतीय संविधान है जिसमें बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर ने इनको शूद्रों की नहीं बल्कि एससीए एसटी व ओबीसी की संज्ञा दी है। अत: इन्हें शूद्र कहकर सपा इनका अपमान न करे तथा न ही संविधान की अवहेलना करे। इतना ही नहीं, देश के अन्य राज्यों की तरह यूपी में भी दलितों, आदिवासियों व ओबीसी समाज के शोषण, अन्याय, नाइन्साफी तथा इन वर्गों में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों आदि की उपेक्षा एवं तिरस्कार के मामले में कांग्रेस, भाजपा व समाजवादी पार्टी भी कोई किसी से कम नहीं। मायावती ने आगे लिखा कि साथ ही, सपा प्रमुख द्वारा इनकी वकालत करने से पहले उन्हें लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस के दिनांक 2 जून सन् 1995 की घटना को भी याद कर अपने गिरेबान में जरूर झांककर देखना चाहिए, जब सीएम बनने जा रही एक दलित की बेटी पर सपा सरकार में जानलेवा हमला कराया गया था, वैसे भी यह जगज़ाहिर है कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों आदि के आत्म.सम्मान एवं स्वाभिमान की क़द्र बीएसपी में ही हमेशा से निहित व सुरक्षित है। जबकि बाकी पार्टियाँ इनके वोटों के स्वार्थ की खातिर किस्म-किस्म की नाटकबाजी ही ज्यादा करती रहती हैं।

# 11 आईपीएस व 12 पीपीएस अफसरों के तबादले

### ● चर्चित बिकरू कांड में निलंबित हुए अनंतदेव को डीआईजी रेलवे प्रयागराज के पद पर मिली तैनाती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने शुक्रवार को 11 आईपीएस और 12 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। कानपुर के चर्चित बिकरू कांड के बाद चर्चा में आए अनंतदेव को मुख्यालय से पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) रेलवे प्रयागराज के पद पर तैनाती दी गई है। अनंद देव को बिकरू कांड के बाद सरकार ने निलंबित कर दिया था। बहाल किए जाने के बाद उन्हें यह पहली तैनाती प्रदान की गई है।

इस फेरबदल में जिन अन्य लोगों को स्थानान्तरित किया गया है उनमें अजय साहनी को पुलिस अधीक्षक जौनपुर से पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर बनाया गया है। वहीं डॉ. अजयपाल को डायल-112 से जौनपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। पवन कुमार को मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के पद पर भेजा गया है। इसी तरह शिवहरी मीना मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम, लखनऊ बनाए गए हैं। रोहन प्रमोद बोत्रे को मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन बनाया गया है। दिनेश त्रिपाठी को मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक डायल-112 बनाया गया है। विनीत जायसवाल मुख्यालय से पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाए गए हैं। कमलेश कुमार दीक्षित मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक रूल्स एंड मैनुअल बनाए गए हैं। जयप्रकाश सिंह मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक सुरक्षा मुख्यालय बनाए गए हैं। सुनीति को मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक प्रशासन मुख्यालय पुलिस महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक स्तर के जिन पीपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं उनमें रवि कुमार सिंह को मुख्यालय से सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद, सुनील कुमार सिंह को रेलवे वाराणसी से पुलिस उपाधीक्षक मैनपुरी, सुजीत कुमार राय को प्रशिक्षण मुख्यालय से सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद, महेश त्यागी को सीबीसीआईडी सेक्टर बरेली से सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर, नवीना शुक्ला को सतर्कता अधिष्ठान से पुलिस उपाधीक्षक गोंडा, संतोष कुमार तृतीय को साइबर क्राइम आगरा से पुलिस उपाधीक्षक श्रावस्ती, राजीव द्विवेदी को एटीएस लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़, पवन गौतम को ईओडब्लू मुख्यालय लखनऊ से सहायक पुलिस आयुक्त गौतम बुद्धनगर, अजीत कुमार रज्जक को 42वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज से सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद, शादिहा नसरीन को साइबर क्राइम गोंडा से मंडलाधिकारी अलीगढ़, दद्दन प्रसाद को लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र और सत्य प्रकाश शर्मा को बांदा से पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू आगरा बनाया गया है।

## प्रदेश के शेष बचे 58 जिलों में भी स्थापित होंगेवाहन चालक प्रशिक्षण केंद्र

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय मोटरयान नियमावली की 1989 के तहत प्रदेश के शेष 58 जनपदों में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर की स्थापना एवं रख-रखाव के लिए लेटर ऑफ इन्टेंट (एलओआई) निर्गत करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये हैं। इसके पहले प्रदेश के 17 जनपदों में ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इन्स्टीट्यूट स्थापित किये जा चुके हैं। रायबरेली में इन्स्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एण्ड रिसर्च भी स्थापित किया जा चुका है। परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग ने प्रदेश के शेष जनपदों में भी वाहन चालक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश को अधिक से अधिक प्रशिक्षित चालक मिलेंगे। चालक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना के लिए आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परिवहन विभाग की शर्तों के अनुसार आवेदन के लिए किसी कम्पनी, एसोसिएशन, फर्म, एनजीओ, ट्रस्ट, कोआपरेटिव सोसाइटी, वाहन निर्माता संघ/वाहन निर्माता कम्पनी होना चाहिए।

## बीबीएयू व गोरखनाथ विवि के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के बीच शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। दोनों संस्थानों के बीच यह समझौता ज्ञापन शोध, शैक्षिक नवोन्मेष, शिक्षक एवं छात्रों के बीच आपसी तालमेल के माध्यम से शैक्षिक उन्नयन के लिए हस्ताक्षरित हुआ है। बीबीएयू के कुलपति आचार्य संजय सिंह और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अतुल बाजपेई के नेतृत्व में बीबीएयू के कुलसचिव डॉ अश्विनी कुमार सिंह एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव श्रीकांत ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# इन्वेस्टर्स समिट कराने के लिए खूब हो रही है पैसों की बर्बादी: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में 24 करोड़ की आबादी है और चुनाव के लिए 15 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन का वादा किया जा रहा है। जिस प्रदेश में 60 प्रतिशत की आबादी 5 किलो राशन पर निर्भर है, उस प्रदेश की सरकार रोजगार पर जरा भी चिंतित नहीं। यह आश्चर्यचकित करने वाला है। राशन पर खर्च किया जाने वाला पैसा रोजगार पर खर्च किया जाना चाहिए जिससे कि प्रदेश वासी आत्म सम्मान भरा जीविकोपार्जन कर सकें। मगर योगी सरकार प्रदेशवासियों को रोजगार के माध्यम से आत्मसम्मान भरा जीवन देने के बजाय पांच किलो राशन देकर भिखारी जैसा जीवन देना ज्यादा उचित समझा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा बजट की 30 प्रतिशत की कटौती की है, जिसका सीधा असर उत्तर प्रदेश पर होगा। मनरेगा गरीबों को रोजगार देता है मगर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इस कटौती का कोई विरोध नहीं किया। कोरोना में प्रवासी मजदूरों की गांव वापसी के बाद उत्तर प्रदेश के गांवों पर बेरोजगारी का बोझ बढ़ा हैए जिसे मनरेगा ही दूर कर सकता है। मनरेगा में बजट की कटौती डबल इंजन की सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है और यह बताता है कि डबल इंजन की सरकार गरीब विरोधी है।

प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से रोजगार आने की कोई संभावना नहीं दिखती है। क्योंकि इससे पहले भी जितने समिट हुए वह रोजगार देने में असफल रहे। रोजगार के लिए उत्तर प्रदेश के युवाओं का दूसरे प्रदेशों को पलायन जारी है। इन्वेस्टर्स समिट कराए जाने के नाम पर राजधानी में चीनी झालर लगाई जा रही है। दीवारों पर तस्वीरें बनाई जा रही है। गमले लगाए जा रहे हैं। इन्वेस्टर समिट कराने के लिए खूब पैसे की बर्बादी हो रही है पर सड़क चौड़ीकरण के लिए पटरी के किनारे बैठे वैध दुकानदारों को दुकानें बंद करने का अवैध आदेश दिया गया है। रोज कमा कर खाने वाले यह दुकानदार सरकारी आदेश से चिंतित है। रोजगार को लेकर सरकार कितनी गंभीर है इस आदेश से साफ जाहिर होता है। जिस इन्वेस्टर्स समिट में रोजगार देने का वादा किया जा रहा हैए उस इन्वेस्टर समिट को कराने के लिए तमाम लोगों का रोजगार छीना जा रहा है।

# लापरवाह कर्मियों पर होगी सख्त कार्रवाई

### ● 15 तक चलेगा विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को टेलीकॉम कंपनियों की तरह बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रत्येक उपभोक्ता का मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट होना आवश्यक है। इससे उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत संबंधी जानकारी दी जा सकेगी। इसके लिए पूरे प्रदेश के सभी विद्युत उपकेंद्रों पर विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा अभियान पहली फरवरी से 15 फरवरी 2023 तक सुबह 8 से रात 8 बजे तक कैंप लगाकर चलाया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं से सीधे सम्पर्क कर उनकी जानकारी अपडेट करें। साथ ही ऐसे लोगों को भी चिन्हित करें, जो कि बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपभोग कर रहे हैं। इससे विभाग को बिजली चोरी की रोकथाम करने में आसानी होगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि सभी उपभोक्ता अपना सही संपर्क नंबर व ईमेल आईडी देकर विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही जो भी लोग अवैध रूप से बिजली का उपभोग कर रहे हैं। वे इस दौरान नियमत: अपना वैध कनेक्शन करा लें।

ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि 'नो योर कस्टमर' केवाईसी अभियान के दौरान नए उपभोक्ता बनाने की भी कोशिश करें। प्रदेश की लगभग 25 करोड़ आबादी में 5 करोड़ परिवार रह रहे हैं। इस दृष्टि से 6 से 7 करोड उपभोक्ता होना चाहिए जबकि हमारे प्रदेश में मात्र 3.25 करोड़ उपभोक्ता ही हैं, जिसको बढ़ाना है। उन्होंने कहा है कि केवाईसी अभियान के दौरान कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश के सभी उपभोक्ता विभाग की वेबसाईट पर जाकर अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा निकटतम विद्युत केन्द्र तथा टोल फ्री नंबर-1912 पर भी संपर्क कर सकते हैं। इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को सही समय पर विद्युत विच्छेदन, बिलिंगए ट्रिपिंग, कैम्पों व शिकायतों के शीघ्र निस्तारण आदि की जानकारी से संबंधित संदेश भेजे जा सकेंगे।

# कैंसर की जांच करने के लिए हर जिला अस्पताल में लगेंगी मशीन

### ● नियमित टीकाकरण में शामिल होगा सर्वाइकल कैंसर का टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वास्थ्य** विभाग अब पूरे प्रदेश में कैंसर बीमारी पर नियंत्रण करने की योजना बना चुका है। इस योजना के तहत तय समय में ही मरीजों के इलाज और नई पीढ़ी को कैंसर टीका से प्रतिरक्षित कर पूरे प्रदेश को कैंसर मुक्त करने की योजना है।

नई रणनीति के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ कैंसर की पहचान करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसके टीका को नियमित टीकाकरण में शामिल करने की योजना है। साथ ही कैंसर की जांच करने के लिए अब हर जिला अस्पताल और जिलों के 10 से अधिक मेडिकल कॉलेजों में थर्मल एबलेशन जैसी अत्याधुनिक मशीन लगेगी। इस मशीन से बहुत ही कम समय में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की जांच हो सकेगी। डॉ मनोज शुक्ल (महाप्रबंधक नियमित टीकाकरण) ने बताया कि अभी यह टीका दो खुराक में लग रहा है। विदेश से आयात करने के कारण सर्वाइकल कैंसर का टीका अभी काफी महंगा पड़ रहा है। हालांकि यह टीका भारत में भी तैयार किया जा चुका है। जल्द ही यूपी समेत अन्य राज्यों में इसको नियमित टीकाकरण में शामिल करने की योजना है।

**यह कहता है एनएफएचएस आंकड़ा:** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) में पहली बार कैंसर की जांच के आंकड़े दर्ज किए गए। वर्ष 2019-21 के एनएफएचएस -5 आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की 1.5 प्रतिशत महिलाओं ने सर्वाइकल कैंसर जांच करवाई है। इसमें 1.1 प्रतिशत शहरी आबादी और 1.7 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की महिलायें शामिल हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम रानी गोस्वामी से बदलकर राखी भारती पत्नी सन्दीप भारती कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता- 112/344 स्वरूप नगर, कानपुर नगर।

# निजी औद्योगिक पार्कों के विकास से संबंधित अधिसूचना जारी

## 10 से 50 एकड़ भूमि पर औद्योगिक एमएसएमई पार्क स्थापित करने पर निवेशकों को एक प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर मिलेगा ऋण

### ● विकासकर्ता को भूमि की खरीद पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क पर मिलेगी 100 प्रतिशत छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में औद्योगिक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की (प्रमोटिंग लीडरशिप एण्ड इण्टरप्राइज फॉर डेवलेपमेंट ऑफ ग्रोथ इंजेन्स) प्लेज योजना लागू की गई है। इसके तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए 10 से 50 एकड़ भूमि पर औद्योगिक पार्क स्थापित करने पर निवेशकों को एक प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। शासन द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान के अनुसार प्लेज योजना के अंतर्गत इच्छुक निजी प्रवर्तकों द्वारा औद्योगिक पार्क विकसित करने का प्रस्ताव जिला उद्योग कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। क्लस्टर पर आधारित औद्योगिक पार्कों के विकास से संबंधित प्रस्तावों को वरीयता दी जायेगी। विकसित किये गये औद्योगिक पार्कों में प्रति एकड़ क्षेत्र में कम से कम एक इकाई को भूखण्ड आवंटित किया जाना अनिवार्य होगा। औद्योगिक पार्क में 75 प्रतिशत भूखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों के लिए आरक्षित रखना होगा। निजी प्रवर्तक द्वारा औद्योगिक पार्क के लिए प्रस्तावित की जा रही भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में बंधक रखा जायेगा।

सचान ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विकसित किये जा रहे निजी औद्योगिक पार्कों के भूखण्डों का आवंटन, संचालन तथा मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के रख-रखाव का सम्पूर्ण दायित्व विकासकर्ता होगा। इस योजना के लिए 2500 करोड़ रुपए के रिवॉल्विंग फंड का कारपस बनाया जायेगा। एमएसएमई पार्क विकसित करने वाले निवेशकों को डीएम सर्किल रेट पर भूमि के मूल्य का 90 प्रतिशत धनराशि एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराई जायेगी। शेष पूंजी की व्यवस्था निवेशकों को स्वयं करनी होगी। औद्योगिक पार्क के आंतरिक विकास के लागत की गणना अधिकतम 50 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से की जायेगी।

सचान ने बताया कि प्रथम तीन वर्षों तक निवेशक को दी गई धनराशि पर एक प्रतिशत का साधारण ब्याज लिया जायेगा। चौथे वर्ष से छह प्रतिशत की दर से साधारण वार्षिक ब्याज लिया जायेगा और पूंजी वापस करने की अधिकतम अवधि छह वर्ष होगी। निर्धारित अवधि के पश्चात ऋण राशि पर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से चक्रवृद्धि ब्याज लिया जायेगा। विकासकर्ता चाहे तो समय से पूर्व भी ऋण वापस कर सकता है। इस पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि औद्योगिक पार्क में विकसित भूखण्डों की बिक्री से प्राप्त होने वाली धनराशि एस्क्रो खाते में रखी जायेगी एवं स्टेक होल्डर को उनके निवेश के अनुरूप वापस की जायेगी।

सचान ने बताया कि यह एक स्टैण्ड एलोन योजना होगी। विकासकर्ता को भूमि की खरीद पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क पर 100 प्रतिशत छूट एमएसएमई नीति-2022 के तहत दी जायेगी। औद्योगिक पार्क में निवेशकों द्वारा भवन निर्माण करके इकाइयों को किराये पर देने अथवा विक्रय किये जाने पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट नहीं दी जायेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना का परिक्षण एवं क्रियान्वयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति और अपर मुख्य सचिव एमएसएमई की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा किया जायेगा। इस योजना के किसी भी बिंदु पर संशोधन व परिवर्धन मुख्यमंत्री के अनुमोदन से ही किया जायेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर विकसित होगा बलरामपुर अस्पतालः पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बलरामपुर अस्पताल को मेडिकल कालेज की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जिससे गम्भीर रोगियों को इलाज आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले हर मरीज को इलाज मिलना चाहिए। पाठक शुक्रवार को बलरामपुर अस्पताल के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बलरामपुर अस्पताल प्रदेश के चुनिंदा सरकारी अस्पतालों में एक है। बेड के लिहाज से सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। अस्पताल में इलाज के साथ पढ़ाई की सुविधा को बढ़ावा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शोध कार्य की दिशा में भी कदम बढ़ाने की जरूरत है। सरकार हर स्तर पर अस्पताल की मदद को तैयार है। अस्पताल प्रस्ताव बनाकर भेजे। पूरी मदद होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि रोगियों के हित में सरकार लगातार कदम उठा रही है। नई योजनाओं को शुरू किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल के अधिकारी थोड़ा संजीदा रहकर मरीजों को असुविधा से बचा सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के बजट का अस्पताल भरपूर नियमानुसार उपयोग करें। अस्पताल के दरवाजे, खिड़की, साफ सफाई, पानी आदि की सुविधा को व्यवस्था रखने पर बजट खर्च करें। इन छोटी-छोटी दिक्कतों को दूर कर अस्पताल को बेहतर बना सकते हैं।



## डॉ एससी राय के नाम पर होगा लावारिस वार्ड

उप मुख्यमंत्री ने लावारिस वार्ड का नाम बदलने की अपील की। प्रेक्षागृह में बैठे लोगों से सुझाव मांगे। डॉक्टरों ने लावारिश वार्ड का नाम पद्मश्री डॉ. एससी राय के नाम पर करने का सुझाव दिया। लिहाजा अब लावारिस वार्ड का नाम डॉ एससी राय वार्ड के नाम से जाना जाएगा। स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के प्रति रोगियों का भरोसा बढ़ रहा है। यह सब डॉक्टर व कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है। ओपीडी व भर्ती रोगियों की सेहत का खयाल रखें। नियमित राउंड लें। इस मौके पर बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ रमेश गोयल, सीएमएस डॉ जीपी गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लापरवाही बरती तो होगी गंभीर कार्रवाईःउप मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई प्रकरणों में जांच के आदेश जारी किए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर एक्शन लिया जाएगा। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रतापगढ़ के जिला एवं महिला अस्पतालों में मरीजों को बाहर की दवाएं लिखे जाने संबंधी मामले का संज्ञान लिय। संबंधित मुख्य चिकित्साधिकारियों को केवल जेनरिक दवाएं लिखने का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि इस आदेश का कठोरता से अनुपालन किया जाए। अगर किसी चिकित्सक द्वारा बाहर की दवा लिखी जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं नोएडा के सेक्टर 30 स्थित चाइल्ड पीजीआई के आवासीय परिसर में लिफ्ट में आधे घंटे तक फंसे रहे दस वर्षीय बालक के मामले को भी उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने निदेशक पीजीआई से इस संबंध में रिपोर्ट तलब कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जनपद बस्ती के सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को समुचित उपचार न मिलने संबंधी प्रकरण का संज्ञान लिया। समस्त सरकारी अस्पतालों को गर्भवती महिलाओं को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने व सरकारी योजनाओं को लागू किये जाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

**● स्वास्थ्य विभाग से जुड़े प्रकरणों में डिप्टी सीएम ने दिए जांच के आदेश**

# प्रभावी पैरवी कर मुर्तजा को मृत्युदंड दिलाने वाले पुलिसजनों को डीजीपी ने किया सम्मानित

**लखनऊ।** प्रभावी पैरवी कर राममंदिर,अयोध्या में तैनात सुरक्षा कर्मियों पर हमले के आरोपी मुर्तजा अब्बासी को मृत्युदंग दिलाने वाली एटीएस और पुलिस की टीम व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी को डीजीपी ने सम्मानित किया है। यूपी एटीएस द्वारा प्रदेश की अन्य एजेन्सियों के संयुक्त प्रयास से तत्परता पूर्वक अभियुक्त अहमद मुर्तजा अब्बासी के विरुद्ध न्यायालय में समय से आरोप पत्र प्रेषित कर प्रभावी पैरवी कराई गई। न्यायालय एटीएस/एनआई द्वारा अभियुक्त अहमद मुर्तजा अब्बासी को मृत्यु दुड की सजा सुनाई गई। डीजीपी डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान ने शुक्रवार को एडीजी एटीएस व अन्य कर्मियों को पुलिस मुख्यालय बुलाकर डीजीपी का प्रशंसा चिन्ह व नगर पुरस्कार से सम्मानित किया। अन्य जिन लोगों का सम्मान हुआ उनमें संजय वर्मा डिप्टीएसपी एटीएस, लखनऊ, नागेंद्र गोस्वामी ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, दिनेश कुमार पांडेय इंस्पेक्टर एटीएस, लखनऊ, अरविंद कुमार सिंह सब इंस्पेकटर, एटीएस, लखनऊ, केशव सिंह कम्प्यूटर आपरेटर, एटीएस लखनऊ, वकील अहमद कम्प्यूटर आपरेटर, एटीएस लखनऊ, संजीव कुमार तिवारी हेड कांस्टेबल, एटीएस लखनऊ, दिलीप कुमार सिंह हेड कांस्टेबल एटीएस, गोरखपुर और अनुराग कुमार कांस्टेबल जनपद गोरखपुर शामिल हैं।

## दुराचार में दोषी मुल्जिम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** पॉक्सो के विशेष जज पवन कुमार राय ने 13 वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम राहुल कुमार के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने मुल्जिम की सजा के बिन्दू पर सुनवाई के लिए छह जनवरी की तारीख तय की है। शुक्रवार को विशेष अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान मुल्जिम उपस्थित नहीं था। 26 नवंबरए 2015 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी।

# यादव सिंह की पत्नी की अर्जी खारिज

**मनी लांड्रिंग का मामला**

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** जिला जज व ईडी के विशेष जज संजय शंकर पांडेय ने मनी लांड्रिंग के दो मामलों में निरुद्ध यादव सिंह की पत्नी कुसुम लता की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यादव सिंह नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेस.वे का चीफ इंजीनियर हुआ करता था। बीते बुधवार को ईडी की विशेष अदालत के समक्ष मुल्जिमा कुसुम लता हाजिर हुई थी और अर्जी पेश कर जमानत की मांग की थी। विशेष अदालत ने अर्जी पर बहस के बाद अपना आदेश सुरक्षित करते हुए कुसुम लता को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। मनी लांड्रिंग का एक मामला आय से अधिक सम्पति से जुड़ा है। इस मामले की एफआईआर सीबीआई ने दर्ज की थी।

वर्ष 2009 से 2014 के दौरान यादव सिंह पर अपनी आय से 11 करोड़ 90 लाख रुपए अधिक अर्जित करने का आरोप था। इस मामले में ईडी ने भी शिकायत दर्ज कर अपनी जांच शुरु की। पांच करोड़ 90 लाख 55 हजार 776 रुपए का मनी लांड्रिंग का अपराध पाया। वर्ष 2018 में ईडी ने इस मामले में यादव सिंहए कुसुम लता व पीजीपी चैरिटेबिल ट्रस्ट के विरुद्ध परिवाद दाखिल किया था। ईडी के विशेष वकील केपी सिंह के मुताबिक 30 जुलाई 2015 को सीबीआई ने यादव सिंह के विरुद्ध आपराधिक साजिश धोखाधड़ी व कुटरचना आदि के साथ ही भ्रष्टाचार के तहत एक मामला दर्ज किया था। इसमें यादव सिंह पर नोएडाए ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेस.वे का चीफइंजीनियर रहते हुए गैरकानूनी तरीके से इलेक्ट्रिक केबिल का टेंडर देने का आरोप था। जिसके चलते 19 करोड़ 92 लाख की आर्थिक क्षति हुई थी। वर्ष 2015 में ईडी ने इस मामले में भी शिकायत दर्ज कर जांच शुरु की। वर्ष 2017 में जांच के बाद यादव सिंह के साथ ही कुसुम लता व अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत परिवाद दाखिल किया था।

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगारों को ठगने वाले चार शातिर गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने सरकारी नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से धन उगाही करने वाले गिरोह के 4 अभियुक्तों को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख से 20 लाख रुपए प्रति व्यक्ति लेते थे। रुपया एकत्रित हो जाने के बाद समीर जो झारखण्ड का निवासी है तथा इस गिरोह का मुख्य सरगना है। उससे सम्पर्क कर इन रुपयों को आपस में बराबर बराबर बांट लेते थे। यह ठगी का कार्य यह लोग काफी समय से कर रहे हैं।

सरकारी नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से धन उगाही करने वाले संगठित गिरोहों के सम्बन्ध में एसटीएफ को काफी दिनों से सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी। जिनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसटीएफ की टीमों को निर्देशित किया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि ऐसे ही एक संगठित गिरोह के सदस्य लखनऊ के चारबाग क्षेत्र में स्थित आशीर्वाद होटल के पास आने वाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने घेराबन्दी करत अभियुक्त राहुल सिंह, पवन वर्मा, अजीत सिंह एवं अंकित श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया।

राहुल सिंह ने पूछताछ में बताया कि पवन वर्मा रेलवे मेल सर्विसेस में में पोस्ट है। यह आकांक्षा श्रीवास्तव और मोहित खरे, जो इस गिरोह के सदस्य हैं उनके माध्यम से फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कराता है। रेलवे और डाक विभाग से सम्बन्धित यदि कोई व्यक्ति आता है तो उनसे बातचीत करने के लिए पवन वर्मा को उस विभाग का बड़ा अधिकारी बनाकर डीलिंग करता था। खाद्य निगम और आईआरसीटीसी विभाग में भर्ती से सम्बन्धित यदि कोई व्यक्ति आता था तो उसे बस्ती निवासी आनन्द मिश्रा डील करता था तथा एसबीआई, सीआईसीएफ विभाग में भर्ती से सम्बन्धित कार्य के लिए बरेली निवासी कुलवीर सिंहानिया व राजस्थान निवासी महिपाल डील करते थे। एसटीएफ के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में प्रकाश में आए मुख्य सरगना समीर के अलावा आकांक्षा श्रीवास्तव, मोहित खरे, आनन्द मिश्र, कुलवीर सिंहानिया व महिपाल की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# करोड़ों की ठगी के मामले में वांछित अभियुक्त को एसटीएफ ने दबोचा



**लखनऊ।** विभिन्न विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने के संबंध में हजरतगंज थाने में दर्ज मुकदमे के वांछित अभियुक्त समीउल हक अंसारी उर्फ सैफी को एसटीएपफने बस्ती जिले से गिरफ्तार किया। एसटीएफ द्वारा बीती 21 अप्रैल 2022 को पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के कथित निजी सचिव अरमान खान व उसके चार साथियों फैजी, असगर, विशाल और अमित को लखनऊ से गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध थाना हजरतगंज में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे की विवेचना के क्रम में समीउल हक अंसारी उर्फ सैफी का नाम प्रकाश में आया था। उसे इस मुकदमे में वांछित किया गया था।

## प्रधानाध्यापक की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** भ्रष्टाचार निवारण अधि. के विशेष जज अजय श्रीवास्तव ने कुटरचित दस्तावेज तैयार कर सरकारी नौकरी पाने के मामले में वांछित अशोक कुमार मौर्या की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार देते हुए कहा है कि इसने विवेचना में सहयोग भी नहीं किया है। विशेष लोक अभियोजक महेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक इस मामले की एफआईआर थाना विजिलेंस में दर्ज हुई थी। हरदोई के ग्राम गौरा में जनता जू. हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्त हुए मुल्जिम पर पीर सार्वजनिक इंटर कालेज, मितुपुर का फर्जी टीसी तैयार कर नौकरी पाने का इल्जाम है।

## सीएम लखनऊ में आज करेंगे वीएफएस ग्लोबल वीजा एप्लिकेशन सेंटर का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ को बड़ा तोहफ ा देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को वीएफ एस ग्लोबल वीजा एप्लिकेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इस सेंटर के उद्घाटन से वीजा के लिए लोगों को दिल्ली की दौड़ नही लगानी पड़ेगी। वीजा अप्लाई के लिए अबतक आम जनमानस को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वीजा एप्लिकेशन सेंटर से लोगों की समस्या का बड़ा समाधान हो जाएगा। वीएफ एस ग्लोबल वीजा एप्लिकेशन सेंटर का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी अपने सरकारी आवास से सुबह 11 बजे करेंगे। सरोजनीनगर विस के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही 9 फरवरी से यहां ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य, पुर्तगाल, स्विजरलैंड, नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, सऊदी अरब, हंगरी, जर्मनी सहित कई देशों के वीजा एप्लिकेशन स्वीकार होने शुरू हो जाएंगे।

## पीडब्लूडी कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के आवाह्न पर प्रदेश भर में कार्यरत मिनि. एसो. की समस्तयाओं का समाधान न होने के कारण शुक्रवारको प्रदेश के 75 जिलों के कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश भर में कार्यरत खण्डीय कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लम्बे समय से विभाग के अधिकारियों को पत्राचार करता आ रहा है। लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई न होने पर संगठन को धरना प्रदर्शन-हड़ताल करने के लिए मजबूर होना पडा है। उन्होंने बताया कि शनिवार 4 फरवरी को भी प्रदेश में कार्यरत खंडीय कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज करेंगें।

# लखनऊ परिक्षेत्र में 235 वाहनों का किया गया चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन मंत्री** के निर्देशों के अनुपालन में ओवरलोड एवं राजस्व की वसूली के लिए चलाये जा रहे अभियान में कार्रवाई करते हुए लखनऊ परिक्षेत्र में शुक्रवार तक 235 वाहनों का चालान एवं 109 वाहनों को बंद करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कुल 39.77 लाख रुपए शमन शुल्क वसूला गया। उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र निर्मल प्रसाद बताया कि लखनऊ संभाग में 100, अयोध्या संभाग में 58, देवीपाटन संभाग में 54 एवं बस्ती संभाग में 23 वाहनों का चालान एवं क्रमशः 60, 23, 16 एवं 10 वाहनों को बंद कराया गया। निर्मल प्रसाद ने बताया कि लखनऊ परिक्षेत्र में ओवरलोड एवं अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ लगातार प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिवहन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित होंगे परिवहन निगम में कार्यरत प्रधानाचार्य

**लखनऊ।** परिवहन निगम कानपुर स्थित मॉडल ड्राइविंग ट्रेंनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य एस पी सिंह को 4 फरवरी 2023 को सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर सरकार द्वारा 'गुड सेमेरिटन' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने बताया कि एसपी सिंह ने 3 जनवरी 2023 को एक दुर्घटना में दो मोटर साइकल सवार युवकों की मदद कर उन्हें अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई थी। इसके लिए उन्हें जिलाधिकारी, कानपुर द्वारा 5 जनवरी 2023 को सड़क सुरक्षा माह के प्रथम दिवस पर सम्मानित किया जा चुका है। एसपी सिंह ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मे प्रदेश के सभी क्षेत्रों से आने वाले चालकों को बस चालन के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने का प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं।

## राहगीरी कार्यक्रम में होंगे रॉक बैंड म्यूजिकल नाइट व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए द्वारा** शुरू किये जा रहे पांच दिवसीय राहगीरी कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को 1090 चौराहे पर रॉक बैंड म्यूजिकल नाइट एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों व प्रोफेशनल कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना, भरत नाट्यम एवं क्लासिकल डांस फार्म पर रंगारंग प्रस्तुति भी दी जाएगी। शुक्रवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि आगामी जी.20 शिखर सम्मेलन व ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के प्रमोशन के उद्देश्य से राहगीरी कार्यक्रम का शुभारंग किया जा रहा है। इसके तहत 4 फरवरी से लेकर 8 फरवरी तक 1090 चौराहा और मरीन ड्राइव पर विभिन्न तरह के आयोजन किये जाएंगे। इसमें नेट क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, साइकिलिंग, स्केटिंग, बोर्ड पेटिंग, योगा, जुम्बा व एरोबिक डांस, म्यूजिकल बैंड, मैजिक.शो और नुक्कड़ नाटक समेत कई तरह की मनोरंजक गतिविधियां होंगी। समस्त कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होकर रात 8:30 बजे तक चलेंगे। यह आयोजन हर आयु वर्ग के लोगों के लिए खास होगा और इसमें कुछ नया करने और सीखने के लिए अलग.अलग चीजें होंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से आम जनता के लिए समर्पित होगा और इसमें किसी भी तरह का कोई प्रवेश शुल्क नहीं लगेगा।

## रामचरित मानस की प्रतियां फाड़कर जलाने का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**● मुल्जिमों की जमानत अर्जी खारिज**

**प्रभारी सीजेएम** सत्यवीर सिंह ने रामचरित मानस की प्रतियां फाड़कर पैरों से कुचलने व जलाने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम सत्येंद्र कुशवाहा, मो. सलीम, देवेंद्र प्रताप यादव, यशपाल सिंह व सुरेश सिंह यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। प्रथम दृष्टया इनके अपराध को गंभीर करार दिया है। 29 जनवरी को इस मामले की एफआईआर सतनाम सिंह लवी ने थाना पीजीआई में दर्ज कराई थी। मुल्जिमों के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद समेत 10 लोगों को आईपीसी की धारा 120बी, 142, 143, 153ए, 295, 295, 298, 504ए 505 (2) व 506 के तहत नामजद किया गया है।

# दोषमुक्त होने के बावजूद हिस्ट्रीशीट बंद नहीं करने पर जवाब तलब

**● सिर्फ एक मुकदमे के आधार पर खोली गई हिस्ट्रीशीट को दी गई चुनौती**

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** सिर्फ एक मुकदमे के आधार पर हिस्ट्रीशीट खोलने व दोषमुक्त होने के बावजूद उसे बंद नहीं करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। पीठ ने जवाब के लिए चार हफ्ते की मोहलत दी है। अगली सुनवाई इसके बाद होगी। जस्टिस उपाध्याय एवं जस्टिस एनके जौहरी की पीठ ने यह आदेश नवमी लाल की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता के वकील चंदन श्रीवास्तव का कहना था कि यह मामला अयोध्या के बीकापुर कोतवाली का है। वर्ष 2009 में दर्ज हुए एक आपराधिक मुकदमे के आधार पर याचिकाकर्ता के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। इस मुकदमे में भी वह बरी हो चुका है। बावजूद इसके उसकी हिस्ट्रीशीट बंद नहीं की जा रही है। यूपी पुलिस रेग्युलेशंस के तहत पेशेवर अथवा स्थाई अपराधियों के विरुद्ध ही हिस्ट्रीशीट खोलने का प्राविधान है। यदि दो वर्ष की निगरानी में हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध कोई शिकायत नहीं पाई जाती है व उसकी गतिविधि सामान्य रहती हैए तो निगरानी के साथ ही हिस्ट्रीशीट बंद कर देना चाहिए। 2009 के बाद से याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। इस दरम्यान उसकी गतिविधि भी संदिग्ध नहीं पाई गई है। बावजूद इसके स्थानीय पुलिस उसकी हिस्ट्रीशीट बंद नहीं कर रही है।


**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **Indian Overseas Bank** (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

क्षेत्रीय कार्यालय–लखनऊ | केन्द्रीय कार्यालय–चेन्नई

**ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी का दिनांक व समय-21.02.2023, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक, (बिक्री सम्पन्न होने तक प्रत्येक 10 मिनट का स्वतः विस्तार)**
**ऑनलाइन आवेदन के लिए ईएमडी व बिड जमा करने की अन्तिम तिथि-20.02.2023, दोपहर 1:00 बजे तक**

**ई-नीलामी-अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्ति का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002, सपठित नियम 8(6) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के प्रावधानों के आधार पर अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत बैंक बंधक अचल सम्पत्ति की ई–नीलामी**

यह सूचना आम तौर पर जनता के लिए और विशेष रूप से **ऋणी(ओं), बंधककर्ता(ओं), ज़मानतकर्ता(ओं), निदेशकों व कानूनी उत्तराधिकारियों** को दी जाती है, कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/भारित है, प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार) द्वारा सम्पत्ति का सांकेतिक कब्ज़ा लिया जा चुका है, के द्वारा **"जहाँ है जैसा है", "जैसा है जो है"** और **"जो कुछ भी है"**, के आधार पर उपरोक्त लिखित दिनांक को **ऋणी(ओं), बंधककर्ता(ओं), ज़मानतकर्ता(ओं), निदेशकों व कानूनी उत्तराधिकारियों** की सम्पत्ति की बिक्री कर उल्लिखित बकाया धनराशि व भविष्य के ब्याज एवं अन्य खर्चे जो कि इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार) को वसूल करना है। आरक्षित मूल्य व ईएमडी धनराशि निम्नलिखित है। ई–नीलामी वेब पोर्टल **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi** के प्लेटफार्म पर सम्पन्न होगी।

| क्र. सं. | ऋणी / निदेशक / ज़मानतकर्ताओं / बंधककर्ताओं / कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम एवं पता | अचल सम्पत्तियों का विवरण | बकाया धनराशि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| शाखा : झांसी शाखा, 43–44, आज़ाद गंज, सिपरी बाजार, झांसी–284003 फोन–8279878792, ईमेल–iob0565@iob.in | | | | |
| 1. | **ऋणी–: मेसर्स शिवहरे इन्वर्टर एंड बैटरी वर्क्स (प्रोप श्री चरण सेवक पुत्र राम सेवक),** अराजी नंबर 130, जय अकादमी स्कूल के पीछे, शिवपुरी रोड, झांसी – 284003 **ज़मानतकर्ता–श्रीमती उर्मिला पत्नी श्री चरण सेवक,** निवासी अराज़ी नंबर 130, जय अकादमी स्कूल के पीछे, शिवपुरी रोड, झांसी – 284003 **बंधककर्ता–श्री चरण सेवक पुत्र राम सेवक,** निवासी अराज़ी नंबर 130, जय अकादमी स्कूल के पीछे, शिवपुरी रोड, झांसी – 284003 | एक मंजिला आवासीय भवन स्थित प्लॉट अराज़ी नंबर 130 में मौजा लहर गिर्द जय अकादमी स्कूल के पीछे, मुरारी नगर, झांसी, **क्षेत्रफल–1815.64 वर्ग फीट, श्री चरण सेवक** के नाम पर, **चौहद्दीः– पूर्वः** श्री मनीष सिंह सेंगर की संपत्ति, **पश्चिमः** 20 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तरः** श्री विनोद कुमार मिश्रा की संपत्ति, **दक्षिणः** जय अकादमी स्कूल की सीमा | रू. 9,06,247.92 दिनांक 31.12.2022 + भविष्य की लागत ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे | रू. 28,33,000/- रू. 2,83,300/- रू. 10,000/- |

**उपरोक्त संपत्ति को श्री चरण सेवक के आवास ऋण खाते में सुरक्षा के रूप में भी बंधक रखा गया है, जिसकी बकाया धनराशि 31.12.2022 तक रू. 9,21,435/– है।**

ईएमडी जमा खाता विवरण–इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, खाता का नाम–Armb Lucknow Emd Account, खाता सं.: 259402000000814, IFSC Code: IOBA0002594, शाखा कोडः 2594

***Bank's dues have priority over the Statutory dues.**
नियम व शर्तों के अधिक जानकारी के लिए कृपया सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi अथवा बैंक** की वेबसाइट **http://www.iob.in** का अवलोकन करें।
उपरोक्त सम्पत्ति निरीक्षण अथवा सम्पत्ति मे भाग लेने के लिए अथवा रूचि लेने वाले खरीद्दार कृपया उल्लिखित सम्बंधित शाखा प्रबंधक/प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

दिनांकः 04.02.2023 स्थानः झांसी प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक


# दस बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर वसूली के निर्देश

**● आईजीआरएस के मामलों को प्राथमिकता और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजस्व** कार्यों की मासिक समीक्षा बैठके में जिलाधिकारी द्वारा सभी तहसीले अपने यहां के 10 बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए वसूली करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डीएम द्वारा सख्ती कर वसूली करने के आदेश दिए गए। वसूली न होने पर कुर्की की कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। जीरो टारलेंस की नीति को अपनाते हुए भ्रष्टाचारी व भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाले पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आईजीआरएस के मामलों को लीडरशिप लेते हुए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को डीएम सूर्य पाल गंगवार ने राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीएम ने आईजीआरएस बैठक की शुरुआत की। डीएम ने आईजीआरएस व मुख्यमंत्री संदर्भ के तहत ऑनलाइन प्राप्त होने वाले मामलों की समीक्षा से की। डीएम द्वारा बताया कि आईजीआरएस के मामलों को लीडरशिप लेते हुए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। ज़िलाधिकारी ने विविध देयो से सम्बंधित बिंदु की समीक्षा की। समीक्षा में बताया गया कि विभिन्न देय मद में पिछले माह की अपेक्षा वसूली में वृद्धि हुई है। ज़िलाधिकारी ने वसूली और बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा निर्देश दिए गए कि हर सप्ताह सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व को समस्त तहसीलदारों के साथ वसूली की गहन समीक्षा करने के कहा गया। शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण सम्बंधित बिंदु की समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि 2 माह से अधिक के 27 प्रार्थना पत्र अभी भी लंबित है, जिसके सम्बन्ध में ज़िलाधिकारी द्वारा नाराज़गी व्यक्त की गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व द्वारा बताया गया कि प्राथमिकता पर ऐसे प्रकरण जो कि 1 माह और 2 माह से अधिक अवधि के लंबित है उनका निस्तारण कराया जा रहा है।

# 18वीं शताब्दी में बनी लखनऊ की रेजिडेंसी को बोनसाई से किया जीवंत

**लखनऊ।** अवध के नवाबों के जरिए 18 वीं शताब्दी में बनायी गयी लखनऊ की रेजिडेंसी को बोनसाई विशेषज्ञ सौमिक दास ने बोनसाई कला के जरिए जीवंत कर दिया। करीब 1 घंटे तक उन्होंने पत्थरोंए घासए बोनसाई पौधे के जरिए मास्क रेजिडेंसी को इस प्रकार संवारा कि सभी निहारते रह गए। लखनऊ में ऐतिहासिक और वास्तुकला से सम्पूर्ण इमारतों की भरमार है, मैंने रेजिडेंसी को उतारने की कोशिश की है। पिछले करीब छह.सात महीने से इस पर मैं काम कर रहा हूं।



लखनऊ में आकर रेजिडेंसी को बोनसाई से सजाकर जो लैंडस्केप तैयार किया है वह लोगों को पसंद आएएयही मेरी सोच है। हमारे देश में इतनी बेहतरीन और ऐतिहासिक इमारतें हैं कि जिन पर ही ध्यान रखा जाए तो दुनिया में और कहीं जाने की जरूरत ही नहींए ये निश्चित रूप से प्रभावशाली हैं। इस बोनसाई कार्यशाला की बात है तो निश्चित रूप से यहां के लोग बहुत ही बढ़िया है सीखना चाहते हैं और अपनी कला को दिल से संवारने की ललक या जुनून उनमें है। इसी कारण अवध बोनसाई एसोसिएशन आज देश की प्रमुख बोनसाई संस्था बन चुकी है। लखनऊ में बहुत कुछ है जिसको आप दिखा सकते हैं लेकिन यह धीरे.धीरे धूमिल पड़ती जा रही है। इस कारण अगर आप इन इमारतों को खूबसूरती के साथ दिखा दें तो निश्चित रूप से परिणाम बेहतर होगा। इन इमारतों को हम कला के साथ दिखा रहे हैं, इससे बड़ी बात और कुछ हो ही नहीं सकती। अवध बोनसाई एसोसिएशन की प्रेसिडेंट रेनू प्रकाश ने बताया कि दो दिन की वर्कशॉप बहुत ही सफ्ल रही।

# ग्राम चौपाल के जरिए जनता के द्वार तक पहुंच रही सरकार: केशव मौर्य

● सरोजनीनगर के हरौनी गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में शामिल हुए डिप्टीसीएम, लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृत पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आज लखनऊ के सरोजनीनगर विकासखंड के ग्राम हरौनी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना . ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, वितरित किए। बीसी सखियों को ड्रेस का वितरण किया तथा निपुण भारत कार्यक्रम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। अच्छा और उल्लेखनीय कार्य करने वाले दो रोजगार सेवकों व एक सफ ई कर्मी को की प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया कहा कि ग्राम चौपाल गांव गरीब के विकास का आधार बन रही हैं। चौपाल आयोजित कर सरकार जनता के द्वार जा रही है और गांव की समस्या का गांव में ही समाधान किया जा रहा है। जो समस्याएं गांव में तत्काल निस्तारण सम्भव नहीं हो पाता है उन्हें निर्धारित समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए जा रहे हैं। कहा कि डबल इंजन सरकार जनकल्याण के लिए समर्पित है। हम आत्मनिर्भर ग्राम बनाएंगे, तभी आत्मनिर्भर भारत बनेगा। मौर्य ने कहा कि प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। मोटे अनाजों का उत्पादन करने पर विशेष जोर दिया जाए । हर व्यक्ति की आमदनी बढ़ाने का प्रयास हो रहा है । गरीबों के जीवन में खुशहाली लाने के सरकारी प्रयासों में जनता भी सहयोग दें। सरकार व समाज को मिलकर देश व प्रदेश का विकास करना है। गांव गरीब के विकास की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाएं जाए। अतिक्रमित तालाबों को खाली कराया जाए। भूमाफिया कब्जा किएं हों और आसानी से खाली न करें तो कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को मौका देकर उनके रहने के वैकल्पिक प्रबंध किए जाएं। चक मार्गों को अभियान चलाकर खाली कराया जाए। गांव के विवादों को जन्म देने वाले प्रकरणों को विशेष ध्यान देकर समाप्त किया जाए। महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में लगभग 7 लाख स्वयं सहायता समूह से 70 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं जो किसी न किसी गतिविधि से जुड़ी हैं। महिला पुरुष दोनों के कमाने से आर्थिक स्वावलंबन का मजबूत रास्ता बन रहा है महिलाओं के कमाने से उनका समाज में भी सम्मान बढ़ रहा है। झोपड़ी में गुजर करने वाले लोगों को पक्का मकान दिया जा रहा है। निःशुल्क बिजली कनेक्शन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास जगमग किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को नशे की लत से बचने की भी अपील की। लखनऊ की मुख्य विकास अधिकारी रया केजरीवाल ने ग्राम विकास द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बदायूं के विधायक हरीश शाक्य, समाजसेवी श्रीकृष्ण लोधी, उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर सिद्धार्थ, ब्लाक प्रमुख सुनील रावत सहित जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## शत्रु सम्पत्तियों को सुरक्षित कर डीजीडीई टीम ने सर्वेक्षण अभियान किया शुरू

**लखनऊ।** अभिरक्षक शत्रु सम्पत्तिए गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार रक्षा सम्पदा निदेशालय की टीम द्वारा जनपद में उपलब्ध शत्रु सम्पत्तियों का सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ हो गया है। तत्क्रम में जनपद में शुक्रवार को तहसील सदर सीतापुर, जिला सीतापुर के अन्तर्गत ग्राम सरैया मलूही के सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर उप सचिवए राजेन्द्र कुमार गृह मंत्रालय भारत सरकार सहायक अभिरक्षक अभिषेक अग्रवाल, शत्रु सम्पत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकारए मुख्य पर्यवेक्षक, मुख्य पर्यवेक्षक कर्नल राजबीर यादव एवं सोमेश तिवारी, सर्वेक्षक शाखा लखनऊ के द्वारा स्थलीय शत्रु सम्पत्तियों का निरीक्षण कर ग्राम सरैया मलूही, तहसील सदर सीतापुर, जनपद.सीतापुर मे ंकिया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी तहसील.सदर सीतापुर, ज्ञानेन्द्र द्विवेदीए तहसीलदार एवं राजस्व टीम तहसील.सदर सीतापुर तथा डीजीडीई टीम के सदस्यों द्वारा मौके पर सर्वेक्षण का कार्य किया गया। उप सचिव राजेन्द्र कुमार, शत्रु सम्पत्ति गृह मंत्रालयए भारत सरकार शाखा लखनऊ के द्वारा बताया गया कि जनपद में स्थित सभी शत्रु सम्पत्तियों का सर्वेक्षण डीजीडीई टीम द्वारा सर्वेक्षण कराया जा रहा है तथा सभी शत्रु सम्पत्तियों की बैरिकेटिंगए बाउण्ड्रीवाल तथा नोटिस बोर्ड लगाये जायेगेंए जिससे जनमानस को इस बात की जानकारी हो की उपरोक्त सम्पत्तियां भारत सरकार के अन्तर्गत हैं। इस पर किसी भी प्रकार का अनाधिकृत कब्जा करना दण्डनीय अपराध है।

**कैंसर जागरूकता दिवस आज**

## युवाओं में तेजी से बढ़ रहा मुंह का कैंसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बदलती** जीवनशैली के बीच युवाओं में मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह गुटखा और तंबाकू बन रहा है। अगर कैंसर के शुरूआती दौर में इलाज करवा लिया जाये तो पूरी तरह से इलाज संभव है, मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेडियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डॉ एमएलबी भट्ट ने दी है। उन्होंने बताया कि कैंसर की दूसरी स्टेज 50 फीसदी मरीज और चौथी स्टेज 30 फीसदी मरीज ही ठीक हो पाते हैं। वहीं केजीएमयू दंत संकाय के डॉ हरीराम ने बताया कि मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। तम्बाकू बीमारी की अहम वजह है। पहले दंत संकाय की ओपीडी में दो से तीन मरीज प्रत्येक ओपीडी में आते थे। अब यह संख्या बढ़कर पांच से छह हो गई है।

**फास्ड फूड भी बन रहे कैंसर का कारण:** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में रेडियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डा शरद सिंह ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली से कैंसर बढ़ रहा है। कैंसर से बचने के लिए फास्ट फूड से तौबा करें। मैदा से बनी वस्तुओं के सेवन से परहेज करें। शरीर में किसी भी प्रकार की गांठ या रक्तस्राव होने पर डॉक्टर की सलाह लें। लंबे समय तक आ रहे बुखार को भी नजरअंदाज न करें।

## पीएमजेवाई में सूचीबद्ध अस्पतालों को अब नहीं करना होगा भुगतान का इंतजार

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों के लिए राहत भरी खबर है। अब आयुष्मान लाभार्थी के उपचार पर आने वाले खर्च की पचास फीसदी धनराशि का भुगतान उन्हें तुरंत हो जायेगा। इससे फायदा यह होगा कि अस्पतालों को पैसे फंसे रहने का डर नहीं सताएगा और वह ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान लाभार्थी को उपचार दे पाएंगे। स्टेट हेल्थ एजेंसी ने ग्रीन चैनल कांसेप्ट की शुरुआत की है। जिसके तहत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम के तुरंत बाद ही 50 प्रतिशत भुगतान करने की व्यवस्था की गयी है। इसका फायदा वही अस्पताल उठा पाएंगे, जिनके खिलाफ किसी प्रकार की धोखाधड़ी, अनुशासनात्मक कार्रवाई रजिस्टर न हो एवं अस्पताल को सूचीबद्ध हुए छह महीने बीत गए हों। साथ ही अस्पताल अग्रिम भुगतान के लिए जरुरी दस्तावेजों के साथ क्लेम करने के लिए राजी होना चाहिए।

## 7 को आयोजित रोजगार मेले में शामिल होंगी 5 कंपनियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**युवाओं** के लिए रोजगार, स्वरोजगार अभियान के तहत 7 फरवरी को बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आगामी दो माह के अंदर प्रत्येक विधानसभा में सेवायोजन कार्यालय लालबाग में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 5 से अधिक कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए शामिल होगी। अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल सेवायोजना.यूपी.एनआईसी.इन पर पंजीकृत होकर ऑनलाईन आवेदन करना जरूरी है।

शुक्रवार को सहायक निदेशक (सेवायोजन) लखनऊ मंडल लखनऊ एके प्रजापति ने बताया है कि युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार से जोड़कर आत्म निर्भर भारत अभियान को सफ्ल बनाना और हर हाथ को काम सरकार की प्राथमिकताओं में है, सरकार के संकल्प पत्र में युवाओं को रोजगार पर विशेष बल दिया है। उच्च स्तर से उत्तर प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में आगामी दो माह के भीतर रोजगार मेले कराने के लिए प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र के निदेशक द्वारा दिये गये निर्देशों पर लखनऊ मध्य विधानसभा के तहत आने वाले क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लालबाग, लखनऊ परिसर में 7 फरवरी 2023 को सुबह 10 बजे से एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

मेले में लगभग 5 से अधिक कम्पनियों द्वारा अलग अलग पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए प्रतिभाग करने की सम्भावना है। ऐसे में इस मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी को सेवायोजन पोर्टल सेवायोजना. यूपी. एनआईसी.इन पर पंजीकृत होकर ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में होगा प्री लिटिगेशन मामलों का निस्तारण

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को होगी। इसके लिए जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला न्यायालय के अपर जिला जज की बैठक की गयी। बैक के अधिकारियों के साथ बैठक में प्री.लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा। शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज एवं सचिव प्रेम प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ निर्देशानुसार 11 फ रवरी 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जनपद न्यायालय लखनऊ के समस्त अपर जिला जज की बैठक जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में की गयी। समस्त बैंक के अधिकारियों के साथ प्रीलिटिगेशन मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए बैठक की गयी, जिसमें आरबीट्रेशन मामलों व बैंक के प्री.लिटिगेशन मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक निस्तारण के लिए जनपद न्यायाधीश द्वारा निर्देशित किया गया।

## जी 20 रोड पर लोगो, वाटर फाल फाउंटेन लगाने के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जी 20** सम्मेलन की तैयारियों का एलडीए वीसी द्वारा जी 20 रोड, समता मूलक और प्रतीक स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जी 20 रोड पर लोगो व वाटर फाल फाउंटेन लगाने के निर्देश दिए। साथ ही जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 6 के पास अवैध डिवाइडर कट को बंद करने का निर्देश भी दिया गया।

आगामी जी-20 सम्मेलन के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों के सम्बन्ध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। जी 20 रोड (बंधा रोड) के निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि जिस स्थान पर जी 20 का लोगो व वॉटर फॉल फाउंटेन स्थापित किए जाने हैं, वहां पर हाई मास्ट लाइट लगाई जाए। इसके अलावा जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-6 के पास अवैध डिवाइडर कट को बंद किया जाए। इसके बाद उन्होंने स्मारक समिति व नगर निगम के अधिकारियों के साथ 1090 चौराहा, समतामूलक चौक एवं प्रतीक स्थल का निरीक्षण किया।

## सरकार का ध्यान युवाओं के सशक्तिकरण पर है: राजीव कुमार



लखनऊ। पूर्व आईएएस डॉ राजीव कपूर ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान युवाओं के सशक्तिकरण, व्यापार और नौकरी के अवसर एक साथ उपलब्ध कराने पर है। तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट न केवल औद्योगीकरण की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा बल्कि जीवन स्तर में सुधार, अर्थव्यवस्था को मजबूत और रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा करेगा। राजीव कुमार शुक्रवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट टॉक शो को संबोधित कर रहे थे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट टॉक शो में स्थानीय निकाय की निदेशक नेहा शर्मा ने औद्योगिक विकास के लिए 25 से अधिक नई नीतियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सबसे बड़े लाभार्थी युवा होंगे। वहीं प्रो वाइस चांसलर प्रो् मनीष गौड़ ने कहा कि व्यवसायों के लिए निवेश करने के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है।

## नैक टीम ने सरोजनी नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की ग्रेडिग को लेकर संस्थान पहुँची राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम ने दूसरे दिन शुक्रवार को सरोजनीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा आज भी टीम ने 20 विभागों का निरीक्षण किया है। पीएचसी पहुँची टीम के सदस्यों ने भर्ती मरीजों से बातचीत की। मरीजों से इलाज संबंधी जानकारी मांगी। टीम ने उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। हाल में स्थापित हुई नई प्रयोगशाला में मौजूद सुविधाओं के बारे में जाना। निरीक्षण के मौके पर केजीएमयू के एसपीएम विभागाध्यक्ष प्रो मोनिका अग्रवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रशांत बाजपेई, पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ नीरज गुप्ता, डॉ शिवली समेत अन्य स्टाफमौजूद रहा। टीम शनिवार को भी केजीएमयू अन्य विभागों का जायजा लेगी।

## जी-20 के अम्बेसडर छात्र-छात्राओं को करेंगे जागरूक

**लखनऊ।** जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिलने के बाद केन्द्र के साथ प्रदेश सरकार इसके प्रचार-प्रसार का कोई मौका छोड़ना नहीं चाह रही है। पिछले दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रदेश भर के राज्य विश्वविद्यालय सहित महाविद्यालयों के शिक्षकों (अम्बेसडर)के शिक्षकों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को शासन ने एक आदेश जारी कर इन शिक्षकों को छात्र-छात्राओं को तीन घंटे का प्रशिक्षण देकर जागरूक करें। जी-20 सम्मेलन की बैठक प्रदेश में आगरा, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर एवं वाराणसी में प्रस्तावित है। इसको लेकर बीते 24 जनवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित सिम्पोजियम में 130 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था। जिसके बाद विशेष सचिव अखिलेश मिश्रा ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों हित निदेशक उच्च शिक्षा को पत्र भेज कर प्रशिक्षित शिक्षकों को 5 फरवरी से 10 फरवरी के बीच मात्र एक तिथि का निर्धारण कर छात्र-छात्राओं को कम से कम 3 घण्टे का प्रशिक्षण देकर जागरूक करने को कहा है।

## अपने परिवेश के अनुरूप आर्थिक नीतियाँ एवं रणनीतिया बनाए भारत: प्रो. अग्रवाल



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. मनोज अग्रवाल ने कहा कि भारत का तीव्र एवं समावेशी विकास करने के लिए यह आवश्यक है कि भारत अपनी सामाजिक पूंजी, समाज एवं आर्थिक पूंजी का समन्वित लाभ उठाए। इसके लिए यह आवश्यक है कि वह अपने परिवेश के अनुरूप आर्थिक नीतियाँ एवं रणनीतिया बनाए। प्रो. अग्रवाल शुक्रवार को भारतीय रिचर्व बैंक के उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में प्रो. मनोज अग्रवाल ने कहा कि विकासशील देशों के विचारधारा के अनुरूप आर्थिक नीतियों के कारण न तो विकासशील देशों में पोषणीय एवं समावेशी विकास हो या रहा है और न ये भारतीय अर्थव्यवस्था को उपयुक्त मार्गदर्शन दे पा रहा है। मौद्रिक नीति के समावेशी होने के लिए यह आवश्यक है कि सरकार की आर्थिक नीति समावेशी हो तथा पूरी प्रतिबद्धता के साथ इसे लागू किया जाय। यही कारण है कि स्वनिधि योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना आदि को सरकार की प्रतिबद्धता के कारण मौद्रिक नीति का भरपूर सहयोग प्राप्त हो पाया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बालूकेन चप्पा एवं अन्य तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

## वार्षिक अभिभावक दिवस का किया गया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा 'वार्षिक अभिभावक दिवस समारोह' का आयोजन सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिक्षात्मकय, साँस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी अद्भुद छटा बिखेरी कि अभिभावक अपने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा देख गद्गद हो गये।

बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने जोरदार तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले, सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. गाँधी ने अभिभावकों व शिक्षकों का आह्वान किया कि बच्चों को घर व विद्यालय में नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का वातावरण उपलब्ध कराकर आदर्श विश्व समाज की स्थापना का मार्ग प्रशास्त करें। कार्यक्रम का शुभारम्भ बच्चों द्वारा प्रस्तुत सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ, जिसने सभी के हृदयों को प्रभु प्रेम से भर दिया। इस अवसर पर छात्रों की माताओं ने 'एक तू ही भरोसा' गीत का सुमधुर प्रस्तुतिकरण खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर छात्रों ने कव्वाली, लघु नाटिका 'अली बाबा', एरोबिक्स 'रोबोटिक डायनामाइट', समूह गान, सांग, राइम्स, दादा-उंचयदादी गीत, कोरियोग्राफी 'नृत्य रागिनी' एवं भारतीय आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी प्रस्तुति से अनेकता में एकता, सहयोग, सहकार एवं सामूहिकता का अभूतपूर्व दृश्य प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह 11 को सीएमएस गोमती नगर में

**लखनऊ।** आर्य समाज, लाजपत नगर, चौक, लखनऊ के तत्वावधान में स्वामी दयानन्द सरस्वती के 200वें जन्मदिवस समारोह के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन 11 फरवरी शनिवार को अपरान्ह: 3 बजे से सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' को 'पं. ज्ञानेन्द्र दत्त त्रिपाठी स्मृति साहित्य सागर' सम्मान से नवाजा जायेगा, तथापि प्रख्यात आर्य विद्वान सुमधुर काव्य पाठ के माध्यम से स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों व जीवन दर्शन पर प्रकाश डालेंगे एवं समाज में एकता, शान्ति, सद्भावना व सौहार्द के विचारों को जनमानस तक पहुंचायेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक रत्न पाण्डेय ने दी है। पाण्डेय ने बताया कि स्वामी दयानन्द सरस्वती के जन्मदिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व पद्मश्री विद्या विंदू सिंह द्वारा किया जायेगा जबकि समारोह की अध्यक्षता वैदिक विद्वान डा. रूपचन्द दीपक करेंगे।

## भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में थमने का नाम नहीं ले रहा छात्रों का विवाद

● आरोपी छात्रा के समर्थन में छात्रों ने किया घेराव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाबा** साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में छात्रों का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दलित छात्रों ने करीब आठ दिन बाद अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह दलित छात्रों को न्याय नहीं दे सकता है। लिहाजा अब 13 फ्रवरी को दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिलकर अपनी व्यथा सुनायेंगे। वहीं आरोपी छात्रा के समर्थन में आज छात्रों ने कुलपति आवास का घेराव किया। बीते 26 जनवरी को संघमित्रा छात्रावास विस्तार में सरस्वती पूजा छात्राओं ने की थी। उस समय दलित छात्रा ने डॉ अम्बेडकर के चित्र की साथ में पूजा करने की बात कही। इसको लेकर हुए विवाद में दलित छात्रों ने आरोप लगाया कि पूजा करने वाली छात्रा ने बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। उनकी मांग की थी कि आरोप छात्रा को एक सेमेस्टर के लिए परिसर से बर्खास्त किया जाए लेकिन विश्विविद्यालय प्रशासन ने ऐसे किसी भी सबूत के नहीं मिलने की बात की। दलित छात्रों ने इसे नहीं माना और धरना जारी रहा। शनिवार को विवि ने आरोपी और आरोप लगाने वाली दोनों छात्राओं को प्राक्टर ने नोटिस जारी की कि उन्होंने विवि नियमों के अनुसार बिना कुलपति की अनुमति के छात्रावास में पूजा कराने प्रयास किया है। लिहाजा दोनों ही छात्राओं को 15 दिन के लिए छात्रावास से बाहर किया जाता है।

**आरोपी छात्रा के समर्थन कुलपति आवास घेरा:** इसके बाद आरोपी छात्रा के समर्थन में विद्यार्थी परिषद समर्थक छात्रों ने शनिवार को कुलपति आवास का घेराव किया। उनका कहना था कि छात्रा पर आरोप गलत हैं। यह कहीं नियम नहीं है कि पूजा के लिए अनुमति लेनी होगी लेकिन कुलपति से वार्ता के बाद उन्होंने घेराव वापस ले लिया। इसके बाद शाम को दलित छात्रों ने विवि प्रशासन की कार्रवाई की गलत ठहराते हुए कहा कि इससे लगता है कि विवि प्रशासन दलित छात्रों को न्याय नहीं दे सकता है। लिहाजा वह अपना धरना खत्म कर रहे हैं।

## श्रमेव जयते की भावना के अनुरूप है पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना

● परंपरागत पेशे से जुड़े लोगों को काम को मिला सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** बजट 2023-24 में पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की घोषणा की गई है। मकसद यह है कि श्रमेव जयते परंपरा के अनुरूप स्थानीय स्तर पर परंपरागत पेशे से जुड़े लोगों बढ़ई, दर्जी, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री समेत विभिन्न तरह के हस्तशिल्प से जुड़े अन्य लोगों के श्रम को सम्मान देना। बजट के बाबत दी गई अपनी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की तारीफ की। उन्होंने कहा, मेहनत एवं सृजन करने वालों के जीवन में इस योजना से बड़ा बदलाव आएगा। केंद्र सरकार इसके तहत संबंधित लोगों का हुनर निखारने के लिए प्रशिक्षण एवं तकनीक तो उपलब्ध कराएगी ही, काम को विस्तार देने के लिए जरूरी पूंजी और तैयार उत्पाद के मार्केटिंग में भी मदद करेगी।

सबका साथ, सबका विकास भाजपा का नारा है। इसके मद्देनजर एक बड़े वर्ग की बेहतरी के लिए केंद्र के स्तर पर ऐसी योजना जरूरी एवं सामयिक थी। इस योजना के जरिए सरकार परंपरागत पेशे से जुड़े लोगों का जीवन स्तर सुधारने के साथ इनकी सेवाओं को प्रशिक्षण तकनीक के जरिए आधुनिक बनाएगी। ऐसे में इनके उत्पाद बाजार के अनुरूप होंगे।

उत्तर प्रदेश की बात तो करीब छह साल पहले यहां मुख्यमंत्री की पहल पर ष्विश्वकर्मा श्रम सम्मानष् के नाम से ऐसी ही योजना शुरू की गई थी। इतने समय में परंपरागत पेशे से जुड़े स्थानीय दस्तकारों और कारीगरों के लिए यह योजना संजीवनी बन चुकी है। योजना के तहत अब तक करीब 2 लाख से अधिक श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर उनके हुनर को निखारा जा चुका है। यह निखरा हुनर उनके काम में भी दिखे, उनके द्वारा तैयार उत्पाद कीमत एवं गुणवत्ता में बाजार में प्रतिस्पर्धी हों, इसके लिए प्रशिक्षण पाने वाले कारीगरों को उनकी जरूरत के अनुसार निशुल्क उन्नत टूल किट भी दिए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत चिह्नित परंपरागत कारीगरों व हस्तशिल्पियों का हुनर निखारने के लिए उन्हें हफ्ते भर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षित कारीगरों, हस्तशिल्पियों को उनकी जरूरत के अनुसार निशुल्क उन्नत टूलकिट्स उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रशिक्षित कारीगरों को कारोबार बढ़ाने या इसे और बेहतर बनाने में पूंजी की कमी बाधक न बने, इसके लिए इन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से लिंक करते हुए बैंकों के माध्यम से ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अब केंद्र की योजना से उत्तर प्रदेश की इस योजना को और विस्तार मिलेगा।

## पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक की परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव आरके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 की पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक की परीक्षाएं 23 फरवरी से 20 मार्च 2023 तक 19 कार्य दिवसों में दो पाली में संपन्न करायी जायेंगी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली प्रात: 8.30 से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से सायं 5.15 बजे तक परीक्षायें आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक परीक्षाओं में कुल 80 हजार छात्र,छात्राएं सम्मिलित होंगे।

उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के लिए प्रदेश में 270 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए। सचिव ने बताया कि परीक्षाओं की सुचिता एवं पवित्रता बनाए रखने के लिए सभी जनपद एवं मंडलीय अधिकारी सचल दल का गठन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र की सुरक्षा हेतु जनपद व केंद्र स्तर पर डबल लॉक में रखे जाएंगे।

## छात्रों को टीबी सील बिक्री व क्रय के लिए करें प्रोत्साहित

● मरीजों को गोद लेने के अभियान में पिछड़ रहे जनपदों की सूची बनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजभवन के गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि ने कहा कि प्रदेश की विश्वविद्यालयों में कुलपतियों से सम्पर्क करके उन्हें भी नए सदस्यों के रूप में एसोसिएशन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्वयं भी टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विविध प्रकार के कार्यक्रम चला रहे हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को टीबी सील की बिक्री और क्रय करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

बैठक में चर्चा के दौरान राज्यपाल ने एसोएिशशन के पदाधिकारियों और सदस्यों को सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सदस्य अपने उत्तर दायित्वों को समझें और प्रतिबद्धता से कार्य करें। बैठक में एसोसिएशन के मानद महासचिव ने एसोसिएशन कार्यालय के तीन चौथाई भाग पर चली आ रही अनाधिकृत कब्जेदारी और मामले को न्यायलय में लम्बित होने के मुद्दे को भी प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने कब्जेदारी और एसोसिएशन द्वारा कार्यालय भवन खरीद सम्बन्धी समस्त विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बैठक में क्षय रोग पर जागरूकता और बचाव के व्यापक प्रचार.प्रसार पर भी चर्चा हुई। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके स्वस्थ होने तक पोषण और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के अभियान में पिछड़ रहे जनपदों की सूची बनाई जाए और मार्च 2023 से पहले ही उन जनपदों पर विशेष ध्यान देकर प्रोत्साहित किया जाए। राज्यपाल ने एसोसिएशन को हर जनपद में समिति बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि इसमें सेवाभावी लोगों को जोड़ें, जो स्वयं कार्य करके अच्छे परिणाम दे सकें। राज्यपाल द्वारा बैठक में विशेष प्रोत्साहित करने पर प्रेरणा लेते हुए एसोसिएशन की बैठक में आए बारह पदाधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों ने समिति में आर्थिक योगदान की स्वैच्छिक घोषणाएं की।

# गावों के विकास में एनटीपीसी रिहंद की भूमिका अहम: एके चट्टोपाध्याय

● मुख्य महाप्रबंधक ने मीडिया प्रतिनिधियों से की वार्ता

**संवाददाता।** सोनभद्र



**एनटीपीसी** के रिहंद स्टेशन में शुक्रवार को शिवालिक अतिथि गृह में स्टेशन प्रबंधन के तत्वावधान में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ मुख्य महाप्रबंधक की वार्ता हर्ष पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुयी। आयोजन में मुख्य महाप्रबंधक ए के चट्टोपाध्याय नें बताया कि एनटीपीसी रिहंद के गौरवशाली 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रिहंद महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य आकर्षण जनजातीय उत्सव होगा जो कि 06 से 08 फरवरी 2023 तक आयोजित किया जाएगा। यह उत्सव स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सशक्त जनजाति सशक्त भारत के विषय पर किया जा रहा है। जनजाति संस्कृति के संरक्षण और उनकी कला को बढ़ावा देने हेतु लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान उत्तर प्रदेश और सेवाकुंज चपकी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम होंगे जैसे मैजिक शो, कठपुतली शो, रंगोली, चित्रकारी, मेहंदी टैटू, बहरूपिया, आदिवासी खेल, आदिवासी पोशाक के साथ सेल्फी पॉइंट लाइव पोर्ट्रेट्स एवं विभिन्न जनजातियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम कि अगली कड़ी में वरिष्ठ प्रबन्धक राघवेंद्र नारायण द्वारा एनटीपीसी रिहंद कि उपलब्धियां साथ ही पर्यावरण प्रबंधन एवं राख उपियोगिता के बारे में एनटीपीसी रिहंद द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों के बारे में भी जानकारी दी। तत्पश्चात कार्यपालक ग्रीष्मा कुमारी ने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत आस पास के गाँव के उत्थान हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यों का वर्णन किया। मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुये मुख्य महाप्रबंधक ए के चट्टोपाध्याय ने कहा कि रिहंद स्टेशन के कर्मियों एवं अधिकारियों मे विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौती स्वीकार करने की क्षमता है। रिहंद स्टेशन नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन की कड़ी में भी गावों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका का निर्वहन कर रहा है। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टेशन प्रबंधन पूरी तरह प्रयासरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक ओ एंड एम पंकज मेदिरत्ता महाप्रबंधक टीएस अमित कुमार कुलश्रेष्ठा महाप्रबंधक महाप्रबन्धक ऐश डाइक प्रबंधन राजीव कुमार सिन्हा सीएमओ डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा अपर महाप्रबंधक ईएमजी विश्वजीत घोष व अन्य वरिष्ठ प्रबन्धकगण उपस्थित थे।

## राजकीय क्रय केन्द्र पर बवाल मुकदमा दर्ज

**सकलडीहा/चन्दौली।** विपणन केन्द्र सकलडीहा पर गुरूवार को दोपहर में एक व्यापारी द्वारा करीब आठ व दस गाड़ी धान की बोरी जबरजस्ती तौल कराने व अंगूठा लगाने का दबाब बनाने लगे। विपणन केन्द्र प्रभारी द्वारा नियमानुसार खरीदारी कराने की बात कहने पर व्यापारी अपने आधा दर्जन साथियों के साथ तोड़फोड़ करते हुए गाली गल्लौज करने व जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने केन्द्र प्रभारी के तहरीर पर एक नामजद सहित पांच छरू अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया है। तोड़फोड़ की घटना से सहमे अधिकारी शुक्रवार को सुरक्षा की मांग को लेकर धान की खरीदारी ठप रहा। इस दौरान कि सानों को काफी परेशानी हुई। धान की खरीदारी को लेकर जगह जगह क्रय केन्द्र खोला गया है। इसके बाद भी व्यापारी व बिचौलियों के दबंगई के कारण किसानों की धान की खरीद सही नही हो पा रहा है। गुरूवार को एक व्यापारी द्वारा जबरजस्ती धान की तौल व अंगूठा लगाने दबाब बनाने पर

# एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

● पूर्व डीजीपी व विशेष सचिव राजस्व ने छात्रों को किया संबोधित

**संवाददाता।** अमेठी



**आज** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी के राजर्षि आडिटोरियम में उत्तर प्रदेश सरकार के सौजन्य से आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट 2023 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश वर्तमान चांसलर नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी विक्रम सिंह, विशिष्ट अतिथि विशेष सचिव राजस्व अनुराग पटेलए जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेश को सुना गया। मुख्य अतिथि? पूर्व डीजीपी? एवं नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर विक्रम सिंह ने कहा कि उठो जागो और जब तक आपको लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता है तब तक नहीं रुके। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने सख्त प्रशासन से ऐसा माहौल स्थापित किया है जिससे नए नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं और रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था स्थापित करने से बहुत दूर नहीं है। नई शिक्षा नीति ने छात्रों को सुविधानुसार शिक्षण संस्थान बदलने की सुविधा उपलब्ध कराया है। एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम ने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिया है। उपायुक्त उद्योग राजीव पाठक द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष सचिव राजस्व अनुराग पटेल ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही हैए साथ ही उन्हें रोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही है। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कहा कि अमेठी जनपद नए उद्योग स्थापित करने की क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में एक विशेष पहचान स्थापित किया है। अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस के किनारे नए औद्योगिक कारिडोर बनाए जा रहे हैं। अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कहा ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं को रोजगारपरक कार्यक्रमों की जानकारी मिलती है साथ ही उन्हें

# त्रिदिवसीय ज्ञान संस्कृति और परम्परा के संगम का अनूठा आयोजन 10 से

● काशी शब्दोत्सव नाम से एक वैश्विक स्तर का वैचारिक संवाद का आयोजन किया जा रहा है

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**विश्व** संवाद केन्द्र काशी (काशी प्रान्त) के तत्वावधान में दिनांक 10, 11 एवं 12 फरवरी 2023 को काशी शब्दोत्सव नाम से एक वैश्विक स्तर का वैचारिक संवाद का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत एवं माँ भारती के पुत्र एवं पुत्रियों को भारतीय ज्ञान, धर्म, संस्कृति और परम्परा की प्रासंगिकता को स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समझना है। भारतीय ज्ञान-परम्परा की वैश्विक दृष्टि कितनी मूल्यवान हैं इसको ही आधार बनाकर संवाद केन्द्रित होंगे। यह जानकारी शुक्रवार को आरएसएस के पूर्वी सह-प्रचारक मनोजकांत भाई ने पत्रकार वार्ता में दी। बताया कि यह तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय परिचर्चा 10, 11 एवं 12 फरवरी को रूद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर सिगरा में आयोजित है। मनोजकांत भाई ने बताया कि काशी देश की सांस्कृतिक राजधानी कही जाती है। हम काशी की ज्ञान परम्परा, गरिमा एवं वैश्विकता के अनुरूप ही हर सत्र का आयोजन कर रहे हैं।

काशी दुनिया को संस्कार, संस्कृति और परम्परा के माध्यम से शब्दों की उत्सवधर्मिता एवं मानवता का संदेश देती रही है। यह आयोजन वैचारिक चिंतन-मंथन के माध्यम से देश और दुनिया के बौद्धिक समाज को अमृत प्रदान करने वाला होगा। अत: इस आयोजन के लिए काशी को ही चुना गया है। इसीलिए तो इसका नाम 'काशी शब्दोत्सव' रखा गया है। बन्धुओ, काशी शब्दोत्सव के माध्यम से हम देश-विदेश के लेखकों, विचारकों को काशी में इस त्रिदिवसीय आयोजन के मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं और विश्व को काशी के संदेश से अवगत कराना चाहते हैं। हमारा प्रयास होगा कि काशी शब्दोत्सव में सभी भाषा-भाषी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व हो जिससे भारतीय ज्ञान परम्परा की अटल गहराइयों के साथ-साथ उसकी उच्चता और शुद्धता का अध्ययन हो सके। काशी के विद्वानों के साथ-साथ देश के नागरिकों में भारतीय ज्ञान परम्परा में रूचि रखने वाले वे सभी काशी शब्दोत्सव आयोजन के साक्षी बनेंगे। इस वर्ष इस कार्यक्रम का श्रीगणेश हो रहा है परन्तु आगे भी जारी रहेगा, हम इसे इस संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

# हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा व लालव्रत कोल को उम्रकैद की सजा, अर्थदंड भी लगा

● मृतक उदय की पत्नी लीलावती को मिलेगा अर्थदंड में से एक लाख रूपयें की धनराशि

**संवाददाता।** सोनभद्र

**मांची** व कोन थाना क्षेत्र में 15-16 वर्ष पूर्व मेठ जयराम वादी व उदय प्रताप कनौजिया की गला काटकर नृशंस हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सोनभद्र एहसानुल्लाह खान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषियों हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा व लालब्रत कोल को उम्रकैद व अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर 3-3 वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख रूपये मृतक उदय प्रताप कनौजिया की पत्नी लीलावती को मिलेगी। दोनों नक्सलियों को वज्र वाहन से नैनी व जौनपुर जेल से लाया गया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मांची थाना क्षेत्र के चिचलिक गांव निवासी मैनेजर वादी पुत्र गुलाब वादी ने 11 जुलाई 2006 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका भाई जयराम वादी चौरा से खोडैला के रास्ते पर मेठ का काम करता था। 9 जुलाई 2006 को घर से काम पर गया था। पता चला है कि चौरा गांव के गहबड़िया जंगल में शाम साढ़े छ बजे उसके भाई की हत्या कर दी गई है और उसका गर्दन सर से अलग पड़ा हुआ है। इस तहरीर पर एफआई आर दर्ज कर मामले की विवेचना की गई तो हार्डकोर नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा पुत्र तिलकधारी निवासी कम्हारडी थाना राबर्टसगंज, जिला सोनभद्र तथा नक्सली लालव्रत कोल का नाम प्रकाश में आया। इस मामले में अदालत ने दोनों नक्सलियों को उम कैद व 54-54 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं दूसरा मामला कोन थाना क्षेत्र का वर्ष 2007 का है। 26 फरवरी 2007 को कोन थाने में दी तहरीर में लीलावती पत्नी उदय प्रताप कनौजिया ने अवगत कराया था कि प्रधानी चुनाव में उसके जेठ चुनाव लड़ने वाले थे और उसका पति उनका साथ दे रहे थे।

### 11 वर्ष पूर्व मुठभेड़ में हुए थे गिरफ्तार

**तत्कालीन** एसपी रहे सुभाष चंद्र दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुठभेड़ में 11 वर्ष पूर्व इन्हें गिरफ्तार किया था। तभी से ये जेल में हैं। मुन्ना विश्वकर्मा के ऊपर 10 लाख रूपये का इनाम था। इसका पांच प्रांतो यूपी, एमपी, बिहार, झारखंड व छत्तीसगढ़ में आतंक था।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** बीती रात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उतरेटिया सुलतानपुर रेलमार्ग पर कस्थुनी गांव के पास निहालगढ़ रेलखण्ड के अंतर्गत 942 पोल के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की कटकर मौत हो गयी। मृत युवक की पहचान श्रवण कुमार उम्र 24 वर्ष पुत्र राम सुंदर यादव निवासी ग्राम कस्थुनी पश्चिम के रूप में परिजनों ने की। युवक मानसिक रूप से विछिप्त बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की। कोतवाल अमर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कोतवाली पुलिस ने दबिश के दौरान जानलेवा हमला करने व गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य धाराओं में वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। बीती रात कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक पवन मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

### अदालती आदेश के बाद मिला पंचायत सहायक को चार्ज

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर विकास क्षेत्र की दांदूपुर ग्राम पंचायत में अदालती आदेश पर एक वर्ष बाद पंचायत सहायक के पद पर अशोक कुमार को तैनाती मिली। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज कुमार चौधरी ने ग्राम पंचायत पहुंच कर पंचायत सहायक को नियुक्ति आदेश सौंपा। एडीओ पंचायत ने बताया कि गांव में पंचायत सहायक की नियुक्ति का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन था जिसका निर्णय आने के बाद अशोक कुमार को पंचायत सहायक के पद पर तैनाती मिली है।

### अवैध स्मैक के साथ भेजा जेल

**तिलोई, अमेठी।** इन्हौना पुलिस द्वारा रोकथाम जुर्म जरायम एतलाश वांछित मे चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मो. शरीफ उर्फ फुज्जन पुत्र मो. रफीक निवासी मोतीगंज मजरे युसुफनगर थाना इन्हौना जनपद अमेठी के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी को 65 ग्राम अवैध नाजायज स्मैक के साथ मोतीगंज मोड ग्राम युसुफनगर के पास से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष इन्हौना देवेंद्र सिंह ने बताया कि विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सपा ने दी श्रद्धांजलि

**मीरजापुर।** छानबे विधानसभा के विधायक राहुल प्रकाश कोल के अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचें इससे पूर्व कुबरी पटेहरा आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रोहित शुक्ला लल्लू, दामोदर मौर्या, बलराम यादव, इलियास खां, सतीश मिश्रा, राजनारायण निराला कोल, सलीम बादशाह, लालचन्द कोल अमित सिंह कैलहट, परवेज खान, सत्यप्रकाश यादव, कमलेश यादव, रामगोपाल बिन्द, शिवकुमार, रामजी आदि शामिल थे।

### बोर्ड परीक्षा को लेकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**अंबेडकर नगर।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट 2023 की परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा डॉक्टर जेण्केण् जेटली इंटर कॉलेज शहजाद पुर अकबरपुर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। उत्तर प्रदेश हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 16 फरवरी 2023 से शुरू हो रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे संचालित रहेंगे। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि स्ट्रांग रूम में रखे प्रश्न पत्रों की निगरानी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से किया जाय। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सदानंद गुप्ता, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज गिरी तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का किया गया आयोगन

**मिर्जापुर।** मड़िहान ब्लाक के प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 3 तक के बच्चों (3 से 6 वर्ष तक) को जोड़ने के लिए हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन गुरूआन को जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा कला के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। उत्सव के तहत तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र में एवं उससे अधिक आयु के बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित करवाने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया। इस उत्सव में गोष्ठीए पीपीटीए गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों व आंगनवाड़ी बहनों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा कला के प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ अरुण कुमारए खण्ड शिक्षा अधिकारी रवीन्द्र शुक्लए एसआरजी संजय नीलमए एआरपी सीपी दुबे द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# वसुधैव कुटुंबकम' की पवित्र भावना में ही निहित है मूल भारतीय संस्कृति: कुलपति

● भारतीय संस्कृति संस्कृत से ही उत्पादित है: डॉ. दयानीधि मिश्र

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारतीय** सभ्यता और संस्कृति की विशालता और उसकी महत्ता तो संपूर्ण मानव के साथ तादात्म्य संबंध स्थापित करने अर्थात् 'वसुधैव कुटुंबकम' की पवित्र भावना में निहत है। यही मूल भारतीय संस्कृति है। भारत का इतिहास और संस्कृति गतिशील है और यह मानव सभ्यता की शुरूआत तक जाती है। उक्त विचार संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में जी-20 सम्मेलन के व्यापक प्रचार-प्रसार के अन्तर्गत शुक्रवार को अपरांह्न 2: 00 बजे योगसाधना केन्द्र में 'भारतीय संस्कृति की विभिन्न विधायें' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने अध्यक्षता करते हुये व्यक्त किया। कुलपति प्रो. हरेराम ने कहा कि श्रमण परम्परा भारत में प्राचीन काल से जैन, आजीविका, चार्वाक तथा बौद्ध दर्शनों में पायी जाती है। भारतीय संस्कृति सभी को समाहित करता हैं। भारत की संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृतियों के लिये मार्गदर्शिका है। वेदान्त के विशिष्ट विद्वान प्रो रामकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत ही संस्कृति का मूल तत्व है। संस्कृति के उपनिषद मूलक है। मानव सभ्यता का विकास अध्यात्म के साथ आगे बढते हुये भारतीय संस्कृति अनंत काल तक चिर रहेगी। हमारे संस्कार हमारी संस्कृति के साथ सदैव जुड़ी रहेगी। भारतीय संस्कृति को जानना है तो इस विश्वविद्यालय के साथ जुड़े। पूर्व पुलिस अधिकारी (उपमहानिरीक्षक) डॉ दयानिधि मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि भारतस्य प्रतिष्ठे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा' इस वाक्य से यह विदित होता है कि हमारे भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत और संस्कृति इन्ही दोनों में निहित है और संस्कृत-संस्कृति का ही मूल है। भारतीय संस्कृति संस्कृत से ही उत्पादित है। भारतीय संस्कृति को पूर्णतरू संरक्षित करने के लिये वेदो,शास्त्रों के माध्यम से ही किया जा सकता है। इसके लिये इस संस्था का प्रमुख योगदान है। 5 हजार वर्ष पुरानी संस्कृति आज भी चिर है तो संस्कृत ही इसका मूल है। या संस्था संस्कृति का संवाहक है। संस्कृति और संस्कार की हम बिना संस्कृत के कल्पना भी नहीं कर सकते। प्रो हरिप्रसाद अधिकारी ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि भारत देश विभिन्न धर्मो के देश है यहाँ पर जगह जगह विभिन्न तरह के संस्कृति होते हुये भी एक समान संस्कृति है।

# ढूंढ़िराज गणेश के विस्थापन को लेकर अन्नपूर्णा मंदिर महंत ने किया विरोध

● प्रथमेय गणेश जी को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करेगी काशी की जनता और अन्नपूर्णा मंदिर प्रबंधन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**काशी** के प्रथमेय ढुंढिराज गणेश जी का मंदिर को हटाने को अन्नपूर्णा मंदिर के महंत स्वामी शंकरपुरी जी महराज ने सभागार में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की विकास का विरोध नहीं है पर गणेश जी के जगह के विस्थापन को लेकर कहा की गणेश जी कि मूर्ति यथावत ही रहे। अन्नपूर्णा महंत ने कहा कि बीती रात विश्वनाथ मंदिर अपनी पीछे की दीवार तोड़ने लगा जिससे की काशी की धार्मिक जनता ने निर्माण को देखते हुए यह चर्चा रहा की गणेश विस्थापन को लेकर जनता दु:खी है। अगर स्थान बदला तो काशी की जनता आंदोलन करने को बाध्य होगी, अगर कोई अनहोनी होती है तो सारी जिम्मेदारी विश्वनाथ मंदिर शासन-प्रशासन की होगी। काशी की जनता से भी गुहार लगाते है कहे कि आगे बड़े प्रथमेय गणेश को लेकर स्वामित्व अन्नपूर्णा मंदिर का भी है। जीर्णोधार और विकास का विरोध नहीं है पर गणेश जी स्थान परिवर्तन लेकर अन्नपूर्णा मंदिर व काशी की जनता एक है। मौजूदगी चिंतामणि गणेश जी से चंद्रशेखर द्रविण ,अजय शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, धीरेंद्र सिंह और प्रबंधक काशी मिश्रा रहे।

# चौपाल में दी गई योजनाओं की जानकारी

**संवाददाता।** तिलोई,अमेठी



**विकास** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रतवलिया मैंझार के पंचायत भवन के प्रांगण में शुक्रवार को जनता की चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल के नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और जिम्मेदार कर्मियों को समस्या निस्तारित किये जाने का निर्देश देने के साथ ही ग्रामीणों को भी समस्याओं से निदान का आश्वासन दिया है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर कि 'गांव की समस्या गांव में समाधान' के तहत ग्राम पंचायत पेंडारा में जनता की चौपाल में बतौर नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी मनोज चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक दी जा सके और जनसामान्य की समस्याओं को गांव स्तर पर सुनकर उनका निस्तारण किया जाय इसके लिये गांवों में जनता की चौपाल आयोजित की जा रही है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधान मंत्री आवासए पेंशनए राशनकार्ड के साथ ही अन्य तमाम योजनाओं पर चर्चा हुई।नोडल अधिकारी ने समस्त शिकायतों को तत्काल निस्तारित किये जाने का ग्रामीणों को आश्वाशन दिया है। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी छाया देवी ने किया। चौपाल कार्यक्रम में 17 शिकायतें रजिस्टर्ड हुई। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सतीश कुमार व बड़ी संख्या में ग्रामीण, ग्राम विकास अधिकारी छाया देवी, गंगा विभूति, लाल चंद्र सहित अन्य तमाम विभागो के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे। ब्लाक मुख्यालय के गांव सिंहपुर में भी चौपाल का आयोजन हुआ परंतु नोडल अधिकारी के चौपाल में न आने से ग्रामीण मायूस हुए ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार पटेल ने चौपाल की औपचारिकता निभाई।

# स्कूल और अस्पताल वैन की एसडीएम व सीओ ने की जांच

**सकलडीहा/चन्दौली।** कोतवाली क्षेत्र के रानेपुर गांव में संचालित ग्रीन वैली कांवेंट स्कूल की वैन बुधवार को बच्चों के साथ गड्ढे में पलट गयी थी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक बच्चे जख्मी हो गये थे। घटना को लेकर शुक्रवार को एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय ने विभिन्न स्कूल और हास्पीटलों के वैनों की जांच पड़ताल किया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों की संख्या के बारे में जानकारी लिया। इस घटना को लेकर एआरटीओ विनय कुमार द्वारा ग्रीन वैल स्कूल के प्रबंधक, प्रिंसिपल और वैन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा चुके है। विभागीय जांच पड़ताल के अभियान से स्कूल और हास्पीटल संचालकों में खलबली मची हुई है। रानेपुर में ग्रीन वैली कांवेंट स्कूल की वैन ईटवा और खोनपुर से स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। स्कूल से चंद दूरी पर सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने में गड्ढे में पलट गयी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक बच्चे जख्मी हो गये थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम मनोज पाठक सीओ राजेश कुमार राय, बीईओ अवधेश कुमार राय व कोतवाल अनिल कुमार पांडेय मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। सभी बच्चों का चहनिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इलाज कराया गया। घटना को लेकर एआरटीओ ने विद्यालय के प्रबंधकए प्रिसिंपल और चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इसी क्रम में एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय भोजापुर बृजनंदनी कांवेंट स्कूल, डा. आम्बेडकर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयए प्रतीक्षा हास्पीटल सहित विभिन्न स्कूल और अस्पतालों का जांच पड़ताल किया। इस दौरान परमिट वाले वाहन व बच्चों की संख्या सहित अन्य बिंदूओं की जानकारी लिया। बगैर परमिट वाहन नहीं चलाने का निर्देश दिया।

# क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है फाइलेरिया

**संवाददाता।** ज्ञानपुर/मीरजापुर

## दस साल बाद भी दिखते हैं लक्षण



**फाइलेरिया** रोग संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है और व्यक्ति को किसी भी उम्र संक्रमित कर सकता है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष ने दी। वह सीएमओ कार्यालय स्थित सभागार में फाइलेरिया रोग उन्मूलन बैठक को संबोधित कर रहे थे। सीएमओ ने बताया कि अक्सर बचपन में मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से लोग संक्रमित हो जाते हैं और पांच से 10 वर्ष बाद इसके लक्षण दिखाई पड़ते हैं। तब इसका उपचार नहीं हो सकता है। इसलिए लगातार पांच वर्षों तक साल में एक बार फाइलेरिया की दवा अवश्य खाएं। यह बीमारी से बचाने और बढ़ने से रोकने में पूरी तरह मददगार है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से पूरी दुनिया में विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इससे ग्रस्त व्यक्ति के पैरए अण्डकोष तथा महिलाओं के स्तन का आकार काफी बढ़ जाता है। इसको क्रमश: लिम्फोडिमा या हाइड्रोशील के नाम से जाना जाता है। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे पाल ने बताया कि यह अभियान 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें सभी आंगनबाड़ी, आशा व स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर अपनी मौजूदगी में दवा खिलाएंगी। अभियान के दौरान सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को दवा खिलाएंगे। छूटे लोगों को बुधवार, शनिवार और रविवार को दवा खिलाई जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद में डीईसीए एल्वेन्डाजोल व आइवारमेबिटन सहित तीन दवायें लोगो को खिलाई जाएगी।

**जिन्हें दवा नही खानी है**

जिला मलेरिया अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चोंए गर्भवती महिलाओं तथा गम्भीर रोगियों को फाइलेरिया की दवा नहीं खानी है।

**दवा खाने में सावधानी की है जरूरत**

पीसीआई केण्आर्डिनेटर विवेक सिंह ने बताया कि फाइलेरिया दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिये।

**बुखार भी है फाइलेरिया का लक्षण**

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि फाइलेरिया दवा खाने के बाद अगर किसी व्यक्ति को खुजली, बुखार, सरदर्द, मिचली या उल्टी आये तो यह फाइलेरिया ग्रसित होने का लक्षण हो सकता है।

# हिंडेनबर्ग रिपोर्ट

## अडाणी पर संकट

**हिंडेनबर्ग** रिपोर्ट के बाद अडाणी की कंपनियों पर संकट मंडरा रहा है। ऐसे में सरकार व नियामकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि अडाणी समूह पर आए इस संकट का असर आम शेयरधारकों पर न पड़े। यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से कहा था कि 'आज का युग युद्ध का नहीं है।' आजकल प्रकारान्तर से दलाल स्ट्रीट पर 'रक्तपात' हो रहा है, ऐसे में सरकार को विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को भी यही संदेश देना चाहिए जो संभवत: अपने चुनावी लाभ के कारण सरकार पर हमलावर हैं। हिंडेनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद अडाणी समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी में लगभग 100 बिलियन डालर की कमी आई। अपने निवेशकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए अडाणी समूह ने देश में सबसे बड़े 20,000 करोड़ रुपये की 'पब्लिक आफरिंग'-एफपीओ को रद्द करने का निर्णय लेना पड़ा है। समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने एक बयान में कहा, एफपीओ पर आगे बढ़ना 'नैतिक रूप से सही नहीं होगा।' वास्तव में पूरा शेयर बाजार, खासकर बैंकों के शेयर अडानी के शेयरों का मूल्य गिरने से प्रभावित हुए हैं। यहां तक आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने वाले शानदार केन्द्रीय बजट के बावजूद निवेशकों का उत्साह नहीं बढ़ा। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अडाणी के शेयरों में तेज गिरावट का संबंध केवल उनके संस्थागत या खुदरा प्रमोटरों व निवेशकों की चिन्ता से नहीं है, बल्कि इसका असर उन बैंकों पर भी पड़ सकता है जिन्होंने इस समूह को कर्ज दिया है। इससे सरकारी खजाने पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि देश के अधिकांश बैंक सार्वजनिक क्षेत्र में हैं और उनका नुकसान होने पर उनके पुन: पूंजीकरण की जरूरत होगी जिसका बोझ करदाताओं को वहन करना होगा। इस तथ्य पर गौर किया जाना चाहिए कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पुन: पूंजीकरण के लिए केवल चार साल में 2016-17 से 2020-21 के बीच करदाताओं के पैसे से 310,997 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए।




इस पृष्ठभूमि में देखें तो अमेरिकी शार्ट-सेलर हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट पर राजनेता वर्ग की प्रतिक्रिया जिम्मेदार नहीं कही जा सकती है। संकट के सीधे समाधान पर जोर देने के बजाय कुछ राजनेता इससे लाभ उठाना चाहते हैं। संसद में विपक्षी दलों ने अडाणी समूह के शेयरों में तेज गिरावट को देखते हुए भारतीय निवेशकों को पैदा जोखिम पर चर्चा की मांग की। उन्होंने एक संसदीय समिति या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति से जांच की मांग भी की। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इन मांगों को मानने से इनकार कर दिया जिससे दोनों सदनों में गतिरोध पैदा हो गया। इस प्रकरण का समाधान होना चाहिए क्योंकि गतिरोध किसी के हित में नहीं है। अडाणी समूह निवेशकों को समझाने में विफल रहा है। हालांकि, उसने हिंडेनबर्ग द्वारा उठाए सवालों का विस्तृत जवाब देते हुए हिंडेनबर्ग को 'मैनहटन का पागल' कहा है जिसकी 'कोई विश्वसनीयता या नैतिकता' नहीं है। अडाणी समूह ने यह भी कहा है कि हिंडेनबर्ग के आरोप 'केवल किसी खास कंपनी पर अनावश्यक हमले न होकर भारत पर सुनियोजित हमला हैं।' हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद 'भारत-विरोधी' शक्तियां किसी भी रूप में सक्रिय हो सकती हैं, लेकिन शायद निवेशक इसे फिलहाल समझने को तैयार नहीं हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत की नियामक संस्थायें जल्द ही मामले पर कार्रवाई कर 'दूध का दूध और पानी का पानी' कर देंगी। भारत की औद्योगिक व आर्थिक प्रगति के लिए भारतीय उद्यमों में निवेशकों तथा आम जनता का विश्वास बनाए रखना जरूरी है।

# विनाशकारी पुरानी पेंशन योजना

नई पेंशन योजना-एनपीएस ने यह मंच निजी क्षेत्र के लिए खोल कर असमानता समाप्त करने का प्रयास किया है। पुरानी पेंशन योजना विनाशकारी हो सकती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




**राज्यों** की वित्तीय स्थिति बेहतर हो रही है जो राज्यों के सरकारी कर्ज व जीडीपी के अनुपात से स्पष्ट है। 2021-22 में यह 31.2 प्रतिशत था जो बजट अनुमानों के अनुसार 2022-23 में 23 रह गया। लेकिन विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ राजनेता की लोकरंजक घोषणायें भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। इनमें से एक पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस को पुनर्जीवित करना है। लोकसभा में बयान देते हुए वित्त राज्यमंत्री भगवत किशनराव कराड ने कहा, 'राजस्थान, छत्तीसगढ़ व झारखंड की सरकारों ने केन्द्र सरकार को सूचित किया है कि वे अपने संबंधित कर्मचारियों के लिए ओपीएस योजना पुन: शुरू कर रहे हैं।' हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने भी ओपीएस की पुन: बहाली की घोषणा की है।

2023 में नौ राज्य विधानसभाओं के चुनावों को देखते हुए लगभग सभी गैर-भाजपा पार्टियां मतदाताओं को खुश करने के प्रयास कर रही हैं, इसलिए ज्यादा से ज्यादा राज्यों के इस सूची में शामिल होने की संभावना है। जहां तक केन्द्र सरकार के कर्मचारियों का मामला है, कराड ने संसद को सूचित किया कि केन्द्र ओपीएस को पुनर्जीवित करने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रहा है। सबसे पहले हमें पेंशन को समझना चाहिए। पेंशन का अर्थ वृद्ध या अशक्त होने पर किसी व्यक्ति की मासिक आय है जिसकी कमाने की क्षमता पहले जैसी नहीं रहती है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तथा रहन-सहन का खर्च बढ़ने के कारण वृद्धावस्था में अच्छे व गरिमापूर्ण जीवन के लिए सुनिश्चित मासिक आय और जरूरी हो गई है।

पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस के अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मासिक पेंशन के रूप में मिलता है। वर्तमान समय में सरकार द्वारा भुगतान की जाने वाली न्यूनतम पेंशन 9,000 रुपये प्रति माह है जबकि न्यूनतम पेंशन 62,500 रुपये प्रति माह है। यह केन्द्र सरकार द्वारा अधिकतम दिए जाने वाले वेतन 1,25,000 प्रति माह का 50 प्रतिशत है। सरकार अपेन कर्मचारियों को महंगाई भत्ता या डीए भी देती है जिसकी गणना मूल वेतन के प्रतिशत के रूप में होती है। इसका उद्देश्य जीवन के लिए बढ़ते हुए खर्च से निपटना है। मासिक पेंशनधारियों को भुगतान भी इसी प्रकार बढ़ता है। चूंकि डीए की घोषणा हर साल दो बार, आमतौर से जनवरी व जुलाई में होती है, इसलिए सेवानिवृत्त व्यक्ति की पेंशन भी बढ़ती है। उदाहरण के लिए, डीए में 4 प्रतिशत की वृद्धि होने पर 62,500 पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्ति की मासिक पेंशन बढ़ कर 65,000 हो जाती है। ओपीएस के अंतर्गत सरकारी कर्मचारी इससे बेहतर की उम्मीद नहीं कर सकता है। उसे 'पूर्व-निर्धारित' मासिक धनराशि के रूप में समुचित पैसा मिल जाता है। पेंशन को उसके जीवनकाल तक मुद्रास्फीति से सुरक्षित रखा गया था। सेवानिवृत्त कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को यही धनराशि सात साल तक मिलती है और उसके बाद पारिवारिक पेंशन उसके जीवनकाल तक घट कर लगभग 60 प्रतिशत रह जाती है। लेकिन सरकार के दृष्टिकोण से व्यवस्था इससे अधिक खराब नहीं हो सकती है। योजना के ढांचे को देखते हुए पेंशन दायित्व लगातार बढ़ता जाता है क्योंकि हर साल पेंशनधारियों की संख्या बढ़ती है। सेवा में आने वालों के ऊंचे वेतन, मुद्रास्फीति, इंडेक्सेशन, बढ़ती जीवन प्रत्याशा, आदि इसके कारण हैं। इससे पैदा स्थिति सबके सामने है। 1999-91 में केन्द्र का पेंशन पर खर्च 3,272 करोड़ रुपये था जो 2020-21 में 58 गुना बढ़ कर 190,886 करोड़ हो गया। सभी राज्यों का कुल खर्च 125 गुना बढ़ा और यह 1990-91 में 3,131 करोड़ रुपये से बढ़ कर 2020-21 में 386,001 करोड़ रुपये हो गया। कुल मिला कर राज्यों का पेंशन भुगतान उनके अपने कर राजस्व का एक चौथाई हो गया।

कुछ राज्यों के लिए पेंशन भुगतान उनके अपने कर राजस्व का और बड़ा हिस्सा है। हिमाचल प्रदेश में यह लगभग 80 प्रतिशत था, जबकि पंजाब व राजस्थान में यह क्रमश: 35 व 30 प्रतिशत है। सेवारत कर्मचारियों के वेतन व भत्तों के भुगतान तथा अन्य रूटीन खर्चों के बाद इन राज्यों में विकास व कल्याणकारी उपायों के लिए कोई पैसा नहीं बचता है। व्यावहारिक वित्तीय प्रबंधन के लिए हर साल सरकार को हर साल पूंजी जुटानी होती है जिस पर मिलने वाले रिटर्न से पेंशन दायित्वों का भारी बोझ वहन किया जाता है। इन दायित्वों का वहन करने का एक टिकाऊ आधार होना चाहिए ताकि बजट पर कोई दबाव न पड़े। संक्षेप में, पेंशन दायित्व की फंडिंग की जरूरत थी, लेकिन ऐसा कभी नहीं किया गया। इसके बजाय अतीत में केन्द्र और राज्यों ने 'पे एज़ यू गो' की नीति अपनाई जिसका प्रभाव उनके बजटों पर अनियंत्रित रूप से पड़ा। इसके साथ ही करदाताओं की वर्तमान पीढ़ी पर पेंशनधारियों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही कर राजस्व में लगातार आती कमी के कारण उनको ज्यादा से ज्यादा कर्ज लेना पड़ा जिसका बोझ करदाताओं की भावी पीढ़ियों पर भी पड़ना सुनिश्चित हो गया। वर्ष 2000 में सेबी के पूर्व अध्यक्ष एस.ए. दवे की अध्यक्षता में वृद्धावस्था सामाजिक एवं आय सुरक्षा-ओसिस पर गठित विशेषज्ञ समिति ने बताया कि कुल 31.4 करोड़ कामगार जनसंख्या में केवल 3.4 करोड़ लोगों या केवल 11 प्रतिशत को किसी प्रकार की सेवानिवृत्ति-पश्चात आय सुरक्षा प्राप्त थी। इनमें सरकारी पेंशन, कर्मचारी प्रावीडेंट फंड-ईपीएफ या कर्मचारी पेंशन योजना-ईपीएस शामिल हैं। बाकी कामगारों के पसा सेवानिवृत्ति के पश्चात कोई आर्थिक सुरक्षा नहीं थी। इस पृष्ठभूमि में देखने पर राज्यों के संसाधनों का बहुत बड़ा हिस्सा कामगार जनसंख्या के बहुत छोटे से हिस्से के लाभ पर खर्च होता है। इसे पूरी तरह असमानतापूर्ण व बिना सोचे-विचारे लागू योजना कहा जा सकता है। उपरोक्त सरोकारों को संबोधित करने के लिए एक नई पेंशन योजना-एनपीएस को शुरू किया गया जो 1 जनवरी, 2004 के बाद सरकारी सेवा में आने वाले कर्मचारियों के लिए थी। एनपीएस एक योगदान करने वाली योजना है जिसके अंतर्गत कर्मचारियों को अपने मूल वेतन व महंगाई भत्ते के कुल योग का 10 प्रतिशत योगदान करना होता है। सरकार इसमें कर्मचारियों के एनपीएस खातों के माध्यम से 14 प्रतिशत योगदान करती है। एनपीएस ओपीएस की सभी विसंगतियों से अलग है। इसमें स्ववित्तपोषित तथा पूर्ण फंडेड व्यवस्था है जो पेंशन दायित्व का वहन करती है और राज्य जानते हैं कि उनको 'कितना योगदान' करना होगा। इससे बजट पर कोई अनुचित दबाव नहीं पड़ेगा क्योंकि कर्मचारियों को अपने योगदान वाली धनराशि, सेवा में आने की आयु, निवेश के स्वरूप तथा उस निवेश से होने वाली आय के आधार पर अच्छी पेंशन मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत पेंशनधारक के सामने काफी लचीली व्यवस्था होती है और वह अपने फंड मैनेजर को कुल धनराशि के 50 प्रतिशत तक एक 'विकास फंड' में निवेश के लिए कह सकता है। यदि बेहतर मुनाफा देने वाले शेयरों में पैसा लगाया जाए तो कार्पोरेट बांडों या सरकारी सिक्यूरिटीज़ में निवेश का अच्छा लाभ मिलता है।

सरकार ने एनपीएस को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहनों की घोषणा भी की है, जैसे वेतन के 10 प्रतिशत पर 1,50,000 रुपये की सीमा तक धारा 80सी के अंतर्गत कर्मचारी के योगदान पर कर रियायत मिलती है। इसी प्रकार अतिरिक्त योगदान के लिए धारा 80सीसीडी-1बी के अंतर्गत तथा कर्मचारी के धारा 80सीसीडी-2 के अंतर्गत 50,000 रूपये की सीमा तक छूट मिलती है जो 80सी के अतिरिक्त होती है। एनपीएस ने निजी क्षेत्र को शामिल कर असमानता दूर करने में भी बहुत योगदान किया है। इससे असंगठित क्षेत्र के लोग भी सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

31 अक्टूबर, 2022 को सरकार के 8,200,000 कर्मचारी इसमें शामिल थे जिसमें राज्यों के 5,900,000 कर्मचारी तथा केन्द्र के 2,300,000 कर्मचारी थे। इनके अलावा कार्पोरेट क्षेत्र के 1,600,000 तथा असंगठित क्षेत्र के 2,550,000 कर्मचारी इस योजना में शामिल थे। इसके अतिरिक्त एनपीएस स्वावलंबन योजना के अंतर्गत 4,200,000 लोग भी शामिल हुए जो मुख्यत: गरीब व हाशियाकृत लोगों के लिए है। एनपीएस के अंतर्गत पेंशन दायित्वों की फंडिंग का टिकाऊ आधार तैयार करने में अच्छी प्रगति हुई है। ऐसे में राज्यों का ओपीएस योजना में वापस जाना एक प्रतिगामी कदम है। इससे हर हाल में बचा जाना चाहिए नहीं तो भारत राजकोषीय विभीषिका का शिकार हो सकता है। 2034 में उनको उन लोगों को पेंशन देना शुरू करनी होगी जो 2004 में एनपीएस के अंतर्गत आ गए थे और अब उनको वापस ओपीएस में डाला जा रहा है।

# तकनीकी शिक्षा एवं साइबर सुरक्षा का बढ़ता महत्व

**अभिषेक मित्रा**
(लेखक इंडियन सायबर सिक्योरिटी साल्यूशंस के संस्थापक व सीइओ हैं)



**स्टा**र्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार मौजूदा और नए व्यवसायों के लिए वैश्विक यूनिकॉर्न बनने के लिए एक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित पहल चलाने में सबसे आगे रही है। इसलिए, भारतीय साइबर सुरक्षा के द्वार पर युवा प्रतिभाओं को पेश करने के लिए भारतीय छात्रों को साइबर सुरक्षा को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा समय है। भारत में शिक्षा क्षेत्र युवाओं के बीच तकनीकी शिक्षा की सुविधा प्रदान करने और एक साथ इसकी प्रवृत्ति से निपटने के लिए विस्तृत मास्टरक्लास और क्रैश कोर्स दोनों के साथ उभर रहा है। यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है तो भविष्य में साइबर सुरक्षा रोजगार की भारी मांग होगी। भारत के साइबर सुरक्षा कॉलेज विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं जो स्थानांतरण स्थितियों के लिए प्रासंगिक हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की भारत में भारी मांग को देखते हुए, साइबर सुरक्षा शिक्षा का अध्ययन करने में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति को लंबे समय में लाभ होगा। तकनीकी शिक्षा जनशक्ति विकास को बढ़ावा देती है और व्यक्तियों को कौशल से लैस करती है जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग बनाने, विकसित करने और स्थापित करने में सक्षम बनाती है।

साइबर सुरक्षा और तकनीकी शिक्षा से संबंधित शिक्षा क्षेत्र में चर्चा के कई कारण हैं। भारतीय छात्रों को साइबर सुरक्षा और तकनीकी शिक्षा-आधारित पाठ्यक्रमों की ओर अधिक झुकाव देने वाले प्रमुख कारकों में से एक इन विषयों में कुशल संसाधनों की मांग की वैश्विक लहर है। मांग में यह उछाल प्रौद्योगिकी आधारित क्रांति के आगमन के साथ आया है जिसने सरकार से लेकर बैंकिंग तक सभी क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। डिजाइन के हिसाब से भी यह चलन सदाबहार है, क्योंकि उद्योगों की नई सीमा के लिए ज्ञान और तकनीक-कौशल-आधारित कार्यबल की आवश्यकता होगी। इसके चलते छात्र इससे जुड़े और कोर्स की मांग कर रहे हैं। साथ ही, एक टिकाऊ करियर की मांग भी है, जो फ्यूचर शॉक प्रूफ हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन के क्षेत्र में बढ़ती प्रगति मानव श्रम शक्ति के उन्मूलन का कारण बन रही है, इस चर्चा से हम सभी परिचित हैं। हालांकि, यह खतरा साइबर सुरक्षा और अन्य तकनीकी-आधारित नौकरियों के क्षेत्र में नहीं है क्योंकि इसके लिए नए ढांचे और फायरवॉल के निर्माण के साथ-साथ निरंतर मानवीय हस्तक्षेप और जांच की आवश्यकता होती है, यह आज के रूप में अकेले एआई या एमएल द्वारा कुशलतापूर्वक संभव नहीं है। नतीजतन, हाई स्कूल, सामुदायिक कॉलेज, नीति निर्माता और परिवार तेजी से बदलते भविष्य के लिए बच्चों को तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं, और भारतीय शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारक उन्हें बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इंटरनेट और सॉफ्टवेयर एकीकरण ने सभी उद्योगों, क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों को कैसे प्रभावित किया है, इसके परिणामस्वरूप एक सक्षम साइबर सुरक्षा जानकार और तकनीकी रूप से ध्वनि कार्यबल की भारी मांग विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न हुई है, जिससे एक मौलिक परिवर्तन आया है। चीजें की जाती हैं। वित्तीय संस्थान, कानून व्यवसाय, रियल एस्टेट कंपनियां, स्टॉक ब्रोकरेज फर्म, बीमा कंपनियां, और कई अन्य मांग की सीमा और मात्रा के उदाहरण हैं, जिसमें से छात्र चुन सकते हैं। सरकार को तकनीकी पाठ्यक्रमों के महत्व का एहसास हुआ और वे कैसे देश के समाज और अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकते हैं। सभी ज्ञान रूपों की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी अध्ययन में बहु-अनुशासन और समग्र शिक्षा नई शिक्षा नीति-2020 की एक प्रमुख विशेषता है।



सरकार ने राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न संस्थानों की स्थापना करके देश भर में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जिसमें 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान शामिल हैं। अनुसंधान और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए योजना (स्पार्क), डिजाइन नवाचार के लिए राष्ट्रीय पहल (एनआईडीआई), विज्ञान में परिवर्तनकारी और उन्नत अनुसंधान के लिए योजना (स्टार), आदि तकनीकी शिक्षा के प्रचार के लिए शिक्षा मंत्रालय में लागू की गई हैं और उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाया दिया जाता रहा है। साइबर सुरक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रचार के तेजी से विकास के लिए जिम्मेदार सहायक कारक टेक-फर्स्ट लेबर मार्केट में कुशल प्रतिभा की कमी है, जो सभी क्षेत्रों में संगठनों द्वारा विशाल और विविध मांग के साथ युग्मित है, मौद्रिक पारिश्रमिक काफी आकर्षक है। एक विशिष्ट अनुशासन या साइबर सुरक्षा के उप-क्षेत्र की ओर निर्देशित लघु-अवधि के प्रमाणन कार्यक्रम युवा छात्रों और पेशेवरों दोनों के बीच त्वरित गति और विशद लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं। ये इन विस्तृत अध्ययनों में एक त्वरित मार्गदर्शक और प्रवेश द्वार के रूप में कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में, भारतीय शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी अध्ययन, व्यावसायिक अध्ययन, और साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम जैसे जोखिम मूल्यांकन, वित्तीय धोखाधड़ी संरक्षण, और सिस्टम ऑडिटिंग से संबंधित गतिशील मांग में वृद्धि देखने को मिलेगी, साथ ही यह संस्थाओं एवं शिक्षा-तकनीकी कम्पनियों में परिलक्षित होगा।

## आप की बात

### खतरनाक पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में मस्जिद पर हुए फिद्रायीन हमले में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की घटना आतंकवादियों के बढ़ते हौसले का सबूत है। पाकिस्तान को इसे अपने द्वारा ही खोदे गए गड्ढे में खुद ही गिर जाने वाली घटना मानना चाहिए। देश के अंदरूनी हालात बद से बदतर हो रहे हैं, मगर पाकिस्तान का ध्यान अब भी भारत में आतंकवाद की फसल काटने पर ही है। यदि ऐसे हादसों के बाद भी पाकिस्तानी हुक्मरान और सेना अपने आतंकवादियों के प्रशिक्षण केंद्र को बंद नहीं करती हैं तो भविष्य में यह भस्मासुर खुद उसे ही भस्म कर देंगे। संभावना है कि आतंकियों के समर्थक जिहादी व कट्टरपंथी तत्व पाकिस्तान की सत्ता और परमाणु बम तक हथिया लेंगे। यह पाकिस्तान के शासकों के साथ ही दुनिया के उन देशों के लिए भी सबक है जो पाकिस्तान की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए उसके पुराने पापों को भुला कर उससे गलबहिंयां करने लगते हैं। दुनिया को उस भयावह स्थिति के बारे में विचार करना चाहिए जब पाकिस्तान के आणविक हथियार कट्टरपंथियों के हाथ लग जाएंगे और वे भारत समेत पश्चिमी देशों को नाभिकीय ब्लैकमेल का शिकार बनाने का प्रयास करेंगे। यह उत्तर कोरिया के बाद सर्वाधिक खतरनाक देश होगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### राक्षसी प्रवृत्ति

**प्राचीन** समय में निशाचरों को रूप बदलने की विद्या आती थी जिस कारण कालनेमि, मारीच, सूपर्णखा, पूतना, रावण सहित समस्त निशाचर अपना रूप बदलकर ऋषि मुनियों व ईश्वर भक्तों को पीड़ा पहुचाते थे। शायद भारत की वर्तमान राजनीति ने राक्षसों की रूप बदलने की प्राचीन परंपरा को जीवित कर दिया है। अभी भारत की आस्था के केंद्र श्री राम के जीवन पर आधारित रामचरितमानस को लेकर सपा के राष्ट्रीय सचिव स्वामी प्रसाद मौर्या ने ऐसी टिप्पणी की है जिससे देश का हिन्दू समाज आहत है। स्वामी प्रसाद मौर्या अपने बयान पर कायम है और लगातर उसमें नए-नए आयाम जोड़ते जा रहे हैं। शायद अखिलेश यादव सहित समस्त सपाइयों का इसमे सहयोग व पूर्ण समर्थन है। यह केवल राजनीतिक लाभ पाने के लिये भारत की सबसे प्राचीन परंपरा को बदनाम करने की सोची समझी साजिश है ये। यही स्वामी प्रसाद मौर्या जब भाजपा में बड़े मंत्री थे तब इनके मुख से कभी भी कोई टिप्पणी ऐसी नही आई। देखना होगा कि देश-प्रदेश की जनता मौर्य व अखिलेश यादव की अवसरवादिता व राक्षसी प्रवृत्ति का चुनावों में कैसा जवाब देती है।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद


### विपक्षी विलाप

**आम** बजट आम लोगों के साथ ही सभी वर्गों को संतुलित और व्यवहारिक लगा किन्तु विघ्नसंतोषी विपक्षियों को नागवार लगा। इसका प्रमुख कारण यह है कि उन्हें कभी भी सरकार की बात उनके मन को भायी ही नहीं तब बेहतर बजट भी असंतुलित लगना स्वाभाविक ही है। पूर्व वित्तमंत्री पी चिदम्बर ने कहा कि इसमें गरीबी और बेरोजगारी मिटाने के लिए कुछ नहीं, जैसे वित्त मंत्री रहते हुए उन्होंने तो सारी गरीबी और बेरोजगारी मिटा कर ही रख दी थी। मजेदार बात है कि उनके बेटे कीर्ति चिदम्बर ने बजट का स्वागत किया। कुल मिलाकर बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है साथ ही सभी ने इसका स्वागत किया है। विपक्ष ने भाजपा पर चुनावी बजट पेश करने का आरोप भले ही लगाया हो, पर वित्त मंत्री ने जोखिम उठाते हुए भी लोकरंजक योजनाओं से दूरी बनाए रख कर अच्छी राजनीति व अच्छी अर्थनीति में भी संतुलन बनाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी देश के बेघरों को घर तथा हर घर को नल से जल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जबकि विपक्ष ने कभी इतना बड़ा सपना देखा ही नहीं था।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारतीय** रेलवे का आबंटन 2.40 लाख करोड़ हो गया है जो अब तक सबसे ज्यादा तथा 1993 का 6 गुना है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्तमंत्री



**यह** कर्मचारियों या नई भर्ती के लिए है अथवा निजी कंपनियों को बेचने के पहले रेलवे आधुनिकीकरण के लिए है।

– **भूपेश बघेल**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री



**यह** बजट गरीब-विरोधी व जन-विरोधी है। मैं इसकी निन्दा करती हूं।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

# कमिश्नर, डीएम ने रामपथ का लिया जायजा



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने 02 फरवरी 2023 को देर शाम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख सम्पर्क मार्गो यथा जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर) तथा राम पथ (सहादतगंज से नयाघाट) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारी द्वय ने जन्मभूमि पथ के कार्य में तेजी लाने व जीएसबी का कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया तथा पर्याप्त मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर अपेक्षित समय के अन्दर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। तदोपरांत अधिकारी द्वय रामपथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यो का जायजा लिया गया इस दौरान अधिकारी द्वय ने स्टार्म वाटर ड्रैनेज युटीलिटी डक्ट के निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिक से अधिक मानव संसाधन/मशीनरी लगाकर कार्य को तीव्र गति से कराने के निर्देश सम्बंधित कार्यदायी संस्था को दिये। इस दौरान अधिकारी द्वय द्वारा मार्ग के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण से संबंधित अन्य कार्यो यथा बैनामें, दुकानों/भवनों के ध्वस्तीकरण तथा मलबा हटाने के कार्य को भी तीव्र गति से कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इसी के क्रम में आज 03 फरवरी 2023 को मण्डलायुक्त महोदय व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड.3 व 4, सीओ अयोध्या, सहायक अभियन्ता एवं जूनियर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड.3 तथा कान्ट्रेक्टर के साथ मण्डलायुक्त कैम्प कार्यालय में बैठक कर राम पथ को कई चैनेज में विभाजित कर प्रत्येक चैनज में अलग.अलग पर्याप्त मानव संसाधनध्मशीनरी व साइड इंजीनियर लगाकर प्रत्येक दिन की कार्य योजना बनाकर योजनाबद्व तरीके से रोजाना के लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति कराने तथा अपेक्षित समय के अंदर कार्य पूर्ण करने हेतु कान्ट्रेक्टर को निर्देशित किया। उन्होंने डक्ट निर्माण में अच्छी सामाग्री एवं कारीगरी का प्रयोग करने तथा डक्टध्नाली के अन्दर और बाहर दोनों तरफ अच्छी फिनिशिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने अपर जिलाधिकारी नगर व पुलिस अधीक्षक नगर को कान्ट्रेक्टर के नियमित सम्पर्क में रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सी0ओ0 अयोध्या को भी नियमित निर्माण कार्य क्षेत्र में भ्रमण शील रहने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडब्लूडीए विद्युतए नगर निगमए जलनिगम आदि विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने तथा जन सामान्य की समस्याओं को भी गम्भीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण कराते रहने के निर्देश दिये। अधिकारी द्वय ने जन सामान्य को आवागमन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित रखते हुये कार्य कराने तथा सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

## धान खरीद केंद्र प्रभारी के विरुद्ध सरकारी धन के गबन का मुकदमा

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** धान खरीद में मनमानी कर तीन हजार 812 कुंतल धान की हेरा फेरी करने वाले केंद्र प्रभारी के विरुद्ध सरकारी धन के गबन का मुकदमा थाना अलीगंज में पंजीकृत किया गया है। पीसीएफ प्रबन्धक सुशील कुमार की तहरीर पर अलीगंज पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला सहकारी समिति मखदूम नगर का है। बीते 26 जनवरी को फर्जी खरीद का मामला सामने आया था। 27 जनवरी को पीसीएफने मामले की जांच कराई तो पाया गया कि 38 12 कुंतल धान का घोटाला किया गया है। कागजों में 55 सौ कुंतल से अधिक धान का स्टॉक दिखाया गया था लेकिन मौके पर 16 सौ कुंतल धान ही मिला। मामले की जांच तहसीलदार टाण्डा आलोक रंजन सिंह ने की थी।मामला उजागर होने के बाद पीसीएफ प्रबन्ध ने केंद्र प्रभारी राधेश्याम वर्मा पुत्र राम उजागिर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# पुलिस और सर्विलांस टीम ने चोरी के दस जनरेटरों के साथ आधा दर्जन चोरों को किया गिरफ्तार



**मिल्कीपुर अयोध्या।** जेपी मैरिज लॉन के बाहर लगे जनरेटर कि चोरी होने के एक पखवारे बाद खंडासा पुलिस ने सर्विस लांस टीम की मदद से अंतर्जनपदीय जनरेटर की चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, एसएसपी/ पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज ने गिरोह की धरपकड़ करने वाली पुलिस टीम को 20000 हजार रुपए इनाम की घोषणा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खंडासा अंतर्गत महात्मा गांधी चौराहा स्थित जेपी मैरिज लान के बाहर लगे 40 किलोवट के जनरेटर को अज्ञात चोरों ने बीते 21 जनवरी 2023 की रात किसी वाहन से टोचन कर गायब कर दिए थे। जनरेटर मालिक विजय कुमार पुत्र कुंज बिहारी पहले जनरेटर का काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता जब नहीं लग सका तो एक फरवरी को थाना खंडासा पहुंचकर चोरी हुए जरनेटर के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया था।

मुकदमा दर्ज होने के बाद खंडासा पुलिस स्वास्थ सर्विस लांस टीम जरनेटर चोरी करने वाले गिरोह की तलाश में जुटी थी। खंडासा पुलिस को सूचना मिली कि आधा दर्जन संदिग्ध लोग मड़हा पुल इब्राहिमपुर के पास ठेलिए पर एक जनरेटर लाटकर कहीं ले जा रहे हैं। जानकारी होते ही थानाध्यक्ष खंडासा मनोज यादव, उप निरीक्षक विनय यादव, प्रमोद कुमार, राहुल कुमार यादव, सर्विस लांस हेड कांस्टेबल चंद्रभान यादव, कांस्टेबल सौरभ, धर्मेंद्र यादव, अंशु यादव, प्रमोद यादव, धर्मवीर सिंह मनीष कुमार मौके पर पहुंचकर सभी संदिग्ध लोगों को पकड़ कर थाने ले गई। पुलिस की कड़ाई से पूछतांछ करने पर लोगों ने बताया कि साहब हम लोग टेन्ट हाउस, लाइट, डीजे का काम करते हैं तथा आपस में गैंग बनाकर रात में विभिन्न स्थानों से जनरेटर चोरी कर लेते थे। महात्मा गांधी चौराहा स्थित जेपी मैरिज लाल के बाहर से जरनेटर चोरी करने की बात भी कबूल की।

# ग्राम पंचायत में कायाकल्प संबंधित अधूरे कार्य तत्काल पूरा कराएंः डीएम

- समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में वर्ष 2022.23 में आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में कराये गये कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पंचायत भवन का अनुरक्षण, कायाकल्प, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय आपेशन कायाकल्प, आंगनबाडी केन्द्र, एएनएम सेन्टर कायाकल्प तथा शासकीय विद्यालय एआंगनबाडी केन्द्र में शौचालय मरम्मत की बिंदुवार समीक्षा की गई।

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) तथा ग्राम पंचायत सचिव से ग्राम पंचायत में कराये गये कायाकल्प एवं मूलभूत सुविधाओं से असंतृप्त विद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट मय फोटोग्राफ सहित एक एक कर समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में कायाकल्प संबंधी जो भी कार्य पूरे नहीं हुए हैं उसे तत्काल पूरा कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्र, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी अवनीश कुमार श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव तथा संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## नयी मुख्यमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रारम्भ

**अयोध्या।** जनपद में पटटे के तालाबों के लिये नयी मुख्यमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रारम्भ हुई है। इस योजनान्तर्गत दो परियोजनाएं संचालित होंगी। जिसमें मत्स्य उत्पादन हेतु प्रथम वर्ष निवेश परियोजना व मत्स्य बीज बैंक की स्थापना है। योजना में विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन 07.02.2023 से प्रारम्भ होकर 16.02.2023 तक किए जा सकेगें। योजना में तालाबों के ऐसे सभी पट्टाधारक आवेदन कर सकते हैं, जिनके पट्टे की अवधि न्यूनतम 4 वर्ष अवशेष हो। योजना हेतु आवेदक को इकाई लागत रू0 4.00 लाख प्रति हे0 पर 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। एक आवेदक को योजनान्तर्गत अधिकतम 2.00 हे0 जलक्षेत्र तक लाभ अनुमन्य है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रकियाए आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# माघ मेला में कवियों, समाजसेवियों का हुआ सम्मान

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र अरैल सेक्टर में आयोजित कवि सम्मेलन में प्रख्यात हास्य कवि ने अपनी कविताओं से पूरे माहौल को खुशनुमा कर दिया। जितने का धुआं तेरे कारखाने देते होंगे उतने का साधु जी चिलम फूंक देते हैं। जितने की दाल रोटी खाते पाकिस्तान वाले उतने का बिहारी सुर्ती खाकर थूक देते हैं की पंक्तियों में बिहारी लाल अंबर ने खूब तालियां बटोरी। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल की ओर से माघ मेला शिविर अरैल में में आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में कवियों ने अपनी अपनी रचना को गाकर खूब वाहवाही लूटी। मेला के प्रशासनिक अधिकारियों सहयोगी विभागों के कर्मचारियों सफाई कर्मियों एवं सरस्वती परिवार के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक सत्य नारायण पाल सेक्टर पर्यवेक्षक विशिष्ट अतिथि सभा शंकर द्विवेदी संजय कुमार एफएसएसओ हंसराज सिंह राम मिलन यादव जल विभाग मूल चंद विजली विभाग आशुतोष त्रिपाठी जिला महामंत्री संदीप गोस्वामी को अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं



समाजसेवियों को सम्मानित करते अतिथि।

संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों एवं संस्थान पदाधिकारियों द्वारा कवियों कवियित्रियों में बिहारी लाल अंबर अजय प्रेमी विपिन बिहारी त्रिपाठी अमित शर्मा हुमा अकसीर बृजेंद्र पाठक श्रेया मिश्रा अमन शास्त्री सुशील शुक्ला हर्ष सुधांशु शुक्ला अली इलियासको सम्मानित किया गया। आयोजक प्रबंधक सचिव कुंवर जी तिवारी द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया। संयोजक प्रभाकर तिवारी द्वारा कुशल मंच संचालन किया गया। मनीष पांडेय सुनील मिश्रा विकास मिश्रा धीरज यादव सहदेव चौरसिया महेश प्रसाद केसरवानी सुनील कुशवाहा ऋषि दीक्षित प्रवीण तिवारी अनिल विश्वकर्मा सुशील श्रीवास्तव वृजेश तिवारी आशीष जायसवाल दिलीप चन्द्र पाण्डेय मुकेश गुप्ता शिवम् पाण्डेय नीरज यादव विष्णु केसरी अभिषेक शर्मा माला सुनीता द्विवेदी भारती भूषण चंद्र भूषण बब्रुवाहन सिंह आत्म प्रकाश यादव निखिलेश पाण्डेय मंयक पाण्डेय दिनेश यादव बबीता जायसवाल अनुराग पाण्डेय ओम प्रकाश श्रीवास्तव अंजली तुलसी तिवारी सौरभ यादव आदि उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### चाय विक्रेता ने किया कमरे में ब्लेड से काटा गला, मौत

**प्रयागराज।** नगर के मुट्ठीगंज कोतवाली अंतर्गत अहिराना गली अहियापुर मोहल्ले में बृहस्पतिवार की रात एक चाय विक्रेता ने ब्लेड से गला काटकर आत्महत्या कर लिया। घरवालों को कहना है कि वह ब्लड प्रेशर का मरीज था। जिसकी वजह से डिप्रेशन में चला गया था। उसका इलाज कराया जा रहा था। मुट्ठीगंज के अहियापुर अहिराना गली निवासी हीरालाल कुशवाहा का बड़ा बेटा सोनू कुशवाहा 38 पास के चौराहे पर ही चाय की दुकान चलाता था। करीब दो तीन साल से वह ब्लड प्रेशर का मरीज हो गया था। दवा चल रही थी लेकिन बीपी हाई होने की वजह से अक्सर और परेशान हो जाता था। जिसकी वजह से कई बार उसका नुकसान हो चुका था। बीपी की वजह से ही वह डिप्रेशन में चला गया था। रात में करीब आठ बजे वह दुकान से अपने घर आया और खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। उसके बाद सोनू ने ब्लेड से कई जगह से अपना गला काट लिया। जब उसकी चीख निकलने लगी तो घरवालों को शक हुआ। दरवाजा अंदर से बंद था पुलिस को सूचना दी गई। कुंडी तोड़ी गई तो अंदर व खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। पुलिस वाले उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए जहां उसने दम तोड़ दिया।

### एसडीएम और तहसीलदार ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, 12 डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए

**अंबेडकरनगर।** शुक्रवार सुबह डीएम के निर्देश पर अकबरपुर सदर उपजिलाधिकारी पवन जयसवाल व तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने संयुक्त जिला चिकित्सालय अंबेडकर नगर का सुबह 9.00 बजे औचक निरीक्षण किया गया। एसडीएम व तहसीलदार के निरीक्षण में जिला अस्पताल के बारह डॉक्टर नदारद मिले। डॉक्टर की अनुपस्थिति की रिपोर्ट एसडीएम द्वारा जिलाधिकारी को सौप दी गयी है।



बताते चले कि जिला अस्पताल में डॉक्टर के समय पर न बैठने से दूर दराज से आए मरीजों का बुरा हाल हो जाता है।सरकार चाहे लाख कवायद कर ले एकि सरकारी अस्पताल में मरीजों का मुफ्त इलाज के साथ एक अच्छी सुविधा इलाज के दौरान दी जाएगी।

### हरिकेश बने सीजेएम संतकबीरनगर



**संतकबीरनगर।** जिला एवं सत्र न्यायालय न्यायिक प्रतिष्ठान में सिविल जज सीनियर डिवीजन हरिकेश कुमार को रजिस्ट्रार इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीजेएम पद पर तैनाती दी है। कुमार जनपद में सर्वप्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पद पर रहे। इसके बाद सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायिक अधिकारी बने रहे। ज्ञात हो कि मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) महेन्द्र कुमार सिंह को रजिस्ट्रार इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर जिला जज के पद पर तैनाती दी। जिसके बाद सीजेएम पद रिक्त रहा। इस पद पर हरिकेश कुमार की तैनाती हुई।

### गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** थाना अलीगंज पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ कर उनके पास से दो किलो 640 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर दोनो के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया। उक्त सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अलीगंज निरीक्षक विजेन्द्र शर्मा ने बताया कि थाने पर तैनात उपनिरीक्षक जय करन सिंह हेड कांस्टेबल अखलाक अहंमदएसिपाही दीपक पांडेय क्षेत्र देखभाल पर मामूर थे कि इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आसोपुर की तरफदो व्यक्ति अवैध गांजा लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने आसोपुर चकिया मोड़ पर रेलवे क्रासिंग के पास घेरा बंदी कर दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया।जिनके पास झोले में अवैध गांजा बरामद हुआ जिसकी तौल कराने पर वजन दो किलो 640 ग्राम निकला। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम मनोज कुमार पुत्र सत्यनरायन निवासी मोहल्ला कश्मिरिया थाना टाण्डा व दूसरे ने अपना नाम सज्जाद पुत्र बुलाकी निवासी मरैला लोरपुर थाना अकबरपुर बताया दोनो के विरुद्ध धारा 8द20 नारकोटिक्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया गया जहां से न्यायालय ने दोनो को जेल भेज दिया।




## विकसित और समृद्ध भारत की होगी परिकल्पना

**प्रयागराज।** इकहत्तर वर्षों के अनुभव के माध्यम से प्राप्त एक समृद्ध विरासत के साथ विश्व स्तर पर जाना जाने वाला स्वदेशी परफ्यूम ब्रांड अजमल परफ्यूम्स एक नए अवतार में आर्टिसन कंसन्ट्रेटेड परफ्यूम ऑयल्स की रेंज को पेश की है। आर्टिसन कंसन्ट्रेटेड परफ्यूम बारह एक्सक्लूसिव अल्कोहल फ्री लग्शरीअस ऑयल्स का कलेक्शन हैं। जिन्हें स्लीक और सुविधाजनक रोल ऑन फॉर्मेट में शानदार तरीके से तैयार किया गया है। वह किसी भी डाइल्यूट परफ्यूम ऑयल वाले परफ्यूम स्प्रे की तुलना में इनकी खुशबू ज्यादा देर तक रहती है। कस्तूरी जुनिपर और लैवेंडर से लेकर पचौली एम्बर और ब्लैक करंट तक हर कम्पोजिशन बेहद शानदार और मदहोश करने वाली है। अजमल ग्रुप के सीईओ अब्दुल्ला अजमल कहते हैं कि नई कैटेगरी जिसका उद्देश्य विकसित भारतीय मिलेनियल्स और जेन जेड के लिए सुलभ सशक्त और अद्वितीय सुगंध बनाना है। परफ्यूम्ड ऑयल अल्कोहल फ्री फार्मूलेशन लंबे समय तक रहने वाली इंटेस खुशबू प्रदान करता है।

# योग से ही होती है आनंद की अनुभूतिः अपर मुख्य सचिव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के रजत जयंती वर्ष में स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज बेंगलुरु द्वारा अनुदानित थैरेप्यूटिक योगा पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में किया गया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार आईएएस अपर मुख्य सचिव उप्र शासन लखनऊ ने कहा कि हर समय जीवन में आनंद की अनुभूति हम सभी के जीवन का लक्ष्य है। जिसे योग के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। योग को सर्वमान्य रूप से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। आध्यात्मिक यात्रा को आज के विज्ञान की यात्रा के साथ जोड़ सकें। नए आयाम स्थापित कर सकें। हमें योग के अष्टांगिक मार्गों का अनुसरण करना चाहिए। कुमार ने कहा कि प्राणायाम का प्रभाव मस्तिष्क पर पड़ता है। प्राणायाम शरीर और मन के बीच का सेतु है। मन को नियंत्रित करके योग के चरम बिंदु तक पहुंचा जा सकता है। मन को स्थिर करने चित्त वृत्ति निरोध की यात्रा भी योग के द्वारा ही संभव है।




कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

हम राग द्वेष में उलझे हुए हैं। चेतन तत्व को नहीं देख पाते हैं क्योंकि प्रकाश पर आवरण पड़ा है। यम और नियम से ही हमारे विचारों में शुद्धता आती है। अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर अविनाश चन्द्र पांडेय निदेशक आईयूएसी नई दिल्ली ने कहा कि योग विज्ञान महत्वपूर्ण धरोहर है। योग विज्ञान केंद्र की स्थापना प्रधानमंत्री ने की। योग को व्यापक अर्थ में जीवन का अंग बनाएं। योग के साधक आएं और योग की विधाओं से जनमानस को लाभान्वित करें। आज योग को उसके वास्तविक रूप में समझना होगा। समाज का उन्नयन हो एवं मानवता का भला हो। सारस्वत अतिथि एवं बीज वक्ता डॉ मिलिंद देवगोयंकर निदेशक आरोग्य धाम चित्रकूट ने कहा कि योग का मस्तिष्क के ऊपर असर होता है। योग करने से मस्तिष्क का वॉल्यूम बढ़ जाता है। यह प्रतिपादित हो चुका है कि ऊं का उच्चारण करने से मन की स्थिरता बढ़ती है। संयोजक एवं स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर जी एस शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देशन में आयोजित संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव विनय कुमार ने किया।

# न्यायमूर्ति मनोज मिश्र की आज फुलकोर्ट में होगी विदाई

### सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज मिश्र को शनिवार चार फरवरी को मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में फुलकोर्ट फेयर वेल में विदाई दी जायेगी।विदाई समारोह में मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल सहित सभी न्यायमूर्ति न्यायिक अधिकारी व भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह दस बजे से होगा।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर के ओझा ने सभी अधिवक्ताओं से ड्रेस में समारोह में शामिल होने की अपील की है।न्यायमूर्ति मनोज मिश्र को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इनके साथ सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने पांच जजों के नाम प्रस्तावित किए थे। जिस पर केंद्र सरकार ने सहमति प्रदान कर दी है। न्यायमूर्ति मिश्र के सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त होने पर अधिवक्ताओं ने बधाई दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ डी वाई चंद्रचूड़ व केंद्र की मोदी सरकार के प्रति आभार जताया है। आभार जताने वालों में महासचिव एस डी सिंह जादौन संयुक्त सचिव आशुतोष त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी पूर्व शासकीय अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्र अधिवक्ता मृत्युंजय तिवारी केंद्र सरकार के अधिवक्ता कृष्ण जी शुक्ल एन के चटर्जी शरद चन्द्र मिश्र यंग लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी महासचिव जे बी सिंह उपाध्यक्ष भानु देव पाण्डेय अरविंद कुमार मिश्र आद्या प्रसाद तिवारी राजीव शुक्ला आदि शामिल हैं।

**कार्यक्रम में पचास से अधिक कलाकार लेंगे हिस्साः** प्रयागराज। दुनिया भर में कोक स्टुडियो को मिली ज़बरदस्त सफलता के बाद कोका कोला ने आज मुंबई में कोक स्टुडियो इंडिया के लांच की घोषणा की। इस सीज़न में देश भर से पचास से अधिक कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। जो दस से अधिक यादगार टैक्स बनाने के लिए एक मंच पर इकट्ठा हुए हैं।

# मगहर महोत्सव होगा भव्य डीएम ने सभी को किया आमंत्रित

**संतकबीरनगर।** मगहर महोत्सव समिति अध्यक्ष/जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने शुक्रवार को जनपद के सभी जनप्रतिनिधिगणों, सम्मानित ग्राम प्रधानों सहित सम्पूर्ण जनपदवासियों से महाकवि एवं सूफी संत कबीर की धरती संत कबीर नगर के कबीर चौरा मगहर के प्रांगण में आगामी 07 से 09 फरवरी 2023 तक आयोजित होने वाले मगहर महोत्सव में व्यापक स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु और महोत्सव/मेले में लगायी जा रही प्रदर्शनियों/विभागीय स्टॉलों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत होने के साथ-साथ महोत्सव में चर्चित कलाकारों द्वारा लोक गायन, नाट्य एवं सुगम संगीत, कबि सम्मेलन, नृत्य आदि आयोजित कार्यक्रमों में पधारने हेतु आमंत्रित किया है। 07 फरवरी से 09 फरवरी 2023 तक मगहर महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों भव्य प्रस्तुति की जाएगी, पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में



आगामी 07 फरवरी 2023 को अपरान्ह 01 बजे महोत्सव के उद्घाटन के उपरान्त अपरान्ह 03 बजे तक विद्यालय के छात्रध्छात्राओं द्वारा स्वागत, उद्बोधन, बन्दना एवं स्मारिका विमोचन आदि का कार्यक्रम रखा गया है। 03 बजे से 05 बजे तक विद्यार्थियों द्वारा अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। 05 बजे से 05:45 बजे तक बृजकिशोर तिवारी एवं टीम द्वारा लोकगीत गायन तथा सांय 05:45 बजे से रात्रि 06:45 बजे तक जादूगर राकेश श्रीवास्तव एवं टीम की प्रस्तुति की जाएगी।

## डीएम के निर्देश पर हो रही भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, मचा हड़कंप

**बस्ती।** एसडीएम हर्रैया अतुल आंनद के द्वारा भूमाफिओं के खिलाफचलाए जा रहे अभियान से पूरे तहसील में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देष पर हो रही है। एक दिन पहले इन्होंने ग्राम खम्हरिया सुजात में 50 लाख के सरकारी जमीन को ग्राम सभा के नाम कराने का आदेष दिया था, और दूसरे दिन इन्होंने बेलसड़ में बुलडोजर चलवाकर सरकारी जमीन पर से कब्जे को हटाया। वैसे भी हर्रैया तहसील में सबसे अधिक सरकारी जमीनों पर भूमाफिआओं ने तहसील वालों की मिली भगत से सालों से कब्जा कर रखा है। कई जमीने तो बेच तक दी गई। जिस विष्वास के साथ डीएम ने इन्हें हर्रया तहसील का प्रभार दिया, उस विश्वास पर यह अब तक खरा उतरे है। इनके कार्यकाल में सबसे अधिक सरकारी जमीनों पर से कब्जा हटवाया जा चुका है। चालान भी सबसे अधिक किए गए। सरकारी जमीनों के पुराने मामले का निस्तारण भी इनके कार्यकाल में सबसे अधिक हो रहा है।

## मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना की बैठक आयोजित



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार ऐसे अधिष्ठान जहां पर 40 से अधिक कार्मिक संविदा पर कार्यरत हों, वहां पर न्यूनतम 2.5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक शिक्षु रखे जाएंगे। जिन्हें 01 वर्ष तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षुओं को प्रतिमाह प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जायेगा।

डीएम ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी अधिष्ठानों को वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा और शिक्षु संख्या निर्धारित होने पर उतने शिक्षुओं को रखना अनिवार्य होगा। उद्योग विभाग द्वारा प्रत्येक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाई का पंजीकरण कराकर शिक्षुओं को रोजगार दिया जाये। अन्य विभागों के माध्यम से भी शिक्षुओं की भर्ती जिसकी प्रत्येक माह आयोजित होने वाली उद्योग बन्धु की बैठक में समीक्षा भी की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अप्रेंटिसशिप के लिए जनपद के सभी विकास खण्डों में कैम्प का आयोजन कर शिक्षओं की भर्ती सुनिश्चित की जाए। सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिुओं की भर्ती कर अनुपालन आख्या 10 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# विरोधी खेमा पस्त, संर्घष को मिली जीत, रचा इतिहास

- 18 सांसद और 85 विधायक के क्षेत्र से जीत कर लहराया परचम
- स्नातक चुनाव में प्रथम चक्र में जीतने वाले पहले एमएलसी बने
- 'वन मैन आर्मी' के रुप में उभरे बस्ती के प्रतिनिधि हरीश सिंह



**बस्ती।** गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक का चुनाव जीतकर इतिहास रचने वाले 'देवेंद्र प्रताप सिंह' ने दिखा दिया, कि व्यक्तित्व, व्यक्तिगत संबध और मेहनत के बल पर भी इतने बड़े चुनाव को जीतकर रिकार्ड बनाया जा सकता है। यह पहले ऐसे नेता है, जिनका सम्मान विपक्ष के लोग भी करते हैं, और चाहते हैं, कि इस तरह नेता सदन में रहे। पक्ष और विपक्ष के लोगों से किस तरह मधुर संबध बनाया और निभाया जाता है, कोई इनसे सीखे। इनकी सबसे बड़ी ताकत कोई पार्टी नहीं बल्कि इनकी कर्मठी टीम है। आधा चुनाव तो यह अपने कर्मठी टीम के दम पर जीतते है। टीम की मेहनत और इनके जानदार-सानदार व्यक्तित्व का नतीजा रहा कि स्नातक चुनाव को 'प्रथम चक्र' में जीतने वाले यह पहले प्रत्याषी बन गएं हैं। जीत का इन्होंने एक ऐसा रिकार्ड बनाया, जिसका टूटना आसान नहीं होगा। 17 जिलों के 18 सांसद और 85 विधायक क्षेत्र से इन्होंने जीत का परचम लहराया। कहा भी जा रहा है, कि अगर पार्टी पूरे मनोयोग से चुनाव में लगती तो जीत का अंतर और अधिक होता। 'नेताजी' की जीत में बस्ती से इनके प्रतिनिधि 'हरीष सिंह' वन मैन आर्मी के रुप में उभरे है। 'नेताजी' की तरह इन्होंने भी जिले में एक मजबूत प्रतिनिधि की भूमिका को बखूबी निभाया। जीत के बाद 'नेताजी' की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई, इन्हें अब अपनी आवाज को सड़क से लेकर सदन तक और धार देना होगा। स्नातकों की आवाज को इन्हें रोजगार तक ले जाना होगा। चार बार जीत का रिकार्ड बनाने वाले 'नेताजी' को पूर्वांचल के लोग इन्हें मंत्रिमंडल में देखना चाहते है। स्नातक चुनाव में परिणाम को अगर देखा जाए तो प्रथम चक्र में पहली बार नेताजी को जीत मिली। आधे से अधिक अकेले मत प्राप्त करके इन्होंने एक इतिहास रचा है।

# कहां विलुप्त हो गए प्रकृति के सफाई कर्मी गिद्ध?

**निघासन-खीरी।** इको सिस्टम को संतुलित बनाए रखने के लिए हर एक की अहम भूमिका है, चाहे वह इंसान हो, पेड़ पौधे, या पशु पक्षी। आइए जानते हैं आज एक ऐसे विलुप्त प्राय परिंदे गिद्ध के बारे में, जिसे प्रकृति का नायाब सफाई कर्मी कहा जाता है। इंसान की बढ़ती जरूरतों तथा विभागीय उदासीनता की वजह से आज गिद्धों की संख्या करोड़ों से मात्र हजारों में रह गई है। सूत्रों के अनुसार 1990 के दशक में भारत में गिद्धों की संख्या चार करोड़ से ज्यादा थी लेकिन अब इनकी संख्या हजारों में सिमट गई है। रामचरितमानस के एक प्रसंग में जब भगवान राम अपनी भार्या सीता की तलाश में वन वन भटक रहे थे तभी उनकी भेंट संपाती नामक गिद्ध से हुई थी। संपाती ने कहा था कि मैं देखंहु तुम नाही गीधहि दृष्टि अपार। अर्थात गिद्ध हजारों फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरकर अपना भोजन यानी मृत जानवरों के सड़े गले शवों को देख लेता है और उसे खाकर प्रकृति के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखता है। गौरतलब है कि 1990 के दशक में निघासन क्षेत्र में ही हजारों गिद्ध मौजूद थे लेकिन अब लगभग बिल्कुल गायब हो गए हैं। वैज्ञानिक रिसर्च के अनुसार गिद्धों की लाइफ बर्बाद करने में पशुओं में प्रयोग की जाने वाली दो दवाएं आक्सीटोसिन और डाइक्लोफेनेक ने प्रमुख भूमिका निभाई है। ज्ञातव्य है कि आक्सीटोसिन पशुओं का दूध निकालने में प्रयोग होती है जबकि डाइक्लोफेनेक का इस्तेमाल पशुओं में दर्द और सूजन दूर करने के लिए होता है। इन दोनों दवाओं के सेवन के पश्चात जब जानवर मर जाता है फिर उसे गिद्ध खाते हैं उसी समय गिद्धों का जीवन विनाश की ओर अग्रसर हो जाता है। कालांतर में निघासन क्षेत्र में दोनों दवाओं का इस्तेमाल पशुओं पर खूब किया गया जिसकी वजह से यहां से गिद्ध गायब हो गए। उल्लेखनीय है कि डाइक्लोफेनेक की वजह से गिद्धों की किडनी फेल हो जाती है और वो मर जाते हैं जबकि आक्सीटोसिन की वजह से गिद्धों में बांझपन पैदा हो जाता है जिसकी वजह से गिद्धों की प्रजाति वृद्धि नहीं कर पाती।

**● करोड़ों से मात्र हजारों पर रह गई है गिद्धों की संख्या**

गौरतलब है कि जहां अन्य पशुओं द्वारा खाए जाने वाले मृत पशुओं कु बात है तो गिद्ध की बराबरी कोई नहीं कर सकता। कुत्ते, बिल्ली, सियार जैसे जानवर जब दूसरे पशुओं का सड़ा गला मांस खाते हैं तो वे अपने साथ दूसरी जानलेवा बीमारियां भी साथ लाते हैं लेकिन गिद्ध एक ऐसा प्रकृति का नायाब सफाई कर्मी है जो सड़े गले शवों को खाकर पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखता है ऐसे प्राकृतिक सफाई कर्मी को बचाने की आवश्यकता है इसके लिए सरकार के साथ साथ नागरिकों में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। अगर ऐसा न हुआ तो हमारी आने वाली पीढ़ी सिर्फ किताबों में पढ़ेगी कि गिद्ध नाम का कोई पक्षी हुआ करता था।

## फांसी पर लटकी मिली महिला की लाश, हत्या का आरोप

**संवाददाता।** बरेली

**पति** से हुए विवाद के बाद महिला ने फांसी लगा ली। मृतका की मां ने पति पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। कैंट थाना क्षेत्र के गांव बरकली गंज निवासी कमल किशोर की पत्नी राजकुमारी ने कल शाम घर में ही छत के कुंडे से साड़ी बांध कर फांसी लगा ली मृतका की मां हरदोई ने पति और ससुरालियों पर राजकुमारी की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पति कमल किशोर राजकुमारी के साथ अक्सर मारपीट करता था जिससे वह परेशान थी, इसी के चलते पति ने बीती शाम उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी,शव को फांसी पर लटका दिया। पड़ोस में ही रहने वाले लोगों की सूचना के बाद जब मायके वाले मौके शव को फांसी पर लटका दिया। पड़ोस में ही रहने वाले लोगों की सूचना के बाद जब मायके वाले मौके पर पहुंचे तो उन्हें राजकुमारी की लाश बिस्तर से नीचे जमीन पर पड़ी मिली। वह उसे उठाकर मकान के ऊपर कमरे में ले गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची पति और ससुरालिय फरार हो चुके थे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतका 3 बच्चों की मां थी।

# अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी को समारोह में दिलाई गई शपथ

**निघासन।** अधिवक्ता संघ निघासन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता मंत्री हरि नंदन लाल यादव को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बुधवार को तहसील सभागार में तहसील अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि श्री अजय कुमार शुक्ला व विशिष्ट अतिथि सिविल जज धर्मेंद्र कुमार यादव व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह व मंत्री मनोज जायसवाल कार्यक्रम व एसडीएम राजेश कुमार तहसीलदार भीमचंद व नायब तहसीलदार हरिराम व सुधांशु शाही रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। डाक्टर शशि श्रेया ने सरस्वती बंदना की।संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने अतिथिगणों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता मंत्री हरिनंदन लाल यादव को बार काउंसिल के सदस्य ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई उपाध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ला और संयुक्त मंत्री को सिविल जज धर्मेंद्र कुमार यादव ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अन्य पदाधिकारीयो को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद आमंत्रित कवियों में फारुख सरलए प्रमोद पांडे नीरज पांडे डॉक्टर शशि श्रेया ने काव्य पाठ किया जो वकीलों को तालियां बजाने और हंसने पर मजबूर किया। संघ के अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों का सम्मान किया। सभा को अतिथि गणों ने संबोधित करते हुए कहा नई कार्यकारिणी के लोगों से अधिवक्ताओं के हित व सम्मान से कोई समझौता न करने की बात कही। संघ का संचालन रवि गुप्ता ने किया। किसके साथ सुबोध पांडे एरामकृष्ण चतुर्वेदी एरमेश् मौजूद रहे।

## जल्द ठीक होंगे खराब वाटर मोटर

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी नगर के कुछ मोहल्लों मे पानी सप्लाई करने बाले मोटर जल जाने पर आमजन को हो रही परेशानी की सूचना मिलने पर अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने बताया कि जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से खराब मोटरों को सही कराया जा रहा है, जिसने बाल्मीकि बस्ती, मंडी गेट, शुकलापुर सहित धनेशा मोहल्ला के मोटरों को तत्काल प्रभाव से सही करने के निर्देश पानी आपरेटर को दिए गए हैं। जल्द ही आमजन को पानी मिलने लगेगा, वही एक सवाल के जवाब में अधिकारी ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर के चिन्हित स्थानों पर आज शाम से अलाव की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें अलाव प्रभारी शिवम भदौरिया को निर्देशित किया गया है। पानी के बहाव की शिकायत मिलने पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सभी मोटरों पर डिवाइजर ऑटोमेटिक वाटर कंट्रोलर लगाने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। जिससे बेवजह पानी का दुरुपयोग नही हो पाएगा।

# दिव्यांगजन को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार संकल्पित

**● जन प्रतिनिधियों ने दिव्यांग जनों को बांटे उपकरण, खिले चेहरे**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आज** शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में विकासखंड लखीमपुर में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने किया। शुक्रवार को ब्लाक लखीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा जी, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने दिव्यांगजनों को 90 ट्राई साइकिल, 5 कान की मशीन, 6 व्हील चेयर, 35 जोड़ा बैसाखी 5 स्मार्ट केन का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांगजन भी समाज के अभिन्न अंग हैं। हमें उनके साथ बराबरी का व्यवहार करना चाहिए। प्रदेश सरकार दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण के साथ शिक्षाए पेंशन, आवास तथा स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन एवं सहयोग की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज व विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रशासन व विभागीय अधिकारी उन्हें जीवनोपयोगी आवश्यक उपकरण, संसाधन तथा प्रमाणपत्रों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करा रहे हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांगों के सशक्तिकरण, कल्याणर्थ योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। बीडीओ पीयूष सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

## मुकदमा वापस न लेने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

**●आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस**

**●सीबी गंज थाने का है मामला**

**बरेली।** एक युवक के साथ मारपीट करने वाले दबंगों ने मुकदमा वापस ना लेने पर उसकी बेटी का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए व्हाट्सएप के स्टेटस पर धमकी देने वाला वीडियो वायरल कर दिया इसकी शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। सीबी गंज थाने के गांव में रहने वाले युवक ने बताया कि वह 26 जनवरी को अपने घर वापस लौट रहा था तभी गांव के रहने वाले नबी अहमद उसके बेटे अरबाज, गोविंद और छुटकी ने उसे रास्ते में गिर कर मारपीट शुरू कर दी, इसी दौरान उन्होंने उस पर छुरी से भी हमला किया लेकिन वह किसी तरह बच गया और घटना की शिकायत थाने में दर्ज करा दी। यह बात जब हमलावरों को पता चली तो उन्होंने उसे धमकी दी कि अगर उसने मुकदमा वापस नहीं लिया तो 50 हजार के बजाय डेढ़ लाख रुपए खत्म करके वह खुद को बचा लेंगे। उन्होंने धमकी दी कि दो उसकी बेटी का अश्लील वीडियो वायरल कर देंगे आज उन्होंने सोशल मीडिया के व्हाट्सएप स्टेटस पर धमकी देने का वीडियो वायरल कर दिया शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## आबकारी महकमे ने जिले भर में चलाया प्रवर्तन अभियान, कसा शिकंजा, 13 पर अभियोग दर्ज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आबकारी** आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माणए बिक्रीए अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दैनिक प्रवर्तन अभियान चलाया।

शुक्रवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय स्टाफ ग्राम रुद्रपुर खुर्द, मझरा थाना खीरी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध खेतों से कच्ची शराबए लहन बरामद की। मौके पर प्लास्टिक के थैली में भरी लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र ने मय स्टाफ ग्राम पालचक, बुगियापुर थाना मोहम्मदी, ग्राम सहजना थाना उचौलिया में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों एवं खेतों के किनारे से भारी मात्रा में कच्ची शराब, लहन बरामद की। मौके पर लहन, चढ़ी भट्ठियों को नष्ट करते हुए 02 अभियुक्तों को कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक मनोज यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ ग्राम मझरा पूरब थाना तिकोनिया में दबिश दी। दबिश में जंगल किनारे से कच्ची शराब, लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया व पलिया पुलिस थाना उपनिरीक्षक पीके मिश्र के साथ मय स्टाफ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम पटवारा थाना पलिया में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घर से कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने मय स्टाफ ग्राम नरसिंहपुर थाना धौरहरा में दबिश दी। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि शुक्रवार को दैनिक परिवर्तन अभियान के दौरान जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 13 अभियोगों को पंजीकृत किया गया। 250 लीटर अवैध शराब और 2900 किग्रा लहन बरामद की। उन्होंने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये।

## महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का लगाया आरोप

**बरेली।** एक महिला की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के शांति विहार निवासी संजीव कुमार की पत्नी दुर्गेश की लाश कल रात सिरौली के बड़े गांव निवासी मायके वालों को ससुराल में बिस्तर पर मिली थी। उन्होंने पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाया और कहा कि संजीव दिल्ली में रहकर काम करता है और अक्सर कम दहेज लाने की बात पर पत्नी दुर्गेश के साथ मारपीट करता था, और 5,00000 रुपए मायके से दहेज में लाने का दबाव डालता था। लगभग 4 माह बाद वह 27 जनवरी को मायके से बुलाकर अपने साथ लाया था और फिर भी लगातार उसे प्रताड़ित कर रहा था। मायके से चलते समय ससुराल वालों ने संजीव को 20,0000 रुपये भी दिए थे लेकिन वह इनसे संतुष्ट नहीं था। इसी के चलते उसने दुर्गेश की हत्या कर दी और दुर्गेश की लाश को घर में छोड़कर घरवालों के साथफरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से की और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पति और ससुरालियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

## बस चालक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** इफको फैक्ट्री के बस चालक की रात के समय ड्यूटी से वापस लौटते समय घर से कुछ ही दूरी पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा व थाना भमोरा निवासी प्रिंस पुत्र ज्ञान सिंह की बीपी रात भमोरा थाना क्षेत्र के मकरंदपुर रेलवे फाटक के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रिंस ऑनलाइन स्थित इफको खाद फैक्ट्री की बस का ड्राइवर था और बीती रात ड्यूटी समाप्त होने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में ही किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लापता युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**बरेली।** कई दिनों से लापता एक युवक का शव गांव के बाहर झाड़ियों में पाया गया। मृतक के भाई ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव मुढ़िया जागीर निवासी युवक फरमान की लाश आज गांव से कुछ ही दूरी पर काशीराम कालोनी के पास झाड़ियों में पायी गयी। मृतक के भाई अमान ने बताया कि फरमान को गांव का ही रहने वाला दानिश और शाकिब 27 जुलाई की रात को बुलाकर अपने साथ ले गए थे। इसके बाद फरमान लौटकर वापस नहीं आया। उसे तलाशने की कोशिश की गई लेकिन जब उसका कुछ पता नहीं चला तो अगले ही दिन मां गुड़िया ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। कई दिनों बाद आज सुबह लोगों ने उसकी लाश को गांव के पास काशीराम कॉलोनी की झाड़ियों में देखा और घटना की जानकारी घरवालों को दी सूचना मिलते ही गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। फरमान की गर्दन और शरीर पर चोट के निशान थे। भाई अमान ने गांव के ही रहने वाले एक युवक और उसके बहनोई पर रंजिश के चलते फरमान की हत्या का आरोप लगाया है और कहा कि कुछ दिन पहले आरोपी युवक की बहन फरमान के एक दोस्त के साथ चली गई थी जिसके लिए आरोपी युवक फरमान को जिम्मेदार मानता था और उससे रंजिश मानने लगा इसी के चलते उसने अपनी बहनोंई के साथ मिलकर फरमान की हत्या की है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के एक आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क सुरक्षा माह में वसूला 19 लाख का जुर्माना



**संवाददाता।** सीतापुर

**परिवहन** विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आज सुबह 09 बजे सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज नैपालापुर में आयोजित किया गया है। अब तक चलाए गए सड़क सुरक्षा माह के तहत आमजनमानस को जागरूक किया गया है। एआरटीओ (प्रवर्तन) संजय कुमार गुप्ता द्वारा यातायात निरीक्षक फरीद अहमद के साथ चलाये गये संयुक्त अभियान में दो पहिया चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। अभियान के दौरान बिना हेलमेट लगाये बाइक दौड़ा रहे लोगों को हेलमेट के फायदे बताये गये। एआरटीओ ने कहा कि हेलमेट दो पहिया वाहनों के हादसे में जीवन रक्षक का काम करता है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने 28 वाहनों की फिटनेस जॉच की जिसमें 6 गाड़िया अनफिट मिली। उन्होने वाहन स्वामियो को यान्त्रिक दशा सुधार कर पुन: परीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि फिटनेस के समय वाहन दुरूस्त होना चाहिए वाहन की सभी लाइटें, वाइपर, सीट, टायर, ब्रेक इत्यादि सही हों व वाहन पर आगे सफेद पीछे लाल दायें, बायें पीले रंग का रेडियम लगा होना अनिवार्य है। एआरटीओ संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 5 जनवरी से मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत कुल 448 वाहनो का चालान तथा 111 वाहनों को सीज कर 19 लाख 30 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

# शिक्षामित्रों ने की समान वेतन की मांग

**संवाददाता।** सीतापुर

**कहते** हैं कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, उसका किसी दल, धर्म, जाति से कोई वास्ता नहीं होता। सिर्फ एक ही काम वर्ा सिरमाथे रखकर करता है, कि बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना है, लेकिन यूपी के बेसिक स्कूलों में शिक्षा दे रहा एक वर्ग ऐसा भी है, जो अपनी दयनीय दशा के लिए समाजवादी ठप्पा लगने को जिम्मेदार मानता आ रहा है। हम यहां पर बात कर रहे हैं शिक्षा मित्रों की। पहले जरा सीतापुर जिले में बेसिक शिक्षा के स्कूलों का हाल देखिए कि एक- दो महीने के ही अगर स्कूल निरीक्षणों का रजिस्टर खोलकर रख दिया जाए तो शायद ही कोई स्कूल ऐसा होगा जहां शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिला हो। यही नहीं सैकड़ों की संख्या में एकल विद्यालय ऐसे हैं, जहां कोई शिक्षक है ही नहीं। महज एक शिक्षा मित्र ही शिक्षक और प्रभारी प्रधानाध्यापक का दायित्व निभा रहा है। नगर क्षेत्र में तकरीबन 34 विद्यालय हैं, इनमें से करीब 24 में यही हाल है, बावजूद इसके शिक्षा मित्रों को शिक्षकों से काफी कमतर या यूं कहें दो गुना काम लेकर भी सौतेले जैसा व्यवहार किया जा रहा है। ऐसा नहीं है शिक्षा मित्र अपनी इस उपेक्षा या बदहाली से नाखुश नहीं है, वह समय-समय पर समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग उठाते रहे हैं, बावजूद इसके उनकी फरियाद शासन की चौखट पर पड़ी धूल फांक रही है। बेसिक शिक्षा के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर कर शिक्षा का स्तर सुधारने के उद्देश्य से सन 2000 के आसपास शिक्षा मित्र भर्ती शुरू हुई थी, पहले गांव स्तर पर चयन कर शिक्षा मित्रों को तैनात किया गया, फिर बाद में शहर स्कूलों में भी शिक्षा मित्र भर्ती होते चले गए। लंबे अर्से तक काम करने के बाद भी बेहद कम मानदेय में काम करने वाले इन शिक्षा मित्रों ने अपनी दिक्कतों की तरफ शासन का ध्यान खींचा तो सन 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इन शिक्षा मित्रों को समायोजित कर शिक्षक का दर्जा दिए जाने का आदेश पारित कर दिया था। 2 वर्ष तक यही चलता रहा, फिर सन 2017 आया, सूबे में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बन गई। उस समय सरकार व शिक्षा मित्रों के बीच का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका था। सुप्रीम कोर्ट ने प्रस्तुत दलीलों पर गौर करते हुए शिक्षा मित्रों के समायोजन को रद्द कर उन्हें मूल पद पर वापस भेजने का आदेश जारी कर दिया था। बस उस दिन से 10 हजार जैसे मामूली वेतन में काम कर रहे शिक्षा मित्र बदहाली की जिंदगी जी रहे है। सिर पर सवार होती चली जा रही महंगाई और इतने कम वेतन के इस अंतर ने तमाम शिक्षा मित्रों की सांसे छीन लीं, लेकिन उनके हालात नहीं बदल सके। बार-बार शासन में गुहार लगाते रहने के बाद भी जब कुछ हासिल नहीं हुआ तो अब एक बार फिर शिक्षा मित्र कसमसा रहे हैं। अपनी न सुने जाने को सीधे समाजवादी ठप्पे से जोड़ते हुए शिक्षा मित्र कहते हैं कि हम शिक्षक हैं, शिक्षा देना हमारा काम है, समायोजन सपा सरकार में हुआ तो क्या हम समाजवादी हो गए, क्या यही हमारा कसूर है। बहरहाल समान कार्य के लिए समान वेतन, मृतक आश्रित को नियुक्ति तथा विवाहित शिक्षा मित्रों को मायके या ससुराल के निकटवर्ती स्कूल में तैनाती दिए जाने जैसी मांगों को लेकर शिक्षा मित्र एकजुट हो रहे है। इसे लेकर शिक्षा मित्र संगठन 20 फरवरी को लखनऊ के रमाबाई पार्क में एक बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा बना रहा है, संगठन ने मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री और सिधौली सांसद कौशल किशोर को तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को आमंत्रित किया है। शिक्षा मित्रों का इरादा इन अतिथियों के सामने अपनी मांगे रखकर कुछ न कुछ पाने का है। शनिवार को सीतापुर के बिजवार स्थित शिक्षक भवन में होने वाली बैठक इसी लखनऊ के कार्यक्रम की रूप रेखा तय करने के लिए बुलाई गई है।

## सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली।** सड़क पर जा रहे एक ग्रामीण को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अज्ञात के रूप में भेजा। आज सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली। भुता थाना क्षेत्र के गांव बबिया शकरपुर निवासी 40 वर्षीय विनोद तिवारी पुत्र रामसेवक की कल शाम रसूला गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि विनोद खेती करता था और कल शाम को अपने किसी परिचित से मिलने के लिए पैदल ही रसूला गांव गया था जहां से वापस आते समय कुछ दूर चलने के बाद किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को जिला अस्पताल भेजा जब वह घर वापस नहीं लौटा तो घर वाले आज सुबह उसे तलाशने में जुट गए उन्हें पता चला कि उसकी लाश पोस्टमार्टम हाउस पर है तब वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली। मृतक 4 बच्चों का पिता था।

## सुरक्षा व यातायात की सुगमता के दृष्टिगत एसपी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** ग्रुप ऑफ ट्वेंटी के शिखर सम्मेलन का आयोजन हमारे भारत देश में होगा, जिसकी अध्यक्षता हमारे भारत देश द्वारा ही की जानी सुनिश्चित है। इसमें जी20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के शीर्ष नेता जी20 एजेंडा के आर्थिक और दुनिया की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर जनपद लखीमपुर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, गणेश प्रसाद द्वारा मुख्य रुप से दुधवा नेशनल पार्क व छोटी काशी (गोला गोकर्णनाथ) के रास्ते में पड़ने वाले थानों/ चौकियों पर नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को निरन्तर भ्रमणशील रहकर पर्यटन को अपराध मुक्त व यातायात को सुगम बनाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बाबा रामदेव पहले इस्लाम और सिरत का अध्ययन करें उसके बाद इस्लाम पर उंगली उठाएं: शाहबुद्दीन

**बरेली।** दरगाह आला हजरत से जुड़े संगठन ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने योग गुरु बाबा रामदेव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा रामदेव पहले इस्लाम और सिरत का अध्ययन करे उसके बाद फिर इस्लाम पर उंगली उठाए, जिन लोगों ने इस्लाम नहीं पढ़ा है उनको इस्लाम मजहब के बारे में बोलने का अधिकार नहीं है, बगैर पढ़ें किसी के बारे में बोलना गलत रास्ते पर जाना है। बाबा रामदेव ने कल राजिस्थान के बाड़मेर इलाके में कहा था कि इस्लाम में ये है कि नमाज पढ़ो फिर उसके बाद जो चाहे करो, हिन्दू लड़कियों को छेड़ो और लव जिहाद करो। इस पर मौलाना ने बाबा के बयान की निन्दा करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति गलत काम करता है तो उसका वो खुद जिम्मेदार है उसके धर्म को दोषी देना ठीक नहीं है।इसी तरह दूसरे धर्मों के लोग भी गलत कार्य में लिप्त है तो क्या उनके धर्म को जिम्मेदार ठहराना दुरूस्त होगा। मौलाना बरेली ने आगे कहा कि कुछ दिनों से बाबा रामदेव जी इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ बराबर बोल रहे हैं जबकि उनका काम योग सिखाना और दवाईयां बेचना है बाकी इसके अलावा कुछ नहीं। देश के हर समुदाय में उनको इज्जत की निगाह से देखा जाता है मगर वो अब अपनी छवि को विवादित बनाने में लगे हुए हैं।

**लापता बच्चे को बरामद करने की मांग:** बरेली। कई दिनों से लापता बच्चे को बरामद करने की मांग आज उसकी नानी ने एसएसपी से की। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाले सुशीला देवी पत्नी बेचेलाल एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि उसका नाती कुवर सेन 14 साल का है।

# रोड सेफ्टी के लिए हुई हेल्थ अवेयरनेस वर्कशॉप, लोगों को किया गया जागरूक

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से खीरी में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में शुक्रवार को परिवहन कार्यालय के रोड़ सेफ्टी अवेयरनेस हाल में रेड क्रास सोसाइटी के सहयोग से स्वास्थ अवेयरनेस वर्कशाप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न वाहन यूनियन के पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों, चालकों, कार्यालय में आये आवेदक गणों, कार्यालय कार्मिक द्वारा प्रतिभाग किया।

रेड क्रास सोसाइटी की आरती, उनकी टीम ने विस्तृत चर्चा की। अवगत कराया कि जब किसी व्यक्ति के गले में अचानक कुछ फंस जाये एवं उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही हो तो उसकी किस प्रकार मदद करनी चाहिए। साथ ही तमाम अन्य स्वास्थ्य सुरक्षाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। एआरटीओ (प्रशासन) आलोक सिंह ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है, इसकी रक्षा करें, वाहन को रोड़ पर चलाते समय वाहन को धीमी गति, नियंत्रित चलायें अन्यथा सड़क दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने कहा कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। इसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। वाहन का परिचालन सही उम्र में करें अथवा आवश्यकता पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें, जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लायी जा सके। कार्यक्रम में एआरटीओ प्रशासन आलोक सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चौबे, टीएसआई जेपी यादव, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पंकज तथा यूनियन से आये हुए लगभग 100 से अधिक लोगों तथा कार्यालय कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शुक्रवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने यातायात उपनिरीक्षक जेपी यादव के साथ लखीमपुर-गोला मार्ग एवं लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर ओवरलोड, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाकर चार वाहनों को चेक किया, जिसमें नियम विरूद्ध संचालन/ओवर लोड में 03 वाहनों का चालान किया।

## घर में घुसे हथियारबंद चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

**बरेली।** रात के समय घर में घुसे हथियारबंद बदमाशों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लाखों के जेवर और नगदी चोरी कर लिए और फरार हो गए। उनके जाने के बाद घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव शेखुपुर निवासी मोहम्मद आसिम पुत्र मोहम्मद आबिद के घर में घुसे चोरों ने बीती रात लगभग 1:30 बजे कमरे का ताला तोड़कर लाखों के सोने के जेवर और 3 लाख 10 हजार रूपयों पर हाथ साफ कर दिया। थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराते हुए मोहम्मद आसिम ने बताया कि बीती रात जब वह घर में सो रहा था तभी अचानक उसे लगा कि उसके घर में कुछ लोग चुपके से घुस आए हैं इनमें से 4 लोग उसके कमरे के बाहर खड़े थे और 2 लोग हाथों में लोहे की रॉड और डंडे लेकर घर के अंदर आ रहे थे हथियारबंद दो चोरों ने एक कमरे का ताला तोड़ दिया जिन्हें देखकर वह चुपचाप अपने बिस्तर पर ही लेटा रहा। चोर ताला तोड़कर कमरे के अंदर गए और अलमारी में रखे उसके 3 लाख दस हजार रुपए नकद उसकी पत्नी के सोने की झुमकी, टीका, चार तोले सोने के कंगन व अन्य सामान चोरी कर लिए और घर से बाहर चले गए उनके जाने के बाद मोहम्मद आसिफने अपने रिश्तेदारों और पुलिस को सूचना दी। उसने बताया कि पूरी घटना उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में रिक्शा चालक की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने रिक्शा चालक को टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा जहां घरवालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर निवासी 55 वर्षीय सोहनलाल पुत्र रामप्रसाद की कल दोपहर बारादरी थाना क्षेत्र में स्टेडियम रोड पर महाजन अस्पताल के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। मृतक के घर वालों ने बताया कि सोहनलाल रिक्शा चलाता था। कल सुबह वह रोजाना की तरह बरेली आया था लेकिन महाजन अस्पताल के सामने उसको किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा और उसके घर वालों को सूचना दी। तब आज घरवालों ने शव की शिनाख्त कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी का नाम रुक्मणी है वह 9 बच्चों का पिता था।

# भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में हुआ भव्य आयोजन



## ● हजारों व्यापारियों की सहभागिता से सम्मेलन बना यादगार

**संवाददाता।** चित्रकूट
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पचास वर्ष पूरे होने पर धर्म नगरी चित्रकूट में आयोजित हुए स्वर्ण जयंती समारोह के पूर्ण भव्यता के साथ सम्पन्न होने पर व्यापार मंडल चित्रकूट के जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता ने संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों का आभार जताया है।श्री गुप्ता ने कहा कि दिव्य आयोजन से चित्रकूट के व्यापारियों की एकजुटता का संदेश पूरे प्रदेश में गया है। सम्मेलन के इस सफल आयोजन से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

स्वर्ण जयंती के ऐतिहासिक सफलता के लिए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्र समेत पूरी प्रांतीय कमेटी एवं जिले के व्यापारियों का आभार जताते हुए संगठन के जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों के हितों एवं अधिकारों के लिए लडाई लडने वाला सर्वोच्च संगठन है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा लगातार व्यापारियों के हितों की लडाई लड स्व0पं0श्याम बिहारी मिश्रा के मिशन को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। उन्होने कहा कि जीएसटी की छापेमारी से पूरे प्रदेश का व्यापारी हलाकान था। ऐसे संकट के दौर में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने मोर्चा संभालते हुए पूरे प्रदेश के हर जिले में जनप्रतिनिधियों का घेराव कर सरकार की व्यापारी विरोधी नीतियों का खुलकर विरोध किया।जिसके परिणाम स्वरूप सरकार को जीएसटी की छापेमारी रोकनी पडी। कहा कि केवल व्यापार मंडल ही एकमात्र ऐसा संगठन है जिसकी ताकत से सरकार भी घबराती है। संगठन के प्रयायों के बदौलत आज पूरे प्रदेश में शासन प्रशासन द्वारा उद्योग बंधु के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं का गंभीरता के साथ सुनकर उनका निदान कर रहा है। उन्होने 13 मार्च को सहारनपुर से निकल रहीं व्यापारी स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने का सभी से आहवान किया।उन्होंने बताया कि यह यात्रा प्रदेश भ्रमण के बाद व्यापारी नेता श्यामबिहारी की जयंती आठ मई को लखनऊ में सम्पन्न होगी।

उन्होने कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता के लिए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, दिलीप केशरवानी, संरक्षक राजीव अग्रवाल,विवेक अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी,किराना संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, जिला संगठन मंत्री महेश जायसवाल,जिला मंत्री ऋषि आर्या आदि विशेष सहयोग के लिए आभार जताया है।

# सैकड़ों करोड़ का राजस्व देने वाले विभाग के पास नहीं है स्थायी सर्वेयर

**उरई।** प्रदेश सरकार भले ही अधिक से अधिक राजस्व वसूली के निर्देश देती हो। लेकिन जनपद के खनिज कार्यालय में विगत कई वर्षों से स्थायी सर्वेयर नहीं है। जबकि किसी भी मौरम खंड का सीमांकन करने में सर्वेयर की ही भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। विभाग दूसरे जनपद के सर्वेयर को कार्यालय में अतिरिक्त चार्ज पर रखकर अपना काम चला रहा है। यह स्थिति तब है जब जनपद में एक-दो नहीं बल्कि दर्जन भर के लगभग मौरम खंड संचालित हो रहे हैं। वहां मौरम खनन अवैध तरीके से किया जा रहा है या फिर वैध तरीके से किया जा रहा है इसको देखने वाला कोई नहीं है। यदि विभागीय अधिकारी या कर्मचारी कभी कभार मौके पर जाते भी हैं तो वह खानापूर्ति करके वापस लौट आते हैं।

# लोनिवि कर्मियों ने काला फीता बांधकर किया विरोध-प्रदर्शन



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन की समस्याओं का निराकरण न होने पर हडताल शुरु की गई। तीन व चार फरवरी को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी की अगुवाई में एसोसिएशन के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर लोनिवि परिसर में समस्याओं का समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि लम्बे समय से रुकी पदोन्नति की मांग तत्काल मानकर स्थायीकरण किया जाये। ज्येष्ठ सूची में 2019 में आये कनिष्ठ सहायकों के नाम जोड़े जायें। नई ज्येष्ठता सूची जारी की जाये। अन्य समस्याओं का भी निराकरण कराया जाये। विरोध प्रदर्शन में लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी, अनिल कुमार, छेदीलाल यादव, कौशल कुमार, वाहिद अली, राघवेन्द्र, संदीप कुमार, जितेन्द्र कुमार, महेश कुमार, राजकरन, अमित त्रिवेदी, धर्मेन्द्र सोनी, धर्मेन्द्र मिश्रा, संतोष कुमार आदि साथियों ने काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन कर हड़ताल शुरु कर दी है।

# विद्युत बकायेदारों से की राजस्व वसूली

**कोंच** (जालौन)। शासन के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों से इन दिनों तेजी से राजस्व वसूली की जा रही है। इस अभियान में स्थानीय तहसील प्रशासन भी विद्युत विभाग का सहयोग कर रहा है। शुक्रवार को कोंच उपखंड क्षेत्र के ग्राम तूमरा में विद्युत विभाग द्वारा एकदिनी शिविर लगाया गया जिसमें उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध मौर्य व अवर अभियंता अंकित साहनी ने ग्रामीण उपभोक्ताओं की विभागीय समस्याओं का निराकरण किया। वहीं बड़े बकाएदारों से करीब 30 हजार रुपये का राजस्व वसूल किया गया और मौके पर राजस्व जमा न करने पर तीन दर्जन से अधिक विद्युत कनेक्शन पृथक कर दिए गये। उपखंड अधिकारी ने ऐसे सभी उपभोक्ताओं को चेताते हुए कहा कि अगर राजस्व जमा किये बगैर कनेक्शन जुड़ा हुआ पाया गया तो संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

# स्वरोजगार से प्रदेश के युवा दूसरों को रोजगार देने वाले बनेंगे: राकेश

## ● प्रभारी मंत्री के प्रथम जनपद आगमन पर जगह-जगह हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** योगी सरकार के कैबिनेट प्रभारी मंत्री राकेश सचान के जनपद के प्रभारी मंत्री बनाये जाने के बाद प्रथम जनपद आगमन पर समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। प्रदेश सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के जनपद आगमन पर जिले के प्रभारी मंत्री बनाये जाने के बाद जनपद में समीक्षा बैठक के लिये प्रथम आगमन के दौरान जनपद सीमा छिवली नदी से लेकर जगह-जगह स्वागत किया गया। कैबिनेट मंत्री का काफिला जैसे ही सिचाई विभाग के डाक बंगले सर्किट हाउस पहुंचा भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप धुन्नी सिंह, पूर्व विधायक कारण सिंह पटेल द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सुरेश सचान, मयंक सचान, गौरांक सचान, प्रदीप उत्तम, सुरेश उत्तम, अनीष उत्तम, मुन्ना सोनकर, राजू वर्मा समेत सैकड़ो समर्थको एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमलाओं से लादकर स्वागत किया गया।

स्वागत के बाद कैबिनेट मंत्री भाजपा कार्यालय पहुचे जहां कार्यकर्ताओं के साथ संवाद व शिक्षक विधायक पर भाजपा के बाबूलाल तिवारी की जीत पर कार्यकर्ताओ को बधाई दी। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री का काफिला कलेक्ट्रेट के लिये रवाना हुआ जहां जनपद के अधिकारियों के साथ विकास सम्बन्धित समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार देश एवं प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कहाकि उनके विभाग द्वारा युवाओ को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिये देश व दुनिया के उद्यमियों एवं कम्पनी उद्योग लगाने के लिये यूपी में निवेश कर रही है। कहाकि प्रदेश में अब युवा बेरोजगार नही रहेगा बल्कि स्वरोजगार के जरिए दूसरो को भी रोजगार देने वाला बनेगा।

# प्राकृतिक खेती को दें बढ़ावा : उपकृषि निदेशक

**चित्रकूट।** गौ आधारित प्राकृतिक खेती के पहले चरण की शुरुवात श्यामकृपा से हुई। श्यामकृपा के आसपास के गांव रानीपुर भट्ट, नारायणपुर, चन्द्रगहना गांव के पचास किसानों ने तीन सौ बीघा में प्राकृतिक खेती का संकल्प लिया। शुक्रवार को बुन्देलखण्ड में प्राकृतिक खेती योजना के तहत फार्मर फील्ड स्कूल का शुभारम्भ उपकृषि निदेशक राजकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि प्रकृति का वैभव वापस करने को योजना लाई गई है। जमीन की उर्वरा शक्ति समाप्त हो रही है। इस विधा को अपनाने से पुन: खोयी शक्ति वापस आ जायेगी। उन्होंने वीजामृत और जीवामृत का प्रयोग भी किसानों के बीच प्रशिक्षक गोविन्द प्रसाद सोनकर से करवाया।

उन्होंने बताया कि इससे जुड़े किसान को इन्हें बनाने की सामग्री एवं बीज का भुगतान, खाद बनाने का गड्ढा आदि उपलब्ध कराया जायेगा। प्राकृतिक खेती कर रहे प्रगतिशील किसान योगेश जैन ने सभी से स्थल पर ही अनुभव साझा किये। मसाला खेती, गौ पालन, बागवानी का संकल्प दिलाया। पर्यावरण विद गुंजन मिश्रा ने कहा कि आने वाली पीढी को जो वसीयत लिखे, उसमें प्राकृतिक खेती का उल्लेख करें, ताकि वह आगे भी जीवित रह सके। रानीपुर के नत्थू प्रसाद ने अपने प्रयोग साझा किये। इस मौके पर कामता प्रसाद सिंह, ललक प्रसाद, चुन्ना यादव, रामरतन कुशवाहा, कमलेश यादव, मलखान, जवाहरलाल, जगदीश आदि किसानों ने हिस्सा लिया। आभार योगेश जैन ने जताते हुए कहा कि गौ पालन की सिद्धी अग्रसर होते दिख रही है।

## क्विक न्यूज

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

**उरई** (जालौन)। पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड का एसपी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। एसपी इरज राजा ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली। वहीं पुलिस कर्मियों की परेड भी कराई। इसके बाद उन्होंने डायल 112 का निरीक्षण कर, उपकरण देखे। इसके बाद मेस, आर्मरी, बैरक, परिवहन शाखा, कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी और सफाई रखने के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों से उन्होंने समस्याएं भी पूछी। यातायात पुलिस को नियमों का पालन कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन के अन्य पटलों को भी देखा। साथ ही पुलिस कर्मचारीगण का अर्दली रूम किया गया। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक व सीओ लाइन को भी सुधार आदि के निर्देश दिए। परेड के दौरान प्रतिसार प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से कार रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग

**माधौगढ़** (जालौन)। कोतवाली क्षेत्र में कालपी रोड पर पावर हाउस गेट के पास स्थित कार रिपेयरिंग की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घटना के बाद पावर हाउस के अंदर व बाहर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। शहर के मोहल्ला तिलक नगर निवासी बब्बू राजा की कार रिपेयरिंग की दुकान कालपी रोड स्थित मेन पावर हाउस के ठीक बाहर है। जिसमें गुरुवार देर रात को संदिग्ध हालात में आग लग गई। दुकान से उठ रही आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सभी को डर था कि आग कहीं पावर हाउस तक ना पहुंच जाए। दहशत मे आए पावर हाउस में मौजूद बिजली कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया। सभी लोग अपने अपने बचाव में जुट गए। गनीमत यह रही कि समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसने दुकान में लगी आग पर काबू पा लिया। जिससे आग पावर हाउस तक नहीं पहुंच सकी। दुकान मालिक बब्बू राजा के मुताबिक उसकी दुकान में करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने की वजह का पता नहीं चला है।

### युवती की टेंपो पलटने से मौत, पति घायल

**फर्रुखाबाद।** मायके से लौट रही युवती की टेंपो पलटने से मौत हो गयी और पति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते है कि सुनैना थाना कमालगंज के गांधीनगर भटपुरा निवासी अमन बाथम की 20 वर्षीय पत्नी थी वह पति के साथ थाना राजेपुर के ग्राम दारापुर मायके गई थी। सुनैना आज दोपहर बाद पति के साथ फतेहगढ़ से टेंपो द्वारा घर लौटकर जा रही थी। रास्ते में टेंपो शशि कोल्ड स्टोरेज के निकट से तेजी से गुजर रहा था । उसी समय बाइक को बचाने के प्रयास में टेंपो चालक से अनियंत्रित टैंपो पलट गया। हादसे में सुनैना उसका पति अमन व कई यात्री घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएससी कमालगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने सुनैना को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पति अमन को लोहिया अस्पताल को लिए रेफर कर दिया गया।

### छेड़खानी के दोषी को तीन साल की सजा

**चित्रकूट।** छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाले शोहदे को न्यायालय ने तीन साल के कारावास व 17 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। शिकायत लेकर गई पीडिता को धमकाने के मामले में आरोपी के पिता को भी एक वर्ष के कारावास और दो हजार के जुर्माना से दंडित किया है। शुक्रवार को वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनन्द एवं विशेष लोक अभियोजक तेजप्रताप सिंह ने बताया कि कर्वी क्षेत्र के एक शैक्षिक संस्थान में कक्षा 12 में पढने वाली छात्रा ने कर्वी कोतवाली में कंटीपुर गांव के रहमान पुत्र सुबराती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। छात्रा ने कहा था कि 18 जुलाई 2016 को सवेरे सात बजे वह स्कूल जा रही थी। इसी बीच रहमान ने छेडखानी की गरज से उस पर छीटाकसी की। स्कूल से लौटने के बाद घर आकर उसने मां को जानकारी दी। दूसरे दिन 19 जुलाई की शाम वह मां के साथ खेत शौच को जा रही थी। इसी बीच रास्ते में रहमान ने फिर हरकत की। उसके और मां के चिल्लाने पर आरोपी भाग गया। आरोपी के घर उलाहना देने गई तो पिता सुबराती ने भी गाली-गलौज कर रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश संजय के लाल ने आरोपी रहमान को तीन साल कारावास व 17 हजार का जुर्माना सुनाया। मुख्य आरोपी पिता सुबराती को भी एक वर्ष का कारावास और दो हजार के जुर्माना की सजा सुनाई।

### युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये दिया प्रशिक्षण

**जालौन** (उरई)। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण के का शुभारंभ करते हुए सीओ उमेश पांडेय ने कहा कि नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित हो सकेंगे। मोबाइल आज लगभग सभी हाथों में है। इसलिए इस कार्य को करने में भविष्य उज्जवल है। श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में हुए मोबाइल प्रशिक्षण शिविर में संस्थान के निदेशक राकेशचंद्र त्रिवेदी ने कहा कि संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के लिए निशुल्क शिवरों का आयोजन किया जाता है। युवाओं को कंप्यूटर एकाउंटिंग, एसी व फ्रिज रिपेयरिंग, महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई बुनाई जैसे प्रशिक्षण दिए जाते हैं। जिनमें कोई भी युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार अपना सकता है। शिविर में प्रशिक्षक अर्जुन सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को मोबाइल रिपेयरिंग का निशुल्क प्रशिक्षण दिया। फैकल्टी स्वयं प्रकाश शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर संतोष पांचाल, कंधीलाल आदि मौजूद रहे।

### सिद्धपुर के सौरभ सिंह बने इंडियन आयल में विधि अधिकारी

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से सटे सिद्धपुर गांव के मूल निवासी संतोष सिंह के छोटे पुत्र सौरभ सिंह का चयन इंडियन आयल करपोरेशन में वरिष्ठ विधि अधिकारी के रूप मे हुआ है। हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में देश से कुल छह लोगों का चयन हुआ है। सौरभ की उपलब्धि ने जिले का नाम रोशन किया है।शुक्रवार को एलएलबी की डिग्री राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ से लेने के बाद सौरभ पिछले दो साल से यूनियन बैंक ऑफइंडिया प्रयागराज में विधि अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने इंडियन आयल करपोरेशन में वरिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर आवेदन किया। 30 वर्षीय युवा सौरभ आल इंडिया स्तरीय इस परीक्षा में चयनित हो गए हैं। देश से कुल छह लोगों का चयन हुआ है, जिसमें सौरभ सिंह का नाम भी शामिल है। भारत सरकार की दूसरी सबसे बड़ी कम्पनी इंडियन आयल कॉरपोरेशन में चयनित होने की खबर से सिद्धपुर गांव में खुशियां मनाई गई। सौरभ सिंह के पिता संतोष सिंह कचहरी रोड में जूते की दुकान चलाते हैं और वर्तमान में एलआईसी मोहल्ले के निवासी हैं। इस उपलब्धि पर सभी फूले नहीं समा रहे। बधाइयों का दौर जारी है। सौरभ सिंह ने अपनी सफलता प्रभु कामतानाथ जी और माता-पिता के चरणों में समर्पित की है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में हुई विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की बैठक

**संवाददाता।** फतेहपुर
**प्रभारी** मंत्री/ प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की बैठक जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप जनकल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओ को जन-जन तक पहुचाया जाय, के लिये जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्वों को मजबूती के साथ जिम्मेदारी से निभाये। अधिकारीगण जन सेवा भाव से कार्य करें। थाना दिवस एवं तहसील दिवस में शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण संतुष्टिपूर्ण प्रथम बार मे ही किया जाय। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि शासन की निर्देश के अनुसार कानून का पालन कराया जाय, जो वाहन पकड़कर सीज कर थानों में रखे गए है उनका नियमानुसार कार्यवाही करते हुए परिसर से हटाकर साफ सफाई करायी जाय। मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्य को समय से पूरा कराया



जाय, साथ ही अस्पताल के लिए जो इंस्ट्रूमेंट, फर्नीचर आदि की टेंडर प्रक्रिया अभी से शुरू करा दे ताकि अस्पताल निर्धारित समय से चालू हो सके और जनपदवासियों को लाभ मिल सके। दपसौरा, अमौली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अभी तक संचालित नही है जो समस्याएं आ रही है का निस्तारण करते हुए जल्द से जल्द प्रारम्भ करायी जाय।

सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना का ग्राम सचिवालय में वाल पेंटिंग कराकर प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि लोगों को योजना का शत प्रतिशत लाभ मिल सके। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि अमृत सरोवर तालाबो में पानी रहे और सचिव समय समय पर निरीक्षण करते रहे। सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल का मैदान होना चाहिए यदि किसी गांव में खेल का मैदान नही है तो जमीन चिन्हित करते हुए खेल का मैदान बनाये जाय। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल से जल की जो टंकियां बनायी जा रही मानक के अनुरूप टंकी व पाईप लाइन का कार्य किया जाय जिससे प्रत्येक घर मे आसानी से पानी पहुच सके। उन्होंने कहा कि कायाकल्प/निपुण भारत मिशन योजना के तहत अच्छे कार्य किये गए है, इसमें और सुधार की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण) के तहत सर्वे सही से किया जाय और पात्र लाभार्थी को आवास योजना से लाभान्वित किया जाय। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में लोगो को लाभ मिल रहा है, का प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि लोगो को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। सामुदायिक शौचालयो को निर्धारित समयानुसार संचालित कराये साथ ही नुक्कड़ नाटक, डुग्गी के माध्यम से जन जागरूकता कराये।

बैंकर्स की मीटिंग की जाय और बैठक के दौरान ऋण पत्रावलियों में आने वाली समस्याओं का निस्तारण कराया जाय जिससे लाभार्थी को रोजगार हेतु समय से ऋण मिल सके। रेशम उत्पादन के बारे में किसानों को जागरूक किया जाय जिससे लाभ मिल सके क्योकि 75 प्रतिशत सरकार का अनुदान है और 25 प्रतिशत किसानों को स्वयं लगाना होगा। जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाएं है को दृष्टिगत रखते गए को जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गयी सूची के अनुसार पर्यटन स्थलों का सुन्दरीकरण कराया जाय।

# पथरेहटा में हो रहा जलधारा से अवैध खनन

## ● पोकलैण्ड मशीनों से बालू निकाल कर ट्रकों से बाहर भेजी जा रही

**उरई** (जालौन)। जनपद में कालपी तहसील क्षेत्र के पथरेहटा मौरम खंड में पट्टाधारक को किसने दी जलधारा से मौरम खनन करने की छूट इस बात का जबाब देने को कोई तैयार नहीं दिखता। हैरानी की बात तो यह है कि पट्टाधारक लाल सोने की चकाचौंध देखकर इस कदर अंधे हो जाते हैं वह नदी की अविरल जलधारा को भी अपने तरीके से उसकी दिशा को मोड़ देते हैं या फिर पानी का प्रवाह ही रोक देते हैं। वहीं जनपद का खनिज कार्यालय किसी भी मौरम खंड का पट्टा देने के बाद शायद ही किसी मौरम खंड पर यह देखने जाये कि वहां किस तरह से मौरम का खनन पट्टाधारक द्वारा किया जा रहा है। हालांकि शुक्रवार को जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये है कि किसी भी कीमत पर नियमों को ताक पर रखकर मौरम खनन की अनुमति किसी को न दी जाये। जनपद में यदि एक बार पर्यावरणविदों की टीम मौरम खंडों का निरीक्षण कर ले तो सारी जमीनी हकीकत खुलकर सामने आ जायेगी। पिछली सरकारों से प्रदेश में चर्चित रहा जनपद जालौन आज भी अपने अवैध खनन के लिए सुर्खियों में है। जहां लोगों को उम्मीद थी कि पूर्व सरकारों की बजह भगवा सरकार में बालू घाट संचालको की तानाशाही पर पूरी तरह से विराम लगेगा लेकिन पथरेहटा खण्ड संख्या 5 में आज भी अबैध खनन बदसूरत जारी है। जहां खण्ड संचालक की सह पर वेतवा की जल धारा से बड़ी-बड़ी पोकलैण्ड मशीनों से बालू निकाल कर ट्रकों से बाहर भेजी जा रही है। लेकिन जानकारी के बाद भी खनन विभाग के अधिकारी गहरी निद्रा में खर्राटे भरते नजर आ रहे है। जनपद के पथरेहटा खण्ड संख्या 5 में बालू घाट पर घाट संचालक वेतवा नदी की जल धारा से बड़ी-बड़ी पोकलैण्ड मशीनों के माध्यम से बालू निकालने में लगा हुआ है। पूर्व सरकारों की तरह भगवा सरकार में भी बालू का खनन अवैध रूप से करने वालों पर पूरी तरह से शिकंजा नहीं कसा जा रहा है।

# प्राकृतिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने से दूर होगी बुंदेलखंड की बदहाली-अभय महाजन

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड की बदहाली दूर करने के लिए यहीं के संसाधनों का सदुपयोग कर सरकार कुछ अच्छा करने का प्लान तैयार कर रही है। इसी मकसद को लेकर लोक भारती के तत्वावधान में बुंदेली प्रकृति पर्यटन यात्रा बुंदेलखंड दौरे पर है। बुंदेली प्रकृति पर्यटन दल में लगभग 60 विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हैं। इनमें बुंदेलखंड के कई सांसद ,विधायक, पूर्व मंत्री, मीडिया के लोग,समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के विगत शामिल है।

शुक्रवार को बुंदेलखंड प्रकृति पर्यटन के पदाधिकारी धारकुंडी आश्रम, शबरी जलप्रपात, मार्कंडेय आश्रम, सरभंगा ऋषि आश्रम, अमरावती आश्रम, ब्रह्म कुंड, सुतीक्षण आश्रम आदि कई धार्मिक व पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर वहां क्या हो सकता है ,विकास की क्या संभावनाएं हो सकती हैं, इन सभी बिंदुओं पर विचार मंथन किया। लोक भारती के प्रांतीय सह संयोजक गोपाल भाई ने बताया कि चित्रकूट पर क्षेत्र का भ्रमण करने के पश्चात हम सभी लोग एक प्रस्ताव तैयार करके चित्रकूट को धार्मिक व पर्यटन दृष्टि से विकसित करने के लिए क्या होना चाहिए इन सभी बिंदुओं का एक प्रस्ताव केंद्र व राज्य सरकार को सौंपने का काम करेंगे। नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित प्रकल्प दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता पीठ सभागार में कामतानाथ प्रमुख द्वार के प्रमुख संत मदनगोपाल दास जी महाराज की अध्यक्षता में बुंदेली प्रकृति पर्यटन से जुड़े लोगों की बैठक हुई। जिसमें चित्रकूट परिक्षेत्र के धार्मिक पौराणिक ऐतिहासिक स्थलों के विकास जीर्णोद्धार तथा चित्रकूट कैसे और उत्तम बने पर्यटन की दृष्टि से और क्या किया जा सकता है इन सब बिंदुओं पर गहन विचार मंथन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहयोगी संस्था लोकभारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश सह संयोजक गोपाल भाई के निर्देशन में बुंदेलखंड प्रकृति पर्यटन को लेकर एक प्लान तैयार करने में जुटी हुई है। सबसे पहले चित्रकूट की पहचान पूरे विश्व में बनाने के लिए विख्यात कामदगिरि प्रदक्षिणा क्षेत्र और रामघाट की स्वच्छता पर विशेष फोकस किया गया। उत्तम तीर्थ चित्रकूट अभियान का गठन किया गया। जिसके संरक्षक मदन गोपाल दास जी महाराज ,अभय महाजन, आचार्य रविंद्र जी, बृजेंद्र पाल माधव दास जी महाराज, हीरो मिश्रा, नीरावलंबी अखाड़ा के संचालक दीपक दास जी जैसे लोग बनाए गए। इसके अलावा युवा समाजसेवी आलोक कुमार पांडेय को संयोजक और सेवा भारती के जिला प्रभारी गुरु प्रकाश शुक्ला, शंकर प्रसाद यादव, जगदीश गुप्ता सह संयोजक बनाये गये हैं।

इसके अलावा प्रीतेश त्रिपाठी सोशल मीडिया प्रभारी और इस कमेटी में नगर परिषद चित्रकूट की अध्यक्ष कुमारी साधना पटेल, रामबाबू राजीव त्रिपाठी अशोक तिवारी डॉ संजय सिंह राजेंद्र मिश्रा अंकित तिवारी विवेक सिंह आदि शामिल किए गए हैं।

# सेवानिवृत्त नलकूप आपरेटर से 2.15 लाख की आनलाइन ठगी

**जालौन** (उरई)। सेवानिवृत्त हो चुके ट्यूबवेल आपरेटर के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हो गई थी। अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर सेवानिवृत्त ऑपरेटर के खाते से 2 लाख 15 हजार रुपये निकाल लिए थे। आनलाइन धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर सेल ने धोखाधड़ी कर निकाली गई धनराशि को वापस करा दिया है। रुपये वापस पाकर पीड़ित के चेहरे पर खुशी झलक आई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी हरीमोहन पुत्र लालाराम ट्यूबवेल आपरेटर की नौकरी करते थे। उनके साथ अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करके उनके खाते से 2 लाख 15 हजार रुपये कुछ माह पूर्व निकाल लिए थे।
ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच से की थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। धोखाधड़ी करके खाते से निकाली गई धनराशि को साइबर क्राइम ब्रांच ने वापस करा दिया है।

# लोक अदालत में अधिक वादों के निस्तारण के लिये दिए गए निर्देश

**संवाददाता।** फतेहपुर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई जिसमें ग्यारह फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अधिकाधिक वादो के निस्तारण पर चर्चा की गई। बैठक में मो. अहमद खॉन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अपर्णा त्रिपाठी अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धीरेन्द्र प्रताप एडीएम जे वीर सिंह सीओ सिटी अनिल कुमार, नायब तहसीलदार सदर इवेन्द्र कुमार, तहसीलदार खागा, सर्वेश सिंह गौर तहसीलदार बिन्दकी, अशोक कुमार पाण्डेय, अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बडौदा, गौरव त्रिपाठी सहायक प्रबन्धक लीड बैंक, विजय कुमार जेई नगर पालिका परिषद, सुमित कुमार सहायक श्रमायुक्त, कु तान्या अग्रवाल जेएओ दूर संचार विभाग, राज मंगल सिंह अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग प्रथम, राकेश कुमार वर्मा अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग द्वितीय खागा, मेघ सिंह अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग तृतीय, अविनाश पाठक जिला समन्वयक, स्टेट बैंक आफ इंडिया, प्रशान्त गौरव जिला समन्वयक, बैंक आफ बडौदा, संकल्प सिंह ब्रांच मैनेजर, बैंक आफइंडिया, मनीष टंडन सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, जितेन्द्र यादव सहायक मैनेजर, यूनियन बैंक आफइंडिया, मो0 शावेज ब्रांच मैनेजर केनरा बैंक आफ इंडिया, अनिल कुमार जिला समन्वयक इंडियन बैंक, अनिल कुमार अवस्थी, ब्रांच मैनेजर बैंक आफ बडौदा, निरुपमा प्रताप अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बिन्दकी, मोहनी केसरवानी अधिशाषी अधिकारी हथगाम आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रणंजय कुमार वर्मा जनपद न्यायाधीश द्वारा उपस्थित सभी प्रशासन स्तर के सम्बन्धित अधिकारियो को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जलकर, गृहकर, श्रम विवाद, दूर संचार विवाद, बैंक विवाद, राजस्व विवाद, विद्युत विवाद आदि प्री ट्रायल केसो को अधिक से अधिक निस्तारित किये जाने के लिये लक्ष्य को बढाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सभी से यह अपेक्षा की गयी कि सभी अधिकारीगण अपने स्तर से सफल बनाये और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा लाभ आम जनमानस तक पहुँचाए जाने हेतु अपने-अपने कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया।

# आईटीसी मिशन के तहत हुई कार्यशाला

**चित्रकूट।** नीति आयोग के आकांक्षी जिले के तहत उप कृषि निदेशक राजकुमार की अध्यक्षता में आईटीसी मिशन सुनहरा कल पानी संस्थान के सहयोग से कृषि भवन सभागार में दो फरवरी से कृषि विकास फ्रेम वर्क पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। शुक्रवार को कार्यशाला में जिले के कृषि विभाग पशुपालन, मछली पालन, भूमि संरक्षण, बागवानी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में आईटीसी प्रतिनिधि धनेश गर्ग ने बीते पांच साल में किये कार्यों को पेश किया। आगे किस तरह से मिलकर कार्य किया जाये। इस पर चर्चा की गई। सभी विभागों के पदाधिकारियों ने विभाग में चल रही योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है। इस बारे में जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने कहा कि आईटीसी मिशन सुनहरा कल काफी सराहनीय कार्य कर रहा है। आगे भी सभी मिलकर कार्य करें।

# गुब्बारे को लेकर आमने-सामने आए चीन-अमेरिका

## हवाई क्षेत्र में दिखा चीनी जासूसी गुब्बारा : पेंटागन

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिकी रक्षा मंत्रालय** के मुख्यालय पेंटागन ने बताया कि अमेरिका के हवाई क्षेत्र में एक कथित चीनी जासूसी गुब्बारा देखा गया, जिसका आकार तीन बसों के बराबर बताया जा रहा है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की चीन यात्रा से कुछ दिन पहले यह घटना हुई है। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने बृहस्पतिवार को यहां पत्रकारों से कहा, अमेरिकी सरकार को एक जासूसी गुब्बारे का पता चला है और उस पर नज़र रखी जा रही है जो अभी अमेरिका के हवाई क्षेत्र में उड़ रहा है। उन्होंने कहा, नोराड (नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड) उस पर करीबी नजर बनाए है। उन्होंने कहा कि गुब्बारे को बृहस्पतिवार को मोंटाना में देखा गया था और इसका आकार तीन बसों के बराबर बताया जा रहा है। पैट राइडर ने कहा, गुब्बारे के बारे में पता चलते ही अमेरिकी सरकार ने संवेदनशील जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए तुरंत कार्वाई की। उन्होंने कहा कि गुब्बारा वाणिज्यिक हवाई क्षेत्र से काफी उंचाई पर है और इससे जमीन पर लोगों को कोई खतरा नहीं है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को इस घटना के बारे में जानकारी दी गई है। पेंटागन इससे निपटने के लिए तमाम विकल्पों पर गौर कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिली और अमेरिकी उत्तरी कमान के जनरल ग्लेन वैनहर्क ने जमीन पर लोगों की सुरक्षा को संभावित खतरे के मद्देनजर त्वरित कार्वाई करने को कहा है। रक्षा अधिकारी ने कहा, अभी तक हमें पता चला है कि गुब्बारे का इस्तेमाल खुफिया जानकारी हासिल करने के मकसद से किया गया। संवेदनशील सूचनाओं को विदेशियों के हाथ लगने से रोकने के लिए हम कार्वाई कर रहे हैं।

## अनुसंधान से संबंधित है गुब्बारा, दिशा भटक गया: चीन

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जिस गुब्बारे पर अमेरिका को निगरानी करने का संदेह है, वह असैन्य उद्देश्य वाला है जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से मौसम संबंधी अनुसंधान के लिए किया जाता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हवा के चलते गुब्बारे की परिचालन क्षमता सीमित है और यह अपने नियोजित मार्ग से बहुत दूर भटक गया है। इसने कहा कि चीन अमेरिकी हवाई क्षेत्र में अपने गुब्बारे के अनायास प्रवेश पर खेद व्यक्त करता है। इससे पहले, चीन ने कहा था कि वह अमेरिकी वायु क्षेत्र में अपने गुब्बारे के उड़ने से संबंधित खबरों की पड़ताल कर रहा है। उसने इस मुद्दे पर शांति बरतने की अपील करते हुए कहा था कि उसका किसी भी संप्रभु देश के क्षेत्राधिकार तथा वायु क्षेत्र का उल्लंघन करने का कोई इरादा नही है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यह भी कहा कि उनके पास ऐसी कोई सूचना नही है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की अगले सप्ताह होने वाली बीजिंग की यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार होगी या नही। उन्होंने कहा कि जासूसी गुब्बारे की खबर के बारे मैं तथ्यों की स्पष्ट समझ होने से पहलै नेताओं और जनता को निर्णय नही लेना चाहिए। ब्लिंकन व्यापार, ताइवान, मानवाधिकार और दक्षिण चीन सागर मे चीन के दावो को लेकर संबंधो मे तनाव कम करने के प्रयासो के तौर पर चीन की यात्रा करने वाले राष्ट्रपति जो. बाइडन के प्रशासन के शीर्ष अधिकारी होंगे। माओ ने नियमित संवाददाता सम्मेलन मे कहा, चीन एक जिम्मेदार देश है और उसने अंतरराष्ट्रीय नियमो का हमेशा सख्ती से पालन किया है और चीन का किसी भी संप्रभु देश के क्षेत्राधिकार तथा वायु क्षेत्र का उल्लंघन करने का कोई इरादा नही है। गुब्बारे के लिए, जैसा कि मैंने अभी कहा, हम जांच कर रहे है और स्थिति का पता लगा रहे है। उम्मीद करते है कि दोनों पक्ष एक साथ मिलकर इससे शांतिपूर्वक तथा सावधानीपूर्वक निपट सकते हैं।

## ईयू अधिकारी जेलेंस्की से मिलेंगे

**कीव।** यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष अधिकारी शुक्रवार को कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से मिलेंगे और रूस से युद्ध लड़ रहे देश के प्रति समर्थन प्रदर्शित करेंगे रूस के आक्रमण का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन, ईयू के साथ-साथ नाटो में शामिल होने का भी प्रयास कर रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के साथ ही 15 यूरोपीय आयुक्त यूक्रेन की राजधानी पहुंचे हैं और उन्होंने जेलेंस्की से होने वाली मुलाकात को शिखर बैठक करार दिया है। इस तरह का आखिरी शिखर सम्मेलन अक्टूबर 2021 में युद्ध शुरू होने से कुछ महीने पहले कीव में आयोजित किया गया था। कीव पहुंचने पर मिशेल ने एक ट्वीट में कहा, हमारे संकल्प में कोई कमी नहीं आएगी। हम यूरोपीय संघ के लिए आपकी यात्रा के हर कदम पर (यूक्रेन) का समर्थन करेंगे। यूक्रेन 27 देशों के ब्लॉक में शामिल होना चाहता है, और औपचारिक रूप से पिछले साल जून में इसने अपना आवेदन प्रस्तुत किया था।

## साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मशीन लर्निंग , आधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने पर क्वाड सहमत

भाषा। वाशिंगटन

**ऑस्ट्रेलिया,** भारत, जापान और अमेरिका का औपचारिक समूह क्वाड साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मशीन लर्निंग और संबंधित आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर सहमत हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के अधिकारियों ने 30-31 जनवरी को नई दिल्ली में क्वाड सीनियर साइबर ग्रुप की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया जो समावेशी और लचीला हो। बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में व्हाइट हाउस ने कहा कि दीर्घकालिक रूप में समूह साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मशीन लर्निंग और संबंधित आधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने तथा कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी) के लिए सुरक्षित चैनलों की स्थापना करने एवं निजी क्षेत्र के खतरे की जानकारी साझा करने पर सहमत है। व्हाइट हाउस ने कहा कि समूह आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा एवं सूचना संचार प्रौद्योगिकियों (आईसीटी) के लिए लचीलापन तथा अहम क्षेत्रों में संचालनगत प्रौद्योगिकी (ओटी) प्रणालियों के लिए खाका एवं कार्यप्रणाली विकसित करने के वास्ते प्रतिबद्ध है। इसने कहा कि ए उद्देश्य समूह के लिए भविष्योन्मुख, महत्वपूर्ण कार्य योजना का एक अहम हिस्सा बनाते हैं। साथ ही व्हाइट हाउस ने कहा कि इन उद्देश्यों पर प्रगति से क्वाड सदस्यों की राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा बढ़ेगी और साइबर हमले की घटनाएं कम होंगी तथा इस तरह के खतरों पर प्रतिक्रिया देने की उनकी क्षमता बढ़ेगी। व्हाइट हाउस ने कहा कि मशीन लर्निंग अनुसंधान पर निकट सहयोग से नेटवर्क घुसपैठ का बेहतर पता लगाने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के साइबर जोखिम प्रबंधन में सुधार करने में अधिक आसानी होगी।

### पद के दुरुपयोग मामले में दक्षिण कोरिया के पूर्व मंत्री को दो साल की जेल

**सोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने देश के पूर्व कानून मंत्री चो कुक को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में दोषी करार देते हुए शुक्रवार को दो साल के कारावास की सजा सुनाई। इस घोटाले के उजागर होने के बाद दक्षिण कोरिया की पूर्ववर्ती सरकार आलोचनाओं से घिर गई थी और देशभर में उसके खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन का कर्मचारी माली में रिहा

**बमाको।** उत्तरी माली में अज्ञात हमलावरों द्वारा अगवा किए जाने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक कर्मचारी को रिहा कर दिया गया। एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। माली में डब्ल्यूएचओ के संचार अधिकारी अब्दुलाए सिसे ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि डॉ. महामदौ दियावारा को बृहस्पतिवार दोपहर रिहा कर दिया गया और वह गाओ शहर में है।

### ब्रिटिश सिख ने राजद्रोह का अपराध स्वीकार किया

**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की 2021 में क्रिसमस के दिन हत्या करने की मंशा रखने वाले एक ब्रिटिश सिख ने राजद्रोह करने का अपराध शुक्रवार को स्वीकार कर लिया। आरोपी को विंडसर पैलेस के मैदान से पकड़ा गया था। आरोपी जसवंत सिंह चैल (21) की गिरफ्तारी के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में यह देखने को मिला कि चैल 1919 में अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए महारानी की हत्या करना चाहता था।

### श्रीलंका के 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिरकत करेंगे केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन

**कोलंबो।** विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन श्रीलंका के 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे तथा विदेश मंत्री अली साबरी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका अपना स्वतंत्रता दिवस चार फरवरी को मनाता है। शनिवार को राजधानी कोलंबो में देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### ब्लू डार्ट एक्सप्रेस विदेशों में छाएगा

**मुंबई।** दक्षिण एशिया की प्रमुख एक्सप्रेस हवाई एकीकृत माल वाहन और वितरण कंपनी ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने मुंबई में आयोजित अपनी बोर्ड की बैठक में 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इस कंपनी ने 31 दिसंबरए 2022 को समाप्त हुई तिमाही के लिए टैक्स चुकाने के बाद 86.93 करोड़ का लाभ दर्ज किया ;पिछले वर्षए इसी तिमाही के लिए टैक्स चुकाने के बाद लाभ 122018 करोड़ था। 31 दिसंबरए 2022 को समाप्त हुई तिमाही के लिए काम.काज से प्राप्त लाभ पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 6.6 की वृद्धि के साथ 1,337 करोड़ रहा। ब्लू डार्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर बॅलफर मैनुअल ने यह जानकारी दी।

### संरा ईसीओएसओसी के वार्षिक सत्र में अपनी सड़क सुरक्षा पहल का जिक्र किया

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत स्थित एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएससोसी) के वार्षिक सत्र में उसके द्वारा सड़क सुरक्षा और पर्यावरण के संरक्षण के वास्ते की गई पहलों का जिक्र किया, जिनमें साइकिल के लिए रिफ्लेक्टिव स्टिकर मुहैया कराना, हेलमेट बैंक की सुविधा देना और चिल्ड्रन चालान बुक बनाना शामिल है।

# ब्रिटेन की पूर्व पीएम ट्रस चीन के खिलाफ सख्ती का आह्वान करेंगी



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन की** पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस तोक्यो में इस महीने होने वाले एक सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम के पूर्व नेताओं से मुलाकात करेंगी तथा चीन के खिलाफ सख्त अंतरराष्ट्रीय रुख अपनाने का आह्वान करेंगी। सांसदों के एक अंतरराष्ट्रीय समूह चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन ने शुक्रवार को कहा कि ट्रस ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन के साथ जापानी संसद में 17 फरवरी को एक कार्यक्रम में भाषण देंगी। यूरोपीय संसद के सदस्य एवं बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री जी वर्होफस्टैट भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन के आयोजकों को उम्मीद है कि इस कार्यक्रम से हिरोशिमा में मई में होने वाले सात अमीर लोकतांत्रिक देशों के समूह के अगले शिखर सम्मेलन से पहले चीन द्वारा पैदा खतरों को लेकर और अधिक समन्वित कूटनीतिक रुख कायम करने में मदद मिलेगी। ट्रस के ताइवान के संबंध में चीन के बढ़ते खतरों को लेकर जारी चिंताओं पर भी बात करने की संभावना है। वहीं, मॉरिसन गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए चीनी अधिकारियों के खिलाफ अधिक लक्षित प्रतिबंधों का आह्वान करेंगे, जबकि वर्होफस्टैट बीजिंग के दबाव के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने में यूरोपीय संघ की भूमिका पर बात करेंगे।

- तोक्यो में इस महीने होने वाले एक सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम के पूर्व नेताओं से मुलाकात करेंगी

## सभी चीनी नागरिकों को सुरक्षा नहीं देंगे, निजी सुरक्षा सेवा लेना बेहतर: पाकिस्तान की पंजाब सरकार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब में सरकार ने देश में लगातार हो रहे आतंकी हमलों के बीच प्रांत में रहने वाले चीनी नागरिकों से कहा है कि वह उन सभी को सुरक्षा मुहैया नहीं कराएगी और इसके लिए उन्हें निजी सुरक्षा कंपनियों की सेवा लेनी चाहिए। पेशावर शहर के पुलिस लाइंस क्षेत्र में एक मस्जिद में हुए घातक आतंकी हमले के कुछ दिन बाद बृहस्पतिवार को पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने यह निर्देश जारी किया। मस्जिद में हुए विस्फोट में 101 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। निर्देश में कहा गया है, पंजाब गृह विभाग ने प्रांत में रहने वाले या निजी कंपनियों के साथ काम करने वाले चीनी नागरिकों को उनकी सुरक्षा के लिए ए श्रेणी की निजी सुरक्षा कंपनियों की सेवा लेने का निर्देश दिया है। हालांकि, पंजाब सरकार ने स्पष्ट किया कि वह प्रांत में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) और सरकार से संबंधित अन्य परियोजनाओं में काम कर रहे चीनी नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना जारी रखेगी। हाल के दिनों में पाकिस्तान में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें सरकारी और निजी दोनों परियोजनाओं के लिए देश में रह रहे चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया है। चीन देश के अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों को पुख्ता सुरक्षा प्रदान करने के लिए पाकिस्तान पर दबाव डालता रहा है।

# मानसिक बीमारी में अहम साबित हो सकती हैं साइकिडेलिक दवा

- सूक्ष्म खुराक के बारे में हमारी जानकारी अब भी सीमित

भाषा। सिडनी




**साइकिडेलिक** दवाओं की एक लंबे समय तक सूक्ष्म खुराक लेने से आपके मूड में सुधार हो सकता है, लेकिन इनके बारे में अभी भी बहुत कुछ हम नहीं जानते। लंबे समय तक प्रतिबंधित रहने वाली साइकिडेलिक दवाएं एक बार फिर वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं और क्लीनिक में स्थान पा रही हैं और ऐसे सबूत भी बढ़ रहे हैं कि ये मानसिक बीमारियों के इलाज में अहम हथियार साबित हो सकती हैं। नए अनुसंधानों से साइकिडेलिक दवाओं के प्रति धारणा में बदलाव आया है। हॉल्यूसिन (मदहोशी) पैदा करने वाली दवाएं जैसे मेस्क्लीन और प्सिलोकेबिन जो मैजिक मशरुम में होते हैं का इस्तेमाल सदियों से सांस्कृतिक और धार्मिक अनुष्ठानों में होता रहा है। इन वस्तुओं की अधिक खुराक लेने पर मतिभ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। हाल में हालांकि, साइकिडेलिक दवाओं की नियमित रूप से सूक्ष्म खुराक लेने का चलन बढ़ा है जिससे हमारी चेतनावस्था में बदलाव नहीं होता है। यह विचार वर्ष 2011 में ही सार्वजनिक बहस में आया और इसके बाद यह परिपाटी पूरी दुनिया में लोकप्रिय हुई और इसके साथ ही दावा किया जाने लगा कि इसके जरिए कई मानिसिक बीमारियों का इलाज हो सकता है और शारीरिक रूप से इसके लाभ होते हैं। साइकिडेलिक दवाओं की सूक्ष्म खुराक लेने का सबसे आम उल्लेखित तरीका है कि हर तीन से चार दिन पर पारंपरिक मनोरंजन दवाओं की दसवें से बीसवें हिस्से को बतौर सूक्ष्म खुराक लिया जाए। कई सूक्ष्म खुराक लेने वाले दावा करते हैं कि उनकी संज्ञात्मक और मानसिक सेहत में सुधार हुआ हैअ यह भी सबूत मिले हैं कि सूक्ष्म खुराक लेने से दर्द के प्रति धारणा, मूड और चेतना में बदलाव आता है।

## भारतीय एनजीओ ने संरा ईसीओएसओसी के वार्षिक सत्र में अपनी सड़क सुरक्षा पहल का जिक्र किया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत स्थित** एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के वार्षिक सत्र में उसके द्वारा सड़क सुरक्षा और पर्यावरण के संरक्षण के वास्ते की गई पहलों का जिक्र किया, जिनमें साइकिल के लिए रिफलेक्टिव स्टिकर मुहैया कराना, हेलमेट बैंक की सुविधा देना और चिल्ड्रन चालान बुक बनाना शामिल है। ईसीओएसओसी की बैठक में वैश्विक महामारी से मजबूती से उबरने और सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा हासिल करने को लेकर साझेदारी फिर से मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। एनजीओ पटियाला फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि सिंह अहलूवालिया ने इस सप्ताह आर्थिक एवं सामाजिक परिषद वार्षिक भागीदारी फोरम 2023 की बैठक में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र निकाय से मान्यता प्राप्त एनजीओ, एजेंसियां और हितधारक संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एकत्र हुए और वैश्विक महामारी, यूक्रेन संघर्ष और अन्य संकटों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कड़े कदमों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# पाकिस्तानी पीएम शहबाज ने पेशावर नरसंहार रोकने में विफलता की बात मानी : रिपोर्ट

भाषा। पेशावर

**पाकिस्तान में** एक के बाद एक हो रहे आतंकी हमलों के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को पेशावर में हुए बम धमाके को रोकने में नाकामी की बात स्वीकार की और इस खतरे से निपटने के लिए राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। पेशावर में मस्जिद में नमाज के वक्त हुए आत्मघाती विस्फोट में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। मस्जिद पर हुए हमले और पाकिस्तान में आतंकवाद की उभरती स्थिति पर यहां गवर्नर हाउस में एक शीर्ष समिति की बैठक को संबोधित करते हुए शरीफ ने आतंकवादी हमलों के मद्देनजर विपक्षी दलों द्वारा संघीय सरकार के खिलाफ की गई आलोचना पर भी निराशा व्यक्त की। डान अखबार ने शरीफ के हवाले से कहा, राजनीतिक दलों में एकजुटता की जरूरत है। आतंकवाद का यह कृत्य सुरक्षा जांच चौकी को भेदते हुए मस्जिद तक पहुंच अंजाम दिया गया। हमें तथ्यों को स्वीकार करने में संकोच नहीं करना चाहिए। पेशावर मस्जिद में सोमवार को हुए हमले में तालिबान के एक आत्मघाती हमलावर ने दोपहर की नमाज के दौरान विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया। इसमें 101 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए थे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि हमलावर ने उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में घुसने के लिए पुलिस की वर्दी पहन रखी थी और वह हेलमेट और मास्क लगाकर मोटरसाइकिल चला रहा था। पाकिस्तान में हाल में आतंकवाद से जुड़े कई मामले देखने को मिले हैं, जिनमें से अधिकतर देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अंजाम दिए गए। हालांकि बलोचिस्तान और अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से लगने वाले पंजाब के मियांवाली शहर में भी आतंकी हमले देखने को मिले हैं। मस्जिद हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति सहानुभूति जताते हुए शरीफ ने कहा कि यह पूछा जा रहा था कि यह आतंकी कृत्य कैसे हुआ जबकि कुछ साल पहले आतंकवाद को खत्म किया जा चुका है। खबर में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया, इस घटना के मद्देनजर सोशल मीडिया पर अनुचित आलोचना देखी गई। यह निश्चय ही निंदनीय है। सुरक्षा चूक के कारण घटना घटित होने की जांच की जाएगी।

## पाकिस्तान की मस्जिद में विस्फोट : पुलिस ने डीएनए नमूनों से बम हमलावर की पहचान की

**पेशावर।** पाकिस्तानी अधिकारियो ने आत्मघाती बम हमलावर की उसके डीएनए नमूने की मदद से पहचान कर 100 लोगों की जान लेने वाले पेशावर मस्जिद हमले की अपनी जांच में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का शुक्रवार को दावा किया। पेशावर सिटी के पुलिस प्रमुख इजाज खान ने बताया कि हमले के सिलसिले मे एक महिला को गिरफ्तार किया गया है और वह जांच मे जांचकर्ताओं का सहयोग कर रही है। पेशावर पुलिस लाइंस आत्मघाती विस्फोट की जांच कर रहे जांचकर्ताओ को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है क्योकि उन्हे ऐसा ठोस सबूत मिला है जिससे बम हमलावर की पहचान हुई है। सोमवार को यहां पुलिस लाइंस क्षेत्र मे मस्जिद मे इस बम हमलावर ने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया था, जिसमे 101 लोगों की जान चली गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। मारे गए लोगो मे 97 सुरक्षाकर्मी भी शामिल थे। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन बाद में उसने इस हमले से अपनी दूरी बना ली थी।

# ‘कोविड से घबराने की जरुरत नहीं बदलाव के दौर से गुजर रहे ’

- पर अब भी वैश्विक चुनौती बना हुआ है : डब्ल्यूएचओ

भाषा। गीलॉन्ग

**कोविड के साथ** रहते हुए हमने चौथे साल में प्रवेश कर लिया है और हम सभी के मन में एक ही सवाल आता है कि महामारी कब खत्म होगी ?इस सवाल का जवाब पाने के लिए हमें याद रखना होगा कि महामारी पूरी दुनिया में किसी बीमारी का प्रकोप होता है जिसमें वैश्विक स्तर पर आपात प्रतिक्रिया की जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रस अधानोम घेब्रेएसस ने इस सप्ताह घोषणा की थी कि कोविड अब भी अंतरराष्ट्रीय चिंता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी आपदा बना हुआ है। जैसा कि घेब्रेएसस ने कहा है, हमारे सामने अब भी अहम चुनौतियां हैं जिसमें कई देशों में संक्रमण की उच्च दर, वायरस के नए स्वरूपों का खतरा और लंबे समय तक कोविड का अज्ञात प्रभाव शामिल है।कोविड को लेकर लोगों तक सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े संदेश भेजना मुश्किल है, वहीं गलत सूचनाएं लगातार फैल रही हैं। इसके अलावा कई देशों ने कोविड की जांच और निगरानी को प्राथमिकता देना बंद कर दिया है, इसलिए हमारे पास संक्रमण के प्रसार को लेकर सही-सही आंकड़े नहीं हैं। हम अब भी कोविड के खिलाफ हमारी कार्वाई को लेकर आपात स्थिति में हैं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी माना है कि हम बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं।

## हांगकांग और चीन के बीच यात्रा के लिए कोविड जांच की जरूरत नहीं पड़ेगी

**हांगकांग।** हांगकांग और चीन के बीच यात्रा के लिए अब कोविड-19 संबंधी जांच कराने की कोई आवश्यकता नही होगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। हांगकांग के नेता जॉन ली ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सोमवार से हांगकांग और चीन के बीच यात्रा पूरी तरह से बहाल हो जाएगी। ली ने बताया कि यात्रियों के लिए जो संख्या निर्धारित की गई थी, वह भी समाप्त हो जाएगी और सभी सीमा चौकियां अगले सप्ताह खोल दी जाएंगी। ली द्वारा हांगकांग में पर्यटकों को आकर्षित करने के मकसद से एक पर्यटन अभियान की शुरुआत करने के एक दिन बाद यह घोषणा की गई है। इस अभियान के तहत हांगकांग की यात्रा के लिए चुनिंदा पर्यटकों को 5,00,000 मुफ्त हवाई टिकट भी दिए जाएंगे। चीन ने आठ जनवरी को हांगकांग के साथ यात्रा पाबंदियों में ढील दी थी।

## मूत्र की जांच से भी पता लगाया जा सकता है ब्रेन ट्यूमर

भाषा। तोक्यो

**वैज्ञानिकों** ने मूत्र में एक प्रमुख झिल्ली प्रोटीन की पहचान करने के लिए एक नए उपकरण का इस्तेमाल किया है जिससे यह पता चलता है कि मरीज को मस्तिष्क का ट्यूमर है या नहीं। झिल्ली प्रोटीन ऐसे प्रोटीन होते हैं जिनसे या तो जैवझिल्लियाँ निर्मित होती हैं या जो इन जैव झिल्लियों से जुड़ने या आर-पार जाने में सक्षम होते हैं। मस्तिष्क के कैंसर का पता लगाने में इस्तेमाल होने वाले प्रोटीन से ट्यूमर का पता लगाने के लिए आवश्यक आक्रामक जांच की आवश्यकता कम हो सकती है और ट्यूमर के शुरुआती स्तर पर ही पता चलने की संभावना बढ़ सकती है ताकि उसे सर्जरी से हटाया जा सके। अध्ययन में कहा गया है कि जापान के नगोया विश्वविद्यालय के इस अनुसंधान का अन्य प्रकार के कैंसर का पता लगाने के लिए संभावित असर हो सकता है। यह अध्ययन पत्रिका एसीएस नैनो में प्रकाशित हुआ है। हाल फिलहाल में कई प्रकार के कैंसर का शुरुआती स्तर पर पता चलने से कैंसर पीड़ितों के बचने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि, ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित लोगों के जीवित बचने की दर में पिछले करीब 20 साल से कोई बदलाव नहीं आया है।

# हरित हाइड्रोजन के समुद्री जल को विभाजित किया

- प्राकृतिक समुद्री जल को लगभग 100 प्रतिशत दक्षता के साथ ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित किया

भाषा। मेलबर्न



**शोधकर्ताओं** ने हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए पूर्व-उपचार के बिना समुद्री जल को सफलतापूर्वक विभाजित किया है। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, शोधकर्ताओं ने प्राकृतिक समुद्री जल को लगभग 100 प्रतिशत दक्षता के साथ ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित किया, ताकि विद्युत अपघटन (इलेक्ट्रोलिसिस) द्वारा हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया जा सके। अध्ययन में कहा गया है कि उन्होंने एक वाणिज्यिक इलेक्ट्रोलाइजर (विद्युत के प्रयोग से द्रव के विभिन्न रासायनिक अंशों को पृथक करने की प्रक्रिया) में एक गैरकीमती और सस्ते उत्प्रेरक का इस्तेमाल किया। एक विशिष्ट गैर-कीमती उत्प्रेरक कोबाल्ट ऑक्साइड है जिसकी सतह पर क्रोमियम ऑक्साइड होता है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता याओ झेंग ने कहा, हमने उत्क्रम परासरण (रिवर्स ऑस्मोसिस) डीसोलेशन, शुद्धिकरण, या क्षारीकरण जैसी किसी भी पूर्व-उपचार प्रक्रियाओं की आवश्यकता के बिना समुद्री जल को कच्चे माल के रूप में उपयोग किया। झेंग ने कहा, समुद्री जल में चलने वाले हमारे उत्प्रेरकों के साथ एक वाणिज्यिक इलेक्ट्रोलाइजर का प्रदर्शन अत्यधिक शुद्ध विआयनीकृत पानी के कच्चे माल (फीड स्टॉक) पर चलने वाले प्लैटिनमाइरिडियम उत्प्रेरकों के प्रदर्शन के लगभग बराबर है। टीम ने नेचर एनर्जी पत्रिका में अपना शोध प्रकाशित किया। वर्तमान इलेक्ट्रोलाइजर अत्यधिक शुद्ध पानी विद्युत अपघट्य (इलेक्ट्रोलाइट) के साथ संचालित होते हैं। जीवाश्म ईंधन द्वारा उत्पन्न ऊर्जा को आंशिक रूप से या पूरी तरह से बदलने के लिए हाइड्रोजन की बढ़ती मांग तेजी से सीमित मीठे पानी के संसाधनों की कमी को काफी बढ़ाएगी। समुद्री जल लगभग अक्षय संसाधन है और इसे प्राकृतिक फीडस्टॉक विद्युत अपघटक माना जाता है।

### बेटे के हाथों मारे गए सिख दंपति को बचाने के लिए पहले से कदम उठाए जा सकते थे : ब्रिटिश रिपोर्ट

लंदन, तीन फरवरी (भाषा) वेस्ट मिडलैंड्स के ओल्डबरी में वर्ष 2020 में एक सिख दंपति की हत्या के मामले से संबंधित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर उनके आरोपी बेटे के हिंसक व्यवहार और खराब मानसिक हालत को ध्यान में रखते हुए पहले से एहतियाती कदम उठाए जाते तो दंपति की जान बचाई जा सकती थी। सिख दंपति की हत्या मामले से जुड़ी हाल में पेश एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। पैरोल के लिए विचार किए जाने से पहले अनमोल चाना को अगस्त 2020 में बर्मिंघम क्राउन अदालत द्वारा कम से कम 36 साल की सजा सुनाई गई थी। अनमोल को अपनी मां जसबीर कौर (52) और पिता रूपिंदर सिंह बासन (51) को कई बार चाकू मारने का

# संगीत उद्योग में तेजी से पहुंच बना रहे हैं एआई उपकरण

भाषा। सिडनी

**पिछले कुछ** वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल में अत्याधिक विस्तार देखा गया है। अब इसका इस्तेमाल संगीत के क्षेत्र में भी किया जा रहा है। पिछले सप्ताह गूगल में अनुसंधानकर्ताओं के एक समूह ने म्यूजिकएलएम पेश किया जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित संगीत जेनरेटर है और पाठ को ऑडियो में बदल सकता है। स्वत: संगीत निर्माण : अब कई ऐसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरण हैं जिससे उपयोगकर्ता स्वत: संगीत क्रम या ऑडियो सेगमेंट बनाते हैं। इनमें से एक गूगल का मैजेंटा टूल है। ऑडियो सेगमेंट विभिन्न प्रकार की ध्वनि को अलग करने वाले ऑडियो विश्लेषण का एक चरण है। एआई संगीत उत्पादन में दो सबसे काम आने वाली चीजें इस प्रकार हैं : 1) निरंतरता, जहां एआई नोट्स या तरंग डेटा का अनुक्रम जारी रखता है। 2) तालमेल, जहां एआई राग से मेल खाने वाली ध्वनि उत्पन्न करता है। ऐसे उपकरण ब्लैक पेज सिंड्रोम से पीड़ित लोगों के लिए प्रेरणादायक हो सकते हैं। ब्लैक पेज सिंड्रोम से पीड़ित लेखक अपना सर्वश्रेष्ठ काम नहीं दे पाता। बहुत से लोग धुन लिख सकते हैं लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि उसमें भावनाओं को जागृत करने के लिए उसे ध्वनि कैसे दी जाए या कई शैलियों में संगीत कैसे बनाया जाए।

# सारदा मामलाः ईडी ने चिदंबरम की पत्नी सहित लाभार्थियों की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने सारदा धनशोधन मामले में पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री एवं कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम, माकपा के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास और असम के पूर्व मंत्री दिवंगत अंजन दत्ता के स्वामित्व में रही एक कंपनी जैसे लाभार्थियों की छह करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां कुर्क की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 3.30 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और तीन करोड़ रुपए की अचल संपत्ति कुर्क करने का अस्थाई आदेश जारी किया गया है। इन संपत्तियों पर सारदा समूह और अन्य लोगों का स्वामित्व था, जो समूह द्वारा सृजित अपराध की आयै के लाभार्थी थे। लाभार्थियों में नलिनी चिदंबरम, देबब्रत सरकार (ईस्ट बंगाल क्लब के अधिकारी), देबेंद्रनाथ बिस्वास (पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व माकपा विधायक) और असम के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दत्ता के स्वामित्व में रही अनुभूति प्रिंटर एंड पब्लिकेशंस शामिल हैं।

ईडी ने पूर्व में कहा था कि इस मामले में नलिनी चिदंबरम की भूमिका एक टेलीविजन चैनल खरीद सौदा मामले में अदालत और कंपनी लॉ बोर्ड में उनकी पेशी के लिए कथित तौर पर सारदा समूह की ओर से 1.26 करोड़ रुपए के कानूनी शुल्क के भुगतान से जुड़ी थी। दत्ता को असम के दिवंगत मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का करीबी विश्वासपात्र माना जाता था और वह उनके मंत्रिमंडल में मंत्री थे। दत्ता के पास परिवहन सहित कई विभागों का प्रभार था। उन्हें दिसंबर 2014 में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और 2016 में अपने निधन तक वह इस पद पर रहे।



धनशोधन का मामला 2013 तक पश्चिम बंगाल, असम और ओडिशा में सारदा समूह द्वारा कथित चिट फंड घोटाले से संबंधित है। समूह पर अपनी अवैध योजनाओं में निवेश पर असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करके हजारों जमाकर्ताओं को धोखा देने का आरोप है। ईडी ने समूह और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ कोलकाता पुलिस की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद 2013 में एक आपराधिक मामला दर्ज किया था। ईडी ने कहा, इस समूह की कंपनी द्वारा जुटाए गए कुल धन की मात्रा लगभग 2,459 करोड़ रुपए है, जिसमें जमाकर्ताओं का अब तक ब्याज राशि को छोड़कर लगभग 1,983 करोड़ रुपए का बकाया है। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में अब तक करीब 600 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर चुका है।

## भारत की मेजबानी में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए सीआईसीए के सदस्य देशों के प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, रूस, बांग्लादेश, कंबोडिया, मिस्र, इजराइल, श्रीलंका, तुर्किए और वियतनाम सहित सीआईसीए सदस्य देशों के कई प्रतिनिधियों ने कट्टरता का मुकाबला करने के लिए भारत द्वारा आयोजित दो दिवसीय डिजिटल कार्यशाला में भाग लिया। एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में सहयोग बढ़ाने के लिए एशिया में सहभागिता और विश्वास-निर्माण उपायों पर सम्मेलन (सीआईसीए) एक अंतर-सरकारी निकाय है। भारत ने दो और तीन फरवरी को सीआईसीए के ढांचे के तहत कार्यशाला का आयोजन किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आमंत्रित वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपनी विशेषज्ञता साझा की, जिसमें कट्टरता और अतिवाद, कट्टरवाद का उदय और इसका वैश्विक प्रभाव, कट्टरता के लिए सोशल मीडिया का एक उपकरण के तौर पर दुरुपयोग और कट्टरता के खिलाफ प्रारूप शामिल हैं।

# माकपा-कांग्रेस ने अपना अस्तित्व बचाने के लिए त्रिपुरा में हाथ मिलाया हैः नड्डा

**अगरतला।** त्रिपुरा में माकपा और कांग्रेस के गठबंधन में चुनाव लड़ने पर तंज कसते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को दावा किया कि इन दोनों दलों ने राज्य के विकास के लिए नहीं, बल्कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए हाथ मिलाया है। पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में यह पहली बार है कि 25 साल तक त्रिपुरा में शासन करने वाला माकपा नीत वाम मोर्चा कांग्रेस के साथ गठबंधन में 60 सदस्य विधानसभा का चुनाव लड़ रहा है। वाम मोर्च 2018 के विधानसभा चुनाव में हार गया था और उसके 25 साल के शासन का अंत हो गया था। माकपा 43 सीट पर चुनाव लड़ रही जबकि वाम मोर्चा के अन्य घटकों - फॉरवर्ड ब्लॉक, आरएसपी और भाकपा ने एक-एक सीट पर उम्मीदवार खड़े किए हैं।

वाम मोर्चा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने 13 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वाम मोर्चा रामनगर विधानसभा सीट पर एक निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन कर रहा है। नड्डा ने गोमती जिले के अमरपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमारे विरोधी देश या राज्य के विकास के लिए नहीं बल्कि अपने अस्तित्व को बचाने के लिए एकसाथ आए हैं। दो अलग-अलग संस्थाएं अब एक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले पांच वर्षों में समग्र विकास किया और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए जबरदस्त काम किया।

नड्डा ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में 2018 के विधानसभा चुनावों से पहले उग्रवाद, हिंसा और सड़कों पर नाकेबंदी होती थी, लेकिन डबल इंजन सरकार ने 2019 में प्रतिबंधित विद्रोही समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा के साथ समझौता करके राज्य में शांति सुनिश्चित की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 600 करोड़ रुपए खर्च करके 37000 ब्रू शरणार्थियों को बसाया। भाजपा राज्य का पूरी क्षमता से विकास चाहती है। अगरतला-अखौरा रेलवे परियोजना से राज्य के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को उल्लेखित करते हुए नड्डा ने दावा किया कि भाजपा ने पूर्वोत्तर राज्य का चेहरा और भाग्य बदल दिया है, जो एक सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा, राज्य के लोगों ने आने वाले चुनावों में भाजपा को वोट देने का फैसला कर लिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि डबल इंजन राज्य को विकास की ओर ले जाता रहे। राज्य में विधानसभा चुनाव 16 फरवरी को होंगे जबकि मतगणना दो मार्च को होगी।


# राजस्थान में 62 कर्मियों को मिल चुका है ओपीएस लाभः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के बारे में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के एक कतिपय बयान का खंडन करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू कर दिया गया है एवं 62 कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जा चुका है। इसके साथ ही गहलोत ने कहा, आगे भी सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। खट्टर की कथित टिप्पणी का खंडन करते हुए गहलोत ने सोशल मीडिया पर उन्हें संबोधित करते हुए लिखा, मीडिया के माध्यम से पता चला कि आपने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (पर बयान देते हुए कहा कि राजस्थान ने ओपीएस की घोषणा को वापस ले लिया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आपको किसी ने गलत जानकारी दी है जिसके कारण आपने ऐसा बयान दिया जो तथ्यात्मक नहीं है।

उन्होंने लिखा, राजस्थान में एक अप्रैल 2022 से ओपीएस लागू कर दिया गया है एवं 2004 के बाद सेवा में आकर सेवानिवृत्त हुए 62 कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ दिया जा चुका है एवं आगे भी सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। गहलोत ने लिखा, मैं आपकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि इसी प्रकार का असत्य हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वहां विधानसभा चुनावों के दौरान बोला था, इसलिए मैंने वहां विधानसभा चुनाव के दौरान शिमला जाकर प्रेस वार्ता की एवं हिमाचल प्रदेश की जनता को सच से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खट्टर की जानकारी में लाना चाहते हैं कि संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची का बिन्दु संख्या 42 स्पष्ट कहता है कि राज्य पेंशन जो राज्य की समेकित निधि से दी जाएगी उन पर राज्य सरकार को कानून बनाने का अधिकार है।

## फरीदाबाद : उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सूरजकुण्ड मेले का उद्घाटन किया

**फरीदाबाद।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला-2023 का उद्घाटन किया। यह मेला आगामी 19 फरवरी को सम्पन्न होगा। इस मौके पर उप राष्ट्रपति धनखड़ के साथ उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, मुख्य सचिव संजीव कौशल भी मौजूद थे जिन्होंने गोल्फ कार्ट में सवार होकर मेला परिसर का अवलोकन किया। धनखड़ ने सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बांस से बनाए गए पूर्वोत्तर पवेलियन में प्रदर्शित हस्तशिल्प उत्पादों का भी अवलोकन किया। उपराष्ट्रपति ने किर्गिस्तान और श्रीलंका द्वारा लगाए गए स्टॉल में प्रदर्शित उत्पादों को भी देखा। वह मोदी आर्काइव में प्रदर्शित डिजिटल प्रदर्शनी देखने भी गए।




जम्मू में अग्निवीर की भर्ती रैली में प्रमाणपत्रों की जांच के लिए अपनी बारी का इन्तजार करते हुए अभ्यर्थी।

# रामदेव ने मुस्लिमों पर साधा निशाना, हिंदू लड़कियों को अगवा करने का आरोप लगाया

**जयपुर।** योग गुरु बाबा रामदेव ने हिंदू धर्म की तुलना इस्लाम और ईसाई धर्म से करते हुए मुस्लिमों पर आतंक का सहारा लेने और हिंदू लड़कियों का अपहरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ए दोनों धर्म इस्लाम व ईसाई पर धर्मांतरण का जुनून सवार था, जबकि हिंदू धर्म अपने अनुयायियों को अच्छा जीवन जीना सिखाता है। रामदेव ने बृहस्पतिवार को बाड़मेर में संतों की एक सभा में कहा, अब कोई मुसलमान से पूछे कि आपका धर्म क्या कहता है। वह कहेगा कि बस पांच बार नमाज पढ़ो फिर जो मन में आए वह करो... चाहे हिंदुओं की लड़कियों को उठाकर लाओ... चाहे जो भी पाप करना है करो ...वो इस्लाम का मतलब नमाज समझते हैं। बहुत पाप करते हैं हमारे बहुत से मुस्लिम भाई।

रामदेव का यह भाषण सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। इसमें वह कह रहे हैं, मैं किसी के बारे में कोई आलोचना नहीं कर रहा हूं, लेकिन लोग उसी चक्कर में पड़े हैं। कोई कहता है कि पूरी दुनिया को इस्लाम में तब्दील करेंगे। कोई कहता है कि ईसाइयत में तब्दील करेंगे। लेकिन करके करोगे क्या यह तो बताओ? ... कोई एजेंडा नहीं है।

मुसलमानों पर अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा, कई आतंकवादी बन गए, अपराधी बन गए। नमाज जरूर पढ़ेंगे। उन्होंने समुदाय की रूढ़िवादी सदस्यों की पोशाक का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म लोगों को हिंसा, झूठ और बेईमानी में शामिल नहीं होने की शिक्षा देता है। रामदेव ने कहा, सनातन धर्म का एजेंडा है। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठो। भगवान का, राम का नाम लो, योग करो और अपने आराध्य की पूरा करके कर्म योग करो। ए सनातन धर्म सिखाता है कि अच्छे से जीवन कैसे जीना है। हमारे आचार में, विचारा में वाणी में सात्विक्ता, धार्मिकता, दिव्यता होनी चाहिए।

## बघेल ने योगी, मौर्य पर साधा निशाना, विनोबा भावे की सलाह मानने का आह्वान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि तुलसीदास रचित महाकाव्य श्रीरामचरितमानस के कुछ हिस्से के कथित रूप से महिलाओं और पिछड़े समुदाय के विरूद्ध होने को लेकर विवाद उत्तर प्रदेश के नेताओं द्वारा वोटबैंक की राजनीति के तहत खड़ा किया जा रहा है। उप्र में श्रीरामचरितमानस को लेकर विवाद समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के एक बयान से उत्पन्न हुआ है। 22 जनवरी को दावा किया था कि उसके कुछ हिस्से जाति के आधार पर समाज के एक बड़े वर्ग का अपमान करते हैं। मांग की थी कि उन पर प्रतिबंध लगाया जाए। बघेल ने संवाददाताओं से कहा, यह (विवाद) दोनों (उप्र के मुख्यमंत्री) योगी आदित्यनाथ एवं मौर्य के वोट हासिल करने में माफिक है। लोग उसकी (ऐसे टकरावों की) मार झेलते हैं क्योंकि जरूरी मुद्दों की अनदेखी कर दी जाती है। दो-चार दोहों से ऐसे महाकाव्य पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

# राजस्थान के मंत्री राजेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज

भाषा। जयपुर

**राजस्थान के सैनिक कल्याण** और पंचायती राज राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा और उनके निजी सहायक सहित कुछ लोगों के खिलाफ एक व्यक्ति का अपहरण करने, उससे सादा (ब्लैंक) चेक लेने व धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। वहीं मंत्री गुढ़ा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सवाल उठाए और कहा कि किसी मंत्री पर मुकदमा हो और वह भी राजस्थान के मुख्यमंत्री की जानकारी के बिना, हो ही नहीं सकता क्योंकि गृह विभाग भी उन्हीं के पास है। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी ने पहले ही कहा था कि पंगे मत लो? उन्होंने कहा कि कम से कम वो (मुख्यमंत्री) इस मुकदमे से पहले मेरी जानकारी तो ले लेते कि यह मामला क्या है ?

उन्होंने कहा कि एक मंत्री के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज नहीं होना चाहिए था.. मुझे नहीं पता क्या है.. मैं उनसे मिलकर बात करूंगा.. एक मंत्री के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करके क्या साबित करना चाहते हैं। उदयपुरवाटी, झुंझुनूं से विधायक गुढ़ा व अन्य के खिलाफ यह मामला सीकर के नीमकाथाना निवासी दुर्गा सिंह ने बृहस्पतिवार को दर्ज करवाया। सिंह वार्ड पंच हैं।

नीमकाथाना के कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी बाबूलाल ने बताया कि नीम का थाना के मोदी बाग निवासी दुर्गा सिंह ने मंत्री राजेन्द्र गुढा, उनके निजी सहायक पी. ए. कृष्ण कुमार तथा विमला कंवर व अन्य के खिलाफ बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 143, 323, 347, 365, 504, 506 और 4-6 के तहत मामला दर्ज करवाया है।

उन्होंने बताया कि नीमकाथाना के वार्ड नंबर 31 निवासी शिकायतकर्ता दुर्गा सिंह ककराना पंचायत का वार्ड पंच है। घटना 27 जनवरी की है। उन्होंने बताया कि मामला मंत्री से जुड़ा होने के कारण आगे की कार्वाई के लिए अपराध अन्वेषण शाखा (सीआईडी-सीबी) को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से मामला किसी भूखंड को लेकर पैसे के लेनदेन जुड़ा प्रतीत होता है। उल्लेखनीय है कि गुढ़ा उन छह विधायकों में से एक हैं जिन्होंने 2018 का विधानसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर जीता था, लेकिन बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गए। गुढ़ा को बाद में अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। अपने मुखर बयानों के लिए प्राय: चर्चा में रहने वाले गुढ़ा हाल ही में सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की वकालत करते नजर आए हैं।

## इंदौर में सर तन से जुदा का नारा लगवाने के आरोपी को जमानत देने से अदालत का इनकार

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान जुटी भीड़ से कथित सर तन से जुदा का भड़काऊ नारा लगवाने के आरोप का सामना कर रहे 29 वर्षीय दर्जी को जमानत पर रिहा करने से सत्र अदालत ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन शाहरुख खान की मुख्य भूमिका वाली फिल्म पठान के रिलीज होने के दौरान शहर में सामने आए विवाद के बाद किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद तौसीफ शेख (29) की जमानत याचिका खारिज कर दी। शेख पेशे से दर्जी है। सत्र अदालत ने अपने आदेश में कहा, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और कोई भी नागरिक देश से बड़ा नहीं है। ऐसी स्थिति में देश में शांति व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व प्रत्एक नागरिक का है। अदालत ने कहा कि आरोपी ने जिस प्रकार के नारे लगवाकर दूसरे धर्म के खिलाफ हिंसा और घृणा फैलाए जाने का प्रयास किया है, इससे उसकी देशद्रोही मानसिकता परिलक्षित होती है। जमानत याचिका पर अदालत में बहस के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने प्रदेश सरकार का पक्ष रखा। गौरतलब है कि 25 जनवरी को फिल्म पठान के रिलीज होने के दौरान शहर के कस्तूर टॉकीज परिसर में बजरंग दल के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

# उत्तराखण्डः कोटद्वार में तीन दिवसीय पक्षी महोत्सव शुरू

**कोटद्वार (उत्तराखंड)।** बर्ड वॉचिंग (पक्षी अवलोकन) को पर्यटन से जोड़ने की संभावनाओं के मद्देजनर शुक्रवार से यहां पक्षी महोत्सव शुरू हुआ। पौड़ी जिला प्रशासन और वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव में देश-विदेश के पक्षी प्रेमियों के आने की संभावना है। उत्तराखंड में पक्षियों की लगभग 800 प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें से 450 से अधिक पौड़ी के कोटद्वार के निकट लैंसडाउन वन प्रभाग, कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान के कुछ हिस्से और रिखणीखाल की मंदाल घाटी में मिलती है।

कोटद्वार के जंगलों में रेल बिल्ड लियो थ्रेक्स, स्लेटी ब्लू फ्लाई कैचर, ग्रेट बिल्स टीसया, हिमालयन रूबीथ्रोट, ब्राउन डिपर, रूफर्स जार्जेट फ्लाई कैचर, ग्रे हेडड फ्लाई कैचर, ब्राउन हेडड बारबेट, स्पाटेड फ्राक टेल, ग्रेट हॉर्नबिल, ओरिएंटल पाइड हॉर्नबिल्स, किंगफिशर की छह प्रजातियां, फिश ईगल, पलाश ईगल, इंडियन स्कॉप्स आउल, क्रिमिसन सन बर्ड, नटहैच सहित पक्षियों की कई प्रजातियां आसानी से देखी जाती हैं।

पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान के साथ पक्षी महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कोटद्वार की विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि क्षेत्र में चिड़ियों का एक बड़ा संसार है और विश्व में बड़ी संख्या में पक्षी प्रेमी हैं और दोनों को साथ लाने के लिए यह आयोजन किया गया है। महोत्सव का आयोजन पांच साल बाद हो रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य इसे पर्यटन से जोड़ना है ताकि क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो और लोगों को रोजगार मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि कोटद्वार और उसके आस पास के क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी पाए जाने की जानकारी मिलते ही इसे पर्यटन से जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम किया गया है।

## जी-20 : गुजरात के कच्छ के रण में पर्यटन कार्य समूह की बैठक सात फरवरी से

**अहमदाबाद।** भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत गुजरात सात से नौ फरवरी तक पर्यटन कार्य समूह (टीडब्ल्यूजी) की पहली बैठक की मेजबानी करेगा, जो कच्छ के रण में आयोजित की जाएगी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी टीडब्ल्यूजी बैठक में शामिल होंगे। पिछले महीने गांधीनगर में जी-20 के तहत हुई व्यापार से जुड़ी बैठक के बाद यह इसकी गुजरात में दूसरी बैठक होगी। राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, टीडब्ल्यूजी बैठक के पहले दिन हिस्सा लेने वाले प्रतिनिधियों को कच्छ के सफेद रण में जाने का मौका मिलेगा, जिसके बाद क्षेत्र की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार, सामुदायिक सशक्तिकरण एवं गरीबी उन्मूलन के लिए ग्रामीण पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक कार्यक्रम भी होगा।

# इंजीनियर भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में नौ के खिलाफ मामला दर्ज

**देहरादून।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक और कनिष्ठ इंजीनियर पदों पर भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में कथित रूप से शामिल नौ व्यक्तियों के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, मामले की विवेचना कर रहे विशेष जांच दल (एसआइटी) ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने में संलिप्त पाए गए नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हरिद्वार के पुलिस थाना कनखल में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420, 409, 120बी, 314 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 718 भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 में मुक़दमा दर्ज किया गया है। पिछले कुछ महीनों में उत्तराखंड में एक के बाद एक भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के कई मामले सामने आए हैं।

इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उनकी सरकार पूरे सिस्टम को सुधारने के लिए कृतसंकल्प है और भर्तियों में गड़बडी करने वालो को कतई बख्शा नही जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य लोक सेवा आयोग की सहायक और कनिष्ठ इंजीनियरों की भर्ती परीक्षा में अनियमितता की शिकायतें मिलने पर तुरंत जांच के आदेश दिए गए थे। धामी ने कहा, मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और संलिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले भी विभिन्न भर्तियों में गड़बडी करने वालों को जेल भेजा गया है और ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है कि पूरे पारदर्शी और साफ-सुथरे तरीके से भर्ती परीक्षाएं हो। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लाया जा रहा है और प्रदेश के युवाओं के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीरः वैष्णो देवी मंदिर के पास लगी मामूली आग

भाषा। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के रियासी जिले में त्रिकुटा पर्वत की चोटी पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से करीब एक किलोमीटर दूर एक अस्थाई शेड में शुक्रवार को मामूली आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया और इस घटना का तीर्थयात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, जो सुचारू रूप से जारी है। अधिकारियों ने कहा कि भैरवघाटी के रास्ते में कुछ मजदूर घोड़ा स्टैंड के पास अस्थाई शेड में ठहरे हुए थे और दोपहर करीब 1.30 बजे उनके कुछ सामान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि दमकल और आपातकालीन सेवा, पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और श्राइन बोर्ड के कर्मचारियों ने आग पर तुरंत काबू पा लिया।

# ओडिशा में विपक्ष के नेता ने किया पीएसओ का परित्याग

भाषा। भुवनेश्वर

**ओडिशा** में विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्र ने शुक्रवार को अपने निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) का परित्याग कर दिया और दावा किया कि सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति में राज्य के मंत्री नबा किशोर दास की हत्या के बाद पुलिस बल पर उनका विश्वास खत्म हो गया है। झारसुगुडा जिले में 22 जनवरी को एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने दास को गोली मार दी थी। चोटों के चलते एक दिन बाद दास की मौत हो गई। घटना की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मिश्र ने कहा, चूंकि अब ओडिशा पुलिस पर मेरा विश्वास नहीं रह गया है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त पीएसओ को रखने का कोई तुक नहीं है। इस बीच, पुलिस महानिदेशक एस के बंसल ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि प्रधानमंत्री समेत वीवीआईपी को सुरक्षा प्रदान कर रहे विशेष सुरक्षा बल (एसपीजी) के साथ ओडिशा पुलिस अपने सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के तौर -तरीकों पर चर्चा कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक दिवंगत मंत्री की बात है तो ओडिशा पुलिस ने उनके निजी सुरक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

उन्होंने कहा, हम उस दिन के घटनाक्रम की समीक्षा एवं जांच करेंगे और यदि कोई चूक पाई गई तो कार्वाई करेंगे। इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस हत्या की जांच कर रहे अपराध शाखा के अधिकारी आरोपी गोपाल दास के बारे में और बातें पता करने के लिए ब्रजराजनगर स्थित किराए के उसके मकान का दौरा किया।

# देश में आगामी चुनाव में रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल का कोई प्रस्ताव नहींः रीजीजू

**नई दिल्ली।** देश में आगामी चुनाव में रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) के इस्तेमाल का कोई प्रस्ताव नहीं है और अनिवासी भारतीय (एनआरआई) मतदाताओं के लिए भी इस तरह की कोई पेशकश नहीं की गई है। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को सूचित किया। विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि निर्वाचन आयोग के अनुसार उसने देश में आगामी चुनाव में आरवीएम को लाने की पेशकश नहीं की है। इस साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहीं 2024 में लोकसभा चुनाव होंगे। मंत्री के मुताबिक आयोग ने बताया है कि एनआरआई मतदाताओं के उपयोग के लिए आरवीएम का प्रस्ताव नहीं रखा गया है।

रीजीजू ने यह भी बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने निर्वाचन आयोग तथा उसकी तकनीकी विशेषज्ञ समिति के मार्गदर्शन में अनेक क्षेत्रों में इस्तेमाल के लिए रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के प्रोटोटाइप को विकसित किया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों को रिमोट वोटिंग के जरिए घरेलू प्रवासियों के अधिक मतदान प्रतिशत पर एक अवधारणा नोटिस भेजा था। आयोग द्वारा साझा की गई जानकारी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि आरवीएम के उपयोग से फर्जी वोट नहीं बढ़ेंगे।

## जिला, निचली अदालतों में 20 साल से अधिक समय से करीब 6.72 लाख मामले लंबित : रीजीजू

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में बताया कि देश की विभिन्न जिला और अधीनस्थ अदालतों में 20 साल से अधिक समय से करीब 6.72 लाख मामले लंबित हैं। उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या 2,94,547 है। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, 27 जनवरी, 2023 को एकीकृत मामला प्रबंधन सूचना प्रणाली से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, उच्चतम न्यायालय में 20 वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या 208 है। एक फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार (25) उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या 2,94,547 और जिला तथा अधीनस्थ अदालतों में लंबित मामलों की संख्या 6,71,543 है जो 20 से अधिक वर्षों से लंबित हैं।

# कंगारूओं को मात देने मझ रही टीम इंडिया

● भारतीय टीम ने दो सत्र में किया अभ्यास, जडेजा ने बहाया पसीना

**भाषा।** नागपुर

**लंबे समय** बाद वापसी करने वाले रविंद्र जडेजा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व शुक्रवार को यहां नेट्स पर जमकर गेंदबाजी करने के साथ बल्लेबाजी का भी पर्याप्त समय दिया।

भारतीय खिलाड़ियों ने ओल्ड सिविल लाइन्स मैदान पर दो अलग-अलग सत्रों में अभ्यास किया। घुटने के आपरेशन के कारण लगभग पांच महीने से बाहर चल रहे जडेजा ने हाल में तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी। उस मैच में उन्होंने सात विकेट लिए थे। जडेजा ने पहले सत्र में पर्याप्त समय तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी का अभ्यास किया। चेतेश्वर पुजारा, जयदेव उनादकट और उमेश यादव को छोड़कर अधिकतर खिलाड़ी सीमित ओवरों के मैच खेलकर आए हैं, ऐसे में राहुल द्रविड़ की अगुवाई वाला टीम प्रबंधन चाहता है कि जामथा के वीसीए स्टेडियम में होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व प्रत्एक खिलाड़ी को अभ्यास का पर्याप्त मौका मिले। पहले बैच ने सुबह ढाई घंटे तक अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जबकि दूसरे बैच ने दोपहर बाद अभ्यास किया। भारतीय टीम के 16 सदस्यों के अलावा चार नेट गेंदबाजों राहुल चाहर (राजस्थान), वाशिंगटन सुंदर, रविश्रीनिवास साई किशोर (दोनों तमिलनाडु) और सौरभ कुमार (उत्तर प्रदेश) ने अभ्यास में हिस्सा लिया।

यह समझा जाता है कि भारत नाथन लियोन, मिशेल स्वैपसन और बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर से निबटने की तैयारी कर रहा है। अभ्यास के लिए उन राज्यों के स्पिनर बुलाए गए हैं जिनकी टीमें रणजी ट्राफी से बाहर हो गई हैं। इन चार स्पिनरों के अलावा चार स्पिनर मुख्य टीम में शामिल हैं। इस तरह से भारतीय टीम आठ स्पिनरों के साथ अभ्यास कर रही है। श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण बाहर हैं और ऐसे में केएल राहुल और शुभमन गिल ने टीम के मुख्य गेंदबाजों और नेट्स पर थ्रोडाउन पर अभ्यास किया।





## श्रृंखला की तैयारी के लिए आस्ट्रेलिया को मिला डुप्लीकेट अश्विन



**बेंगलुरू।** भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी की क्वायद में स्पिनरों की मददगार पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास के लिए आस्ट्रेलियाई टीम 21 वर्ष के स्पिनर महीश पिथिया की सेवाएं ले रही है जिनका एक्शन रविचंद्रन अश्विन से मिलता है। आफ स्पिनर अश्विन को लेकर आस्ट्रेलियाई खेमा काफी चिंतित है। आस्ट्रेलिया ने 2004 के बाद से भारत में टेस्ट श्रृंखला नही जीती है। चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होगी। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार , आस्ट्रेलियाई टीम ने टेस्ट दौरे के पहले अभ्यास सत्र में डुप्लीकेट रविचंद्रन अश्विन की गेंदो का सामना किया है। इसमें कहा गया , स्पिन का सामना करने पर फोकस रहा और स्थानीय नेट गेंदबाजो में पिथिया अलग थे। उन्होंने कोई ब्रेक लिए बिना लगातार गेंदबाजी की और स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ट्रेविस हेड जेसे बल्लेबाजों को परेशान किया। गुजरात के जूनागढ के रहने वाले पिथिया ने 11 वर्ष की उम्र से पहले अश्विन को गेंदबाजी करते नही देखा था क्योंकि उनके पास टीवी नही था। उन्होने पहली बार 2013 मे वेस्टइंडीज के खिलाफ अश्विन की गेंदबाजी देखी और तभी से उन्हें आदर्श मानते हें। दिसंबर मे बड़ौदा के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पिथिया को आस्ट्रेलियाई टीम ने सोशल मीडिया पर उनके फुटेज देखने के बाद यहां बुलवाया। रिपोर्ट में कहा गया , अश्विन से मिलने वाली चुनौती का मुकाबला दुनिया का कोई स्पिनर नही कर सकता लेकिन पिथिया आस्ट्रेलियाई टीम की मदद कर रहे हैं ताकि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को मदद मिल सके।

# भारत के खिलाफ आस्ट्रेलिया को जंपा की कमी खलेगी : श्रीराम

**भाषा।** बेंगलुरू

**आस्ट्रेलिया के** पूर्व सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम भारत के खिलाफ नौ फरवरी से शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए स्पिनर एडम जंपा को आस्ट्रेलियाई टीम में नहीं चुने जाने से निराश हैं। आस्ट्रेलिया ने अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन, एश्टन एगर, लेग स्पिनर मिशेल स्वैपसन और युवा ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को अपनी 18 सदर्स्य टीम में शामिल किया है। आस्ट्रेलियाई टीम से छह साल तक जुड़े रहने वाले श्रीराम ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा, मैं जंपा को यहां (भारत में) गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद करता, क्योंकि उसके पास तेजी है। उसके पास पिच से मदद हासिल करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, यह ऐसी चीज है जिस पर मैं नजर रखता हूं कि कौन सा गेंदबाज पिच की मदद से बल्लेबाज को परेशान करता है। मेरा मानना है कि जंपा इस तरह का गेंदबाज है। भारत की तरफ से आठ वनडे खेलने वाले श्रीराम ने कहा कि जंपा भारत दौरे को लेकर काफी उत्साहित थे और उन्होंने यहां तक कि इस बारे में उनसे बात की थी। उन्होंने कहा, वह किसी अन्य की तुलना में भारत आने को लेकर अधिक उत्साहित था। वह भारत में टेस्ट मैच खेलना चाहता था। उसने



दो महीने पहले दो बार मुझे फोन करके कहा था कि वह टीम में जगह बनाना चाहता है और काफी उत्साहित है। श्रीराम ने कहा, इसके लिए उसने न्यू साउथ वेल्स की तरफ से प्रथम श्रेणी मैच खेलना शुरू कर दिया था। उसने दोनों पारियों में तीन-तीन विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन भी किया था, इसलिए दौरे के लिए नहीं चुने जाने से वह काफी निराश है। श्रीराम ने कहा कि आस्ट्रेलिया की असली परीक्षा लंबी अवधि तक स्पिन को उच्च स्तर पर बनाए रखना होगी। उन्होंने कहा, आप थोड़ी धीमी गेंद या फिर तेज गेंद कर सकते हो लेकिन आपको पिच से मदद हासिल करनी होती है और इसके लिए आपका एक्शन वास्तव में मजबूत होना चाहिए। अश्विन, रविंद्र जडेजा और नाथन लियोन मुश्किल परिस्थितियों में भी लंबे समय तक अपना एक्शन बनाए रखने में सक्षम हैं। एगर और स्वैपसन के लिए ऐसा करना चुनौती होगी।

## खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देने से दुखी बटलर

**लंदन।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देने से अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम नही चुन पाने से वह दुखी है। एलेक्स हेल्स, सैम बिलिंग्स और डेविड विले ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला नही खेलने का फैसला किया है। बटलर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , हम अपनी सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टीम चुनना चाहते है। विश्व कप और आईसीसी के बड़े टूर्नामेंटो मे। कई बार हताशा होती है कि ऐसा कर नही पाते लेकिन मै खिलाड़ियो के फैसले को समझता हूं। इंग्लैंड 2019 विश्व कप के बाद से अब तक खेले गए 33 वनडे मे 37 खिलाड़ियों को चुन चुका है। यह अजीब हालात है। जिस तरह से मैचों का कार्यक्रम है, हमें दोनों पक्षों को समझना होगा। इंग्लैंड का कप्तान होने के नाते मै चाहता हूं कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलें लेकिन फिर खिलाड़ियों के नजरिए से सोचूं तो इंग्लैंड के लिए खेलने और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने से होने वाली कमाई मे काफी अंतर है जो समझना होगा। इंग्लैड ने बांग्लादेश दौरे से पहले दो नए खिलाड़ियों टॉम एबेल और रेहान अहमद को टीम मे चुना है।

## अदिति ने बढ़त कायम रखी, अमनदीप और अवनी ने कट हासिल किया

**विपिंगो (कीनिया)।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने यहां मैजिकल कीनिया लेडीज ओपन के दूसरे दौर मे शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अपनी बढ़त चार से पांच शॉट की कर ली। दो महीने गोल्फ से दूर रही यह स्टार भारतीय गोल्फर इस नए सत्र में खेल रही है। उनके नाम तीन लेडीज यूरोपीय टूर के खिताब है।

## मनु गंडास कट से चूके

**रास अल खेमाह।** भारत के मनु गंडास दूसरे दौर मे इवन पार का स्कोर बनाने के बावजूद रास अल खेमाह गोल्फ चैंपियनशिप मे कट से चूक गए। भारतीय पीजीटीआई टूर 2022 के नंबर एक खिलाड़ी मनु ने डीपी विश्व टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर बनाया था। उन्होने दूसरे दौर मे इवन पार 72 का कार्ड खेला। दूसरे दौर मे उन्होने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी की। वह अब सिंगापुर और थाईलैड मे डीपी विश्व टूर में भाग लेंगे। इस बीच एड्रियन मेरोंक, रासमस होगार्ड और डेविड लॉ ने संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

## राचेल हेन्स डब्ल्यूपीएल टीम की मुख्य कोच नियुक्त

**अहमदाबाद।** आस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज राचेल हेन्स को गौतम अडाणी की स्वामित्व वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की टीम गुजरात जाइंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारत की अंडर-19 टीम को खिताब दिलाने मे अहम भूमिका निभाने वाली नूशीन अल खादिर को गुजरात जाइंट्स का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। अडाणी स्पोर्ट्सलाइन ने गुजरात जाइंट्स को 1289 करोड़ रुपए की मोटी धनराशि मे खरीदा था। उसने पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को पहले ही अपना सलाहकार नियुक्त कर दिया था। सीनियर महिला टीम के पूर्व कोच तुषार अरोठे टीम के बल्लेबाजी कोच जबकि गावन ट्विनिंग क्षेत्ररक्षण कोच होंगे।

## ईस्ट बंगाल ने ब्लास्टर्स को 1-0 से हराया

**कोलकाता।** ब्राजील के स्ट्राइकर क्लिटन सिल्वा के गोल की मदद से ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता मे शुक्रवार को यहां केरल ब्लास्टर्स को 1-0 से हराया। सिल्वा ने 77वें मिनट मे गोल दागा जिससे ईस्ट बंगाल ने केरल ब्लास्टर्स पर अपनी पहली जीत दर्ज की। ईस्ट बंगाल के हाथो पहली बार हार झटका सहने के बावजूद ब्लास्टर्स की टीम अंक तालिका मे तीसरे स्थान पर बनी हुई है। केरल ब्लास्टर्स के 16 मैचो मे नौ जीत, एक ड्रा और छह हार से 28 अंक है। दूसरी तरफ लगातार चार हार के बाद मिली शानदार जीत से ईस्ट बंगाल एफसी के 16 मैचो मे पांच जीत और 11 हार से 15 अंक हो गए है। वह नौवें स्थान पर है।

## ट्राउ ने मोहम्मडन को गोलरहित ड्रा पर रोका

**इंफाल।** मोहम्मडन स्पोर्टिंग और टिडिम रोड एथलेटिक यूनियन (ट्राउ) के बीच आई लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच शुक्रवार को यहां गोलरहित बराबरी पर छूटा। इस तरह से मोहम्मडन स्पोर्टिंग का विरोधी टीम के मैदान पर लचर प्रदर्शन जारी रहा जबकि ट्राउ का अपने घरेलू मैदान खुमान लंपाक स्टेडियम मे विजय अभियान थम गया। आई लीग के पिछले दो मैचो मे 11 गोल हुए थे लेकिन मोहम्मडन और ट्राउ के बीच मैच काफी नीरस रहा। मोहम्मडन की टीम को कई मौके मिले लेकिन वह इसका फायदा नही उठा पाई।

# थाईलैंड ओपन में साईं प्रणीत को मिली हार



● क्वार्टर फाइनल में पराजित

**भाषा।** बैंकॉक

**भारतीय खिलाड़ी** बी साई प्रणीत थाईलैंड ओपन सुपर 300 बैडमिंटन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां चीन के विश्व में 23वें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से हार गए। तोक्यो ओलंपिक में खेलने वाले प्रणीत पहले गेम में एक समय 15-10 से आगे थे लेकिन आखिर में उन्हें 17-21, 23-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। प्रणीत ने पहले गेम में शुरू में पिछड़ने के बाद इंटरवल तक 11-7 से बढ़त बनाई थी। चीनी खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करके लगातार पांच अंक बनाए और फिर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में ली ने एक समय 16-10 से बढ़त बना रखी थी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जज्बा दिखाया और शानदार वापसी करके मैच को निर्णायक गेम तक खींचा। निर्णायक गेम में ली 18-12 की बढ़त हासिल करके जीत के करीब पहुंच गए लेकिन प्रणीत ने हार नहीं मानी और स्कोर 18-19 कर दिया। चीनी खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार दो अंक बनाकर मैच अपने नाम किया।

## बहरीन में एसीसी बैठक में भाग लेंगे बीसीसीआई सचिव शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की आपात बैठक में हिस्सा लेने के लिए बहरीन में हैं। यह बैठक पीसीबी चेयरमैन नजम सेठी के अनुरोध पर बुलाई गई है जिसमें पाकिस्तान के एशिया कप मेजबानी अधिकार के भाग्य पर फैसला होगा। अगर बीसीसीआई के सूत्रों पर भरोसा किया जाए तो सितंबर में पाकिस्तान के एशिया कप की मेजबानी का कोई भी या बिलकुल मौका नहीं है। टूर्नामेंट को या तो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कराए जाने और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेजबानी अधिकार बरकरार रखने की उम्मीद है या फिर श्रीलंका दूसरा विकल्प हो सकता है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, जय इस समय एसीसी बैठक के लिए बहरीन में हैं।

# 2007 टी-20 विश्व कप नायक जोगिंदर ने कहा क्रिकेट को अलविदा

● शर्मा ने क्रिकेट के सभी पारूपों से संन्यास की घोषणा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के पूर्व** मध्यम गति के गेंदबाज जोगिंदर शर्मा ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 2007 विश्व टी20 फाइनल में अंतिम ओवर में टीम को जीत दिलाई थी। जोगिंदर ने 2004 और 2007 के बीच चार वनडे और इतने ही टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और पांच विकेट झटके। घरेलू क्रिकेट में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले जोगिंदर ने ट्विटर पर पोस्ट किए हुए



संदेश में कहा, 2002 से 2017 तक मेरी क्रिकेट यात्रा मेरी जिंदगी के शानदार वर्ष रहे और शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मानजनक रहा। उन्होंने कहा, मेरे सभी साथियों, कोचों, मेंटोर और सहयोगी स्टाफ के साथ खेलना सम्मान की बात रही और मैं आप सभी को मेरा सपना सच करने में मदद के लिए धन्यवाद देता हूं। शुरूआती टी20 विश्व कप फाइनल के अंतिम ओवर में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने उन्हें गेंद सौंपी और कम अनुभवी जोगिंदर ने भारत को जीत दिलाई जो क्रिकेट के इतिहास में सबसे शानदार पल में से एक रहा। यह मैच जोगिंदर के लिए देश के लिए अंतिम मुकाबला रहा। वह इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स में थे जिसके बाद पुलिस सेवा से जुड़ गए और पुलिस उपाधीक्षक पद पर रहे। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, मैं यह घोषणा कर उत्साहित हूं कि मैं विश्व क्रिकेट और इसके व्यावसायकि पहलू में नए मौके तलाश रहा है जिससे मैं इस खेल से जुड़ा रहूंगा जिसे मैं बहुत पसंद करता हूं। वह हाल में पिछले साल सितंबर में लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिखाई दिए थे।

## गावस्कर ने लक्ष्य सेन से कहा, आप मेरे नए हीरो हो

**भाषा।** नई दिल्ली

**लक्ष्य सेन को** अपनी आंखों पर विश्वास ही नहीं हुआ जब महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर उनसे और युवा खिलाड़ियों से मिलने बेंगलुरू में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में पहुंच गए। भारत की 1983 विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के सदस्य 73 वर्षीय गावस्कर गुरूवार को शहर के अपने नियमित दौरे के दौरान अकादमी पहुंचे। पीपीबीए के सह संस्थापक, निदेशक और मुख्य कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा, उनकी बेंगलुरू में एक बैठक थी और उन्होंने अकादमी के युवा उभरते हुए बच्चों से मिलने का फैसला किया। बैडमिंटन और क्रिकेट उनके दो पसंदीदा खेल हैं। वह हमारे साथ यहां करीब एक घंटे

# पहले दिन डेनमार्क से 0-1 से पिछड़ा भारत

● डेविस कप टेनिस

● रूने ने युकी को हराया

**भाषा।** हिलरोड (डेनमार्क)

**भारत के युकी** भांबरी के लिए दुनिया के नंबर नौ खिलाड़ी होल्गर रूने की चुनौती का सामना करना मुश्किल था और शुक्रवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले में डेनमार्क के शीर्ष एकल खिलाड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज कर मेजबान देश को 1-0 से आगे कर दिया।

युकी को रूने को हराने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत थी लेकिन वह शुरूआती एकल मुकाबले में 58 मिनट में 2-6, 2-6 से हार गए। उन्नीस साल के रूने ने प्रत्एक सेट में दो बार युकी की सर्विस तोड़ी। रूने ने सात में से चार ब्रेक प्वाइंट



को अंक में तब्दील किया जबकि भारतीय खिलाड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी को ब्रेक करने का एक भी मौका नहीं मिला। रूने ने बेहतरीन खेल दिखाया जबकि युकी अपनी पहली सर्विस पर जूझते दिखे और एक तरफा मुकाबले में चार बार डबल फॉल्ट कर बैठे जो इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेला गया। युकी एटीपी टूर पर एकल छोड़ चुके हैं। भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल को अपनी टीम को दौड़ में बनाए रखने के लिए दूसरे एकल में ऑगस्ट होल्मग्रेन के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। अगर भारत यह मुकाबला हार जाता है तो वह विश्व ग्रप दो में रेलीगेट हो जाएगा।

## भारतीय महिलाओं ने भूटान को 12-0 से रौंदा

अंडर-20 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप

**भाष।** ढाका

**भारत ने तीन** स्थानापन्न खिलाड़ियों की हैट्रिक की मदद से शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-20 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले मैच में भूटान को 12-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। नेहा (452, 55वें और 90वें), अनीता कुमारी (50वें, 69वें और 78वें) और लिंडा कॉम (61वें, 63वें और 75वें) ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरकर हैट्रिक बनाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई।

# मुक्केबाजी रैंकिंग में भारत का स्थान सुधरा

● तीसरे स्थान पर पहुंचा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत अंतरराष्ट्रीय** मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की ताजा विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय मुक्केबाजों ने 36,300 रैंकिंग अंक जुटाए जिससे देश ने अमेरिका और क्यूबा जैसे शीर्ष मुक्केबाजी पावरहाउस को पीछे छोड़ दिया जो मौजूदा रैंकिंग में क्रमश: चौथे और नौंवे स्थान पर हैं। कजाखस्तान (48,100) शीर्ष रैंकिंग पर काबिज देश है जिसके बाद उज्बेकिस्तान (37,600) दूसरे स्थान पर है। भारतीय मुक्केबाजी ने हाल के वर्षों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की है जिसमें टीमें लगातार वैश्विक टूर्नामेंट जैसे विश्व चैम्पियनशिप, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल रही। पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजों ने 16 पदक जीते। 2008 से शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में उन्होंने 140 पदक हासिल किए। वहीं 2016 से भारतीय मुक्केबाजों ने पुरूष और महिला वर्गों में 16 एलीट विश्व चैम्पियनशिप पदक जीते।



# अंकुर और तनीषा ने स्वर्ण पदक जीते

● खेलो इंडिया युवा खेल

**भाषा।** इंदौर

**पश्चिम बंगाल के** अंकुर भट्टाचार्यजी ने शुक्रवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा के लड़कों के फाइनल में उत्तर प्रदेश के दिव्यांश श्रीवास्तव को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र ने ओवरऑल चैम्पियनशिप जीती जबकि सूरत में अंडर-19 लड़कों का खिताब जीतने वाले अंकुर की बदौलत पश्चिम बंगाल ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि वह उत्तर प्रदेश के साथ बराबरी पर था। अंकुर के स्वर्ण पदक के कारण ज्यूरी ने पश्चिम बंगाल को दूसरा स्थान दिया क्योंकि दिव्यांश का रजत पदक उनसे कम रहा। महाराष्ट्र की तनीषा कोटेचा ने दिल्ली की लक्षिता नारंग को 4-2 से शिकस्त देकर लड़कियों के वर्ग का स्वर्ण पदक जीता।

# झारखंड को हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

● रणजी राउंडअप

**भाषा।** कोलकाता

**बंगाल ने शुक्रवार** को यहां झारखंड को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर लगातार तीसरी बार रणजी ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बंगाल 2019-20 में फाइनल में पहुंचा था। कोविड के कारण रणजी ट्राफी का एक सत्र नहीं होने के बाद वह पिछले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंचा था जहां उसे बाद में चैंपियन बने मध्य प्रदेश ने हराया था। इस बार भी सेमीफाइनल में बंगाल का मुकाबला मध्य प्रदेश से ही होगा। झारखंड ने सुबह अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 162 रन से आगे बढ़ाई। सुप्रियो चक्रवर्ती (41) की अगुवाई में उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने 15 ओवर खेलकर बंगाल का इंतजार बढ़ाया। झारखंड की टीम आखिर में 221 रन पर आउट हो गई। बंगाल को इस तरह से 67 रन का लक्ष्य मिला जो उसने एक विकेट खोकर हासिल कर दिया। उसकी तरफ से अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 28 और सुदीप घरामी ने नाबाद 26 रन बनाए।



## मध्य प्रदेश पांच विकेट की जीत से सेमीफाइनल में, अब भिड़ेगा बंगाल से

**इंदौर।** सलामी बल्लेबाज यश दुबे और रजत पाटीदार के अर्धशतकों के दम पर गत चैम्पियन मध्य प्रदेश ने शुक्रवार को यहां गजब का जुझारूपन दिखाते हुए आंध्र को पांच विकेट से हराकर रणजी ट्राफी सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। मध्य प्रदेश पहली पारी के हिसाब से 151 रन से पिछड़ रहा था और उसने गुरूवार को तीसरे दिन वापसी की तथा आंध्र को दूसरी पारी मे 32.3 ओवर मे महज 93 रन पर समेट दिया। इस तरह मध्य प्रदेश को जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य मिला और उसने गुरूवार को बिना विकेट गंवाए 58 रन बना लिए थे। फिर शुक्रवार को उसने 61 ओवर मे बचे हुए 187 रन बनाकर एक दिन रहते मैच जीत लिया। इस तरह आंध्र के कप्तान हनुमा विहारी की चोटिल कलाई के बावजूद एक हाथ से बल्लेबाजी करने की साहसिक पारी भी टीम के लिए काम नही आ सकी और मध्य प्रदेश ने 77 ओवर मे पांच विकेट पर 245 रन बनाकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई। मध्य प्रदेश का सामना अब आठ फरवरी को बंगाल से होगा जो पिछले चरण के अंतिम चार मैच का दोहराव होगा। मध्य प्रदेश ने कर्नाटक के अलूर मे हुए उस मैच मे 174 रन से जीत हासिल की थी।

## उत्तराखंड को हराकर कर्नाटक अंतिम चार में



**बेंगलुरू।** आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक ने उत्तराखंड को एक पारी और 281 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल मे प्रवेश कर लिया। फॉलोआन के बाद अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 106 रन से आगे खेलते हुए उत्तराखंड के बल्लेबाज 103 रन ही जोड़ सके। पूरी टीम चौथे दिन 73 . 4 ओवर मे 209 रन पर आउट हो गई। उत्तराखंड के लिए स्वप्निल सिंह ने 100 गेंद मे 51 रन बनाए। कर्नाटक के लिए श्रेयस गोपाल ने नाबाद 161 रन बनाए जिससे टीम ने पहली पारी में 606 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उन्होने उत्तराखंड की दूसरी पारी मे 26 रन देकर तीन विकेट भी लिए। गोपाल के अलावा विजयकुमार विशाख ने तीन, वी कावेरप्पा और एम वेंकटेश ने दो दो विकेट लिए। इससे पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली कर्नाटक की टीम ने उत्तराखंड को पहली पारी मे 116 रन पर समेट दिया था। वेंकटेश ने 36 रन देकर पांच विकेट लिए। जवाब मे कर्नाटक के लिए गोपाल के अलावा रविकुमार समर्थ ने 82, कप्तान मयंक अग्रवाल ने 83, देवदत्त पड्डिकल ने 69 और निकिन जोस ने 62 रन बनाए।

## सौराष्ट्र की दूसरी पारी में वापसी, पंजाब लक्ष्य से 200 रन दूर

**राजकोट।** कप्तान अर्पित वसावडा, चिराग जानी, प्रेरक मांकड और पार्थ भुत के अर्धशतकों की मदद से सौराष्ट्र ने शुक्रवार को यहां पंजाब के खिलाफ चौथे दिन रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल में वापसी की। पंजाब से पहली पारी की बढ़त गंवाने वाली सौराष्ट्र ने वापसी करते हुए दूसरी पारी में 379 रन का स्कोर बनाया जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम को जीत के लिए 252 रन का लक्ष्य मिला। वसावडा (77 रन) और जानी (77 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 160 रन की साझेदारी की जिसके बाद मांकड (88 रन) और भुत (51 रन) ने आठवें विकेट के लिए 92 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। पंजाब ने स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 52 रन बना लिए थे ।